**सुविचार**
कभी-कभी समय के फेर से मित्र शत्रु बन जाता है और शत्रु भी मित्र हो जाता है, क्योंकि स्वार्थ बड़ा बलवान है।
वेदव्यास

# Daily THE PHOTON NEWS

सच के हक में...

द फोटोन न्यूज Published from Ranchi

Ranchi ● Tuesday, 16 January 2024 ● Year : 01 ● Issue : 356 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com

E-Paper : epaper.thephotonnews.com





ओटीटी पर गूंजी टाइगर 3 की दहाड़, 14 देशों... 12


**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | : | 73,327.94 |
| निफ्टी | : | 22,097.45 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,975 |
| चांदी | : | 78.03 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### बॉर्डर में आतंकी गतिविधियां बढ़ीं : आर्मी चीफ

**NEW DELHI :** इंडियन आर्मी चीफ जनरल मनोज कुमार पांडे ने जम्मू-कश्मीर में बढ़ रही आतंकी गतिविधियों पर चिंता जताई। आर्मी चीफ ने कहा- पश्चिमी सीमाओं पर स्थिति तो कंट्रोल में है लेकिन पिछले कुछ महीनों में कई इलाकों में आतंकवाद की घटनाएं देखी गईं। पांडे ने आगे कहा- सीमा पार से घुसपैठ के प्रयास हो रहे हैं। हमारी सेना किसी भी चुनौती से निपटने के लिए पूरी से तरह तैयार हैं। भारत ने हाल ही में बाहर से एडवांस हथियार मंगवाए हैं। आर्मी चीफ जनरल मनोज पांडे 76वें सेना दिवस के मौके पर दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। जनरल पांडे ने मणिपुर में मौजूदा स्थिति पर भी बात की। उन्होंने कहा कि सरकार की सक्रियता और भारतीय सेना की कोशिशों से स्थिति को कंट्रोल करने में सफलता मिल रही है। इस संवेदनशील माहौल में हमारे जवानों ने धैर्य से काम लेकर नुकसान को कम करने में अहम भूमिका निभाई है और आगे भी मणिपुर में शांति स्थापित करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

### सचिन तेंदुलकर भी हुए डीपफेक का शिकार

**NEW DELHI :** पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर भी डीपफेक का शिकार हुए हैं। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वे ह्यस्काईवर्ड एविएटर क्वेस्टह्न गेमिंग ऐप को प्रमोट करते नजर आ रहे हैं। खुद सचिन ने सोशल मीडिया पर इस वीडियो को पोस्ट करके लिखा कि ये वीडियो नकली है और आपको धोखा देने के लिए बनाया गया है। टेक्नोलॉजी का इस प्रकार का दुरुपयोग बिल्कुल गलत है। उन्होंने इस मैसेज के साथ भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर और महाराष्ट्र साइबर पुलिस को टैग किया है। इसमें फेक वीडियो में वे ये कहते नजर आते हैं कि उनकी बेटी सारा इस गेम से रोजाना बड़ी मात्रा में पैसा निकालती हैं।

### अमेरिका में 2 भारतीय छात्रों की संदिग्ध मौत

**NEW DELHI :** अमेरिका के कनेक्टिकट में 2 भारतीय छात्रों की रहस्यमयी परिस्थितियों में मौत हो गई। दोनों 16 दिन पहले ही हायर स्टडीज के लिए अमेरिका गए थे। इनमें से एक छात्र गट्टू दिनेश तेलांगना और दूसरा छात्र निकेश आंध्र प्रदेश से था। पुलिस ने दोनों छात्रों के घरवालों को बताया कि उनकी मौत नींद में हुई है। गट्टू दिनेश के अंकल ने टाइम्स ऑफ इंडिया को बताया कि जब दिनेश के दोस्त उससे मिलने के लिए उनके कमरे पर गए तो उन्हें दोनों सोते हुए मिले। जब दोनों जगाए जाने पर भी नहीं उठे तो उन्हें एम्बुलेंस से नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# हेमंत का ईडी को जवाब, कहा- 20 को सीएम आवास आकर दर्ज करें बयान

## आठवें समन का जवाब लेकर ईडी ऑफिस पहुंचा सीएमओ कर्मचारी

**CRIME REPORTER RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ईडी के 8वें समन का जवाब भेजा है। मुख्यमंत्री के जवाब के साथ मुख्यमंत्री सचिवालय से एक कर्मचारी ईडी दफ्तर पहुंचा है। हेमंत सोरेन की ओर से भेजे पत्र में कहा गया है कि 20 जनवरी को सीएम आवास आकर आप बयान दर्ज करा सकते हैं। बता दें कि शनिवार को ईडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को आठवां समन भेजा था। ईडी ने इस पत्र में हेमंत सोरेन से अब तक पूछताछ के लिए नहीं आने का कारण पूछा था। हेमंत सोरेन से इस मामले में जवाब देने के लिए 16 से 20 जनवरी तक का समय दिया गया था। ईडी ने कहा था 16 से 20 जनवरी तक या तो खुद आएं या ईडी को उनके पास आना पड़ेगा। आप सीएम हैं, इसका मतलब यह नहीं कि आप कानून से ऊपर हैं। ईडी द्वारा भेजा गया समन कानून सम्मत है।

### ईडी ने कहा था- 16-20 जनवरी तक आप खुद आएं, या हमें बुलाएं

- जमीन घोटाला मामले में पूछताछ करना चाहती है एजेंसी
- भानु प्रताप प्रसाद के घर छापेमारी में कई अहम दस्तावेज मिले थे
- सातवें समन पर सीएम ने जवाब भेज समन को बताया था गैरकानूनी



### सीएम ने मीडिया ट्रायल का लगाया था आरोप

सातवें समन के विरोध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ईडी को पत्र भेजा था। उन्होंने समन को गैरकानूनी बताया था। उन्होंने ईडी पर मीडिया ट्रायल कराने का आरोप लगाया था। उनका कहना था कि उन्हें समन मिलने से पहले मीडिया में समन की बातें चली जाती हैं। ऐसा उनकी छवि को धूमिल करने व सरकार को अस्थिर करने के लिए किया जा रहा है।

## अवैध खनन मामला : समन के बावजूद ईडी कार्यालय नहीं पहुंचे आर्किटेक्ट विनोद सिंह, एजेंसी को करनी थी पूछताछ

**CRIME REPORTER RANCHI :** साहिबगंज में हुए अवैध खनन मामले में ग्रीड कंसल्टेंट के आर्किटेक्ट विनोद सिंह से सोमवार को ईडी ऑफिस में पूछताछ होनी थी। 11 बजे ही उन्हें ईडी ऑफिस पहुंचना था, लेकिन अबतक नहीं पहुंचे हैं। उनकी ओर से कोई सूचना भी ईडी को नहीं भेजी गई है। वहीं इसी मामले में सीएम के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद पिंटू से मंगलवार को पूछताछ की जाएगी। इससे पहले ईडी ने बीते 11 जनवरी को साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव को पूछताछ के लिए बुलाया था, हालांकि वे भी ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे।

- तीन जनवरी को एक साथ 12 ठिकानों पर ईडी ने की थी छापेमारी
- आपत्तिजनक डिजिटल उपकरण, दस्तावेज, व नकदी हुए थे बरामद




### सीएम के प्रेस सलाहकार से आज होनी है पूछताछ

सीएम के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद पिंटू से मंगलवार को पूछताछ होगी। इससे पहले भी पिंटू से ईडी पूछताछ कर चुकी है। ईडी ने उन्हें दो साल पहले 3 अगस्त 2022 को पूछताछ की थी।

## बिहार में मामूली विवाद में दुकानदार की हत्या, गुस्साए लोग

# मॉब लिंचिंग : पलामू के तीन युवकों को भीड़ ने मार डाला

**AGENCY AURANGABAD :** बिहार के औरंगाबाद में मॉब लिंचिंग का मामला सामने आया है। जहां, सोमवार शाम तीन लोगों की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। जबकि, दो की हालत गंभीर है। कार सवार युवकों ने दुकान के सामने गाड़ी खड़ी कर दी थी। मना करने पर इनमें से एक ने दुकानदार पर गोली चला दी। गोली दुकान में बैठे व्यक्ति को लगी, जिससे उसकी मौत हो गई। फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और कार सवार पांचों लोगों को बाहर खींचकर पीटना शुरू कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर किया, लेकिन तब तक दो युवकों की मौत हो चुकी थी, जबकि तीन को गंभीर हालत में अस्पताल में ले जाया गया, जहां एक ने दम तोड़ दिया। मृतक तीनों युवक पलामू के हैदरनगर के रहने वाले थे। मामला जिले के नबीनगर थाना क्षेत्र के तेतरिया मोड़ का है।

- दुकान के सामने कार खड़ी करने को लेकर शुरू हुआ था विवाद
- दुकानदार की मौत के बाद भड़के लोग, पांच युवकों को जमकर पीटा
- पुलिस ने भीड़ को किया तितर-बितर लेकिन तबतक युवकों की हो गई मौत



### पलामू के रहने वाले थे युवक

मिली जानकारी के अनुसार तेतरिया मोड़ पर जाम लगा हुआ था। इसी दौरान एक दुकान के आगे कार खड़ी करने को लेकर दुकानदार एवं कार में बैठे लोगों के बीच बहस शुरू हो गई। बहस इतनी बढ़ गई की इस दौरान कार में बैठे एक व्यक्ति ने अपनी पिस्टल निकाल ली और दुकानदार पर गोली चला दी। कार सवारों की फायरिंग में दुकान में बैठे महुअरी गांव के रामशरण चौहान की मौत हो गई। रामशरण चौहान दुकानदार के बगल में बैठे थे। सभी कार सवार झारखंड के पलामू जिले के हैदरनगर निवासी थे। इनमें से मोहम्मद अंजार, मोहम्मद अरमान और मोहम्मद मुजाहिर की मौत हो गई, जबकि मोहम्मद वकील और अजित शर्मा की हालत गंभीर बनी हुई है।

### शेरशाह सूरी का मकबरा घूमने जा रहे थे युवक

बताया जा रहा है कि ये लोग कार से बिहार के सासाराम में शेरशाह सूरी का मकबरा घूमने जा रहे थे। युवकों ने तेतरिया मोड़ के पास मछली दुकान के पास अपनी गाड़ी खड़ी कर दी। वहीं, दुकानदार से उनकी बक-झक हो गई। बात मारपीट तक आ गई और नतीजा यह हुआ कि ग्रामीणों ने बुरी तरह से इन्हें पीटना शुरू कर दिया। दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दो लोगों को अस्पताल ले जाया जा रहा था। रास्ते में एक ने दम तोड़ दिया। घटना सोमवार दोपहर 3:45 बजे हुई। ग्रामीणों के हमले में कार भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। एसडीपीओ मोहम्मद अमानुल्लाह खान ने बताया कि हालात अभी काबू में है। औरंगाबाद एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम ने कहा- पुलिस कार्रवाई कर रही है। मरने वालों के रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे हैं।

### झारखंड की आदिम जनजाति महिला से पीएम ने की बात

**GUMLA :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को गुमला जिले के बिशुनपुर प्रखंड के टुटवापानी गांव की विलुप्तप्राय आदिम जनजाति की शशिकिरण बृजिया से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधी बात की। पीएम जनमन महाअभियान के तहत प्रधानमंत्री ने आदिम जनजातियों की स्थिति व केंद्र सरकार की योजनाएं पठारी क्षेत्रों में पहुंचने की जानकारी लेने के लिए आदिम जनजाति महिला से बातचीत की। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस बार जनजाति समुदाय के लोग दीपावली पक्के घर में मनाएंगे। शशिकिरण बृजिया ने पीएम को बताया कि पहाड़ी क्षेत्रों में अब सरकार की योजनाएं पहुंचने लगी हैं। सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। शशिकिरण की बात सुनने के बाद नरेंद्र मोदी ने कहा कि सरकार पूरी ताकत लगा रही है कि हमारे अति पिछड़ी जनजाति भाई-बहनों तक सरकार की हर योजना पहुंचे। कोई भी अति पिछड़ा भाई-बहन अब सरकार की योजना के लाभ से नहीं छूटेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बातचीत के दौरान कहा कि मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि मोदी की गारंटी का मतलब गारंटी पूरे होने की गारंटी है। इस वर्ष दीपावली पर्व सभी जनजाति पक्के घर में मनाएंगे।

## पीएम ने एक लाख परिवारों को दिया ढाई-ढाई लाख रुपये

### कहा- कोई योजनाओं से वंचित नहीं होगा






**AGENCY NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को पीएम जनमन योजना के लाभार्थियों से संवाद किया। इस दौरान उत्तराखंड की बोक्सा, छत्तीसगढ़ की कमार-कोरवा, मध्य प्रदेश की बैगा-भील और राजस्थान की सहारिया जनजाति के लोग संवाद से जुड़े। इस दौरान अतिपिछड़े जनजातीय समूह (पीवीटीजी) के एक लाख लाभार्थी परिवारों को पक्के घरों के लिए 540 करोड़ रुपए फंड की पहली किस्त भी जारी की गई। यानी सरकार ने एक-एक घर के लिए ढाई लाख रुपए ट्रांसफर किए। संवाद के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि हमारी कोशिश है कि कोई भी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहे। क्योंकि देश तभी विकसित हो सकता है जब सरकारी योजनाओं का लाभ सभी तक पहुंचे।

**संवाद की बड़ी बातें**

- सरकार की योजनाएं सबसे पिछड़े आदिवासी भाई-बहनों तक पहुंचे, यही पीएम जनमन महाअभियान का उद्देश्य है। सरकार की हर योजना उन तक पहुंचे, इसके लिए सरकार पूरी ताकत लगा रही है।
- मेरी सरकार के 10 साल गरीबों को समर्पित रहे हैं, क्योंकि देश तभी विकसित हो सकता है जब सरकारी योजनाओं का लाभ सभी तक पहुंचे।
- आपको अपना घर बनाने के लिए किसी को भी एक भी रुपया नहीं देना। अगर कोई आपसे पैसा मांगे तो बिलकुल मत देना। ये आपका पैसा है।

## पलामू-चतरा की सीमा पर उग्रवादियों से एनकाउंटर

### पुलिस को भारी पड़ता देख भागे उग्रवादी

**PHOTON NEWS CHATRA :** झारखंड के पलामू-चतरा सीमावर्ती इलाके में टीएसपीसी उग्रवादियों की मकर संक्रांति के दिन मुठभेड़ हो गई। चतरा जिले के कुंदा थाना क्षेत्र के जंगल में हुई मुठभेड़ में दोनों ओर से आधे घंटे तक जमकर फायरिंग हुई। पुलिस को भारी पड़ता देख उग्रवादी फायरिंग करते हुए जंगल में भाग गए। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने इलाके को सील करके सर्च ऑपरेशन लांच कर दिया है।



पुलिस सूत्रों ने बताया है कि सुरक्षा बलों को कोई नुकसान नहीं हुआ है। किसी के हताहत होने की भी सूचना अभी तक नहीं है। बताया जा रहा है कि उग्रवादियों के पास कई सामान थे, जिसमें से कुछ वे अपने साथ लेकर चले गए, जबकि कुछ सामान छोड़कर उन्हें भागना पड़ा।

### इंडिगो की फ्लाइट में पैसेंजर ने पायलट को मारा थप्पड़

**NEW DELHI :** दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रविवार को इंडिगो की फ्लाइट में एक पैसेंजर ने पायलट को थप्पड़ मार दिया। पैसेंजर उड़ान में 13 घंटे से हो रही देरी से नाराज था। घटना दिल्ली से गोवा जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट (6ई-2175) की है। इसे सुबह 7.40 बजे उड़ान भरनी थी, जो कोहरे के कारण लेट हुई। घटना का एक वीडियो सामने आया है। इसमें पीले रंग की हुडी पहने पैसेंजर सीट से उठकर पायलट के पास गया और थप्पड़ मारने के बाद कहा- चलाना है तो चला नहीं तो खोल गेट। पैसेंजर की हरकत पर एयर होस्टेस ने कहा- सर, ये गलत है।

## कानूनी सलाह लेने पहुंची रेप पीड़िता से दुष्कर्म

### वकील के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी, महिला को ऑफिस बुलाकर तीन बार किया दुष्कर्म

**AGENCY KOCHI :** केरल पुलिस ने 14 जनवरी को हाईकोर्ट के सीनियर वकील पीजी मनु के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया। पीजी मुन रेप विक्टिम के साथ बलात्कार करने के बाद फरार है। हाईकोर्ट ने मनु को सरेंडर करने के लिए 10 दिन की मोहलत दी थी। मामला अक्टूबर 2023 का है। जब 25 साल की एक रेप विक्टिम 2018 में हुई घटना के सिलसिले में कानूनी सलाह लेने के लिए मनु के पास गई थी। इसके बाद मनु ने महिला का तीन बार रेप किया और अश्लील तस्वीरें भी खींची। लुकआउट नोटिस जारी होने के बाद आरोपी देश के बाहर भाग नहीं सकेगा। एयरपोर्ट या सी-पोर्ट पर उसे देखते ही गिरफ्तार कर लिया जाता है।




### माता-पिता बाहर इंतजार करते रहे वकील अंदर करता रहा हैवानियत

शिकायतकर्ता महिला के अनुसार, आरोपी ने पहली बार 9 अक्टूबर को महिला का रेप करने की कोशिश की जब वह अपने माता-पिता के साथ उसके कदवंथरा ऑफिस गई थी। मनु ने महिला के माता-पिता को बाहर इंतजार करने के लिए कहा और पीड़िता के साथ मामले पर चर्चा करने के बहाने दरवाजा बंद कर दिया और कमरे के अंदर उसका रेप किया। महिला के मुताबिक, जब उसने वकील की इस हरकत का विरोध किया तो 2018 के मामले को पलट देने और पीड़िता के बजाय उसको आरोपी बनाने की धमकी दी। वकील ने महिला को 11 अक्टूबर को दोबारा बुलाया और फिर से उसका बलात्कार किया। महिला ने कहा कि वह वॉट्सऐप कॉल और चैट के जरिए अश्लील बातें करता था। 24 नवंबर को पीड़ित के घर पर जब कोई नहीं था, तो वकील उसके घर में जबरन घुस गया उसके साथ तीसरी बार रेप किया। एनार्कुलम ग्रामीण एसपी को दी गई शिकायत में महिला ने यह भी कहा कि रेप के अलावा आरोपी ने उसकी अश्लील तस्वीरें भी खींची थीं। पुलिस ने आईपीसी की धारा 376 के तहत यौन उत्पीड़न के अलावा आईटी एक्ट के तहत भी मामला दर्ज किया है।

## कार्यक्रम की पूरी जानकारी सामने आई, 22 जनवरी को 12:20 से 1 बजे तक रामलला की प्राण प्रतिष्ठा

# अरुण योगीराज की बनाई मूर्ति गर्भगृह में होगी स्थापित

**AGENCY AYODHYA :** अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाली रामलला की प्राण प्रतिष्ठा और उससे पहले के सभी कार्यक्रम की पूरी जानकारी सामने आ गई है। 22 जनवरी को दोपहर 12.20 से 1 बजे तक प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होगा। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास अपने विचार रखेंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने अयोध्या में मंदिर निर्माण कार्यशाला में सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस करके यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त काशी के प्रकांड विद्वान गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ ने तय किया है। प्राण प्रतिष्ठा का कर्मकांड वाराणसी के महंत लक्ष्मीकांत दीक्षित करेंगे। चंपत राय ने बताया कि गर्भगृह में स्थापित होने वाली रामलला की प्रतिमा का वजन 150 से 200 किलो है। कर्नाटक के मूर्तिकार अरुण योगीराज की बनाई गई प्रतिमा गर्भगृह में स्थापित होगी। रामलला की खड़ी प्रतिमा स्थापित होगी। 18 जनवरी को प्रतिमा गर्भगृह में अपने आसन पर खड़ी कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियों के चलते 20 और 21 जनवरी को रामलला के दर्शन बंद किए गए हैं। प्राण प्रतिष्ठा की पूजन विधि कल 16 जनवरी से शुरू हो जाएगी, जो 21 तक चलेगी।



लाइटिंग में कुछ इस तरह राम मंदिर की भव्यता दिखाई दे रही है।

### रात में सोने की तरह चमकेगा राम मंदिर

राम मंदिर के ग्राउंड फ्लोर पर सोने के सभी 14 दरवाजे लग चुके हैं। गर्भगृह में सिर्फ 1 दरवाजा लगाया गया है। जो 12 फीट ऊंचा और 10 फीट चौड़ा है। राम मंदिर में कुल 46 दरवाजे लगेंगे। इनमें से 42 पर 100 किलो सोने की परत चढ़ाई जाएगी। सीढ़ियों के पास 4 दरवाजे लगेंगे। इन पर सोने की परत नहीं होगी। इन दरवाजों को महाराष्ट्र की सागौन की लकड़ी से बनाया गया है। इन पर हैदराबाद के कारीगरों ने नक्काशी का काम किया है। इसके बाद इन पर तांबे की परत लगाई गई। फिर सोने की परत चढ़ाई जा रही है। रामलला का सिंहासन भी सोने का बनाया जाना है। यह काम भी 15 जनवरी तक पूरा कर लिया जाएगा। मंदिर का शिखर भी सोने का होगा, लेकिन इस काम को बाद में किया जाएगा। भारत की सभी मुख्य नदियों का जल अयोध्या आ चुका है। सभी जलों से रामलला का अभिषेक होगा। इसके अलावा नेपाल में राम जी की ससुराल, उनके ननिहाल छत्तीसगढ़ से उपहार आए हैं। जोधपुर से बैलगाड़ी पर घी आया है। भारत में जितने प्रकार के वाद्य यंत्र हैं उत्तर प्रदेश की बांसुरी, ढोलक, छत्तीसगढ़ का तंबूरा, बिहार का पखावज, दिल्ली की शहनाई, राजस्थान का रावण हत्था, बंगाल का श्री खोल जैसे वाद्य यंत्र पूजा के दौरान बजाए जाएंगे।

### चुनावी दौर में पीएम को याद आ रहे आदिवासी

**NEW DELHI :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को लोकसभा चुनाव के ठीक पहले आदिवासियों की याद आई है। इनके विकास के लिए बीते 10 वर्षों में केन्द्र सरकार ने कोई काम नहीं किया है। खड़गे ने सोमवार को एक्स पर लिखा वर्ष 2013 के मुकाबले आदिवासियों के खिलाफ अपराधों में 48.15 फीसदी की वृद्धि हुई है। मोदी सरकार वन अधिकार कानून-2006 को लागू करने में विफल रही है। इस सरकार ने आदिवासियों के हित में खर्च होने वाली धनराशि में भी कटौती की है। खड़गे ने कहा कि मोदी सरकार पुरानी विफल हुई योजनाओं का नाम बदलकर, चुनावी मौसम में आदिवासी समाज को ठगने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि जल-जंगल-जमीन और आदिवासी सभ्यता का संरक्षण हमारा कर्तव्य है और कांग्रेस पार्टी देश के आदिवासी समाज के अधिकारों के लिए लड़ती रहेगी।

## थोक महंगाई नौ महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंचा

### खाने-पीने के सामानों के दाम बढ़ना वजह

**AGENCY NEW DELHI :** भारत की थोक महंगाई दिसंबर में बढ़कर 0.73% पर पहुंच गई है। यह महंगाई का 9 महीने का उच्चतम स्तर है। मार्च में महंगाई 1.34% रही थी। वहीं नवंबर में यह 0.26% और अक्टूबर में -0.52% रही थी। खाने-पीने के सामान की कीमतें बढ़ने से महंगाई बढ़ी है। इससे पहले 12 जनवरी को सरकार ने रिटेल महंगाई के आंकड़े जारी किए थे। इसके अनुसार भारत की रिटेल महंगाई दिसंबर में बढ़कर 5.69% पर पहुंच गई। यह महंगाई का 4 महीने का उच्चतम स्तर है।



**दिसंबर में खाद्य महंगाई दर बढ़ी**

- खाद्य महंगाई दर नवंबर के मुकाबले 4.69% से बढ़कर 5.39% रही है।
- रोजाना जरूरत के सामानों की महंगाई दर 4.76% से 5.78% बढ़कर रही है।
- ईंधन और बिजली की थोक महंगाई दर -4.61 से बढ़कर -2.41 रही है।
- मेन्युफैक्चर्ड प्रोडक्ट्स की महंगाई दर -0.64% से घटकर -0.79% रही है।

## BRIEF NEWS

### कुएं से महिला का शव बरामद, हत्या का मामला दर्ज

**KODERMA :** जिले के मरकच्चो थाना क्षेत्र के ग्राम बरोटांड में कुएं से सोमवार को एक महिला का शव बरामद किया गया। शव की पहचान बरोटांड निवासी फुलकुमारी देवी (21) पत्नी संजय यादव के रूप में की गई है। मृतका के पिता दशरथ यादव ने मरकच्चो थाना में आवेदन देकर दहेज को लेकर प्रताड़ित कर उसकी बेटी की हत्या करने का आरोप लगाया है। आवेदन में दशरथ यादव ने कहा है कि उनकी पुत्री फुलकुमारी देवी की शादी पिछले साल 10 मई को बरोटांड निवासी द्वारिका यादव के पुत्र संजय यादव के साथ हुई थी। शादी के बाद से पति व ससुराल वालों के द्वारा 5 लाख नकद व सोने का चैन की मांग करते हुए उसे प्रताड़ित किया जा रहा था। दर्ज प्राथमिकी में मृतका के पति संजय यादव, देवर संदीप यादव, सास चन्द्रिका देवी, ससुर द्वारिका यादव को नामजद अभियुक्त बनाया है।

### पीआरसी की आउटरिच टीम भूतपूर्व सैनिकों से मिलने के लिए हुई रवाना

**RAMGARH :** पंजाब रेजिमेंटल सेंटर रामगढ़ की एक आउटरिच टीम भूतपूर्व सैनिकों से मिलने के लिए रवाना हुई है। सोमवार को ब्रिगेडियर संजय चंद्र कांडपाल, कमांडेंट पंजाब रेजिमेंटल सेंटर द्वारा फ्लैग ऑफ कर-के इस टीम को रवाना किया गया है। यह टीम जम्मू कश्मीर के चार जिले पूंछ, राजौरी, सांबा व कठुआ, हिमाचल प्रदेश के पांच जिले कालका, सोलन, सिरमौर, शिमला व किन्नौर और पंजाब के तीन जिले संगरूर, कपूरथला और पटियाला में 18 जनवरी से 25 जनवरी तक भूतपूर्व सैनिकों से बातचीत करेगी। यह कार्यक्रम भूतपूर्व सैनिकों तक पहुंच बनाने, उनकी समस्याओं के समाधान के साथ-साथ पूर्व सैनिकों को सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाली पेंशन और सुविधाओं से संबंधित नवीनतम एवं मूल्यवान जानकारी साझा करने के लिए आयोजित की जा रही है।

### मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने किया चूड़ा दही कार्यक्रम का आयोजन

**KODERMA :** केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री सह कोडरमा की सांसद अन्नपूर्णा देवी और जिला परिषद की पूर्व अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने सोमवार को अलगञअलग जगहों पर चूड़ा दही कार्यक्रम का आयोजन किया। मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने अपने आवास पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि देश फिलहाल उत्साह और उल्लास में डूबा हुआ है, राम मय हो गया है। पूरे देश में प्रभु श्रीराम के अपनी जन्मभूमि अयोध्या धाम में पुनरागमन की तैयारियां चल रही है।

### कलश यात्रा निकाल बांटे पूजित अक्षत और पत्रक

**GODDA :** जिले के महागामा प्रखंड अंतर्गत धर्मोड़ीह पंचायत के शुक्लाचक गांव से देवघर विभाग सेवा प्रमुख निरंजन कुमार एवं राष्ट्र सेविका समिति के जिला कार्यवाहिका नीलम कुमारी के नेतृत्व में सोमवार को कलश का शोभा यात्रा निकाला गया। पंचायत के सभी गांवों में कलश का वितरण किया गया, जहां से सभी घरों में अयोध्या से पूजित अक्षत एवं राम मंदिर का चित्र और पत्रक घर-घर में वितरण किया जाएगा। कलश शोभायात्रा में 200 महिला बच्चियों एवं पुरुष ने राम धुन के साथ भ्रमण किया। कार्यक्रम में मुख्य भूमिका शुक्लाचक के शिकारी सिंह, पंचायत प्रमुख जितेंद्र राय, सहप्रमुख राजेश राय, नवल रजक सहित ग्रामीणों में पंकज, डॉक्टर संजय कुमार, रंजीत रजक, बनारसी राय आदि ने बढ़ चढ़कर के भाग लिया।

# पुलिस ने किया साइबर गिरोह का खुलासा, 16 ठग गिरफ्तार

## अपराध से जुड़े दस्तावेजों के अलावा 100 व 200 के नकली नोट बरामद

**PHOTON NEWS BOKARO :** पुलिस ने साइबर क्राइम की रोकथाम को लेकर बड़ी करवाई की है। बारी-कॉपरेटिव और मनमोहन कॉपरेटिव के आवासों में छापा मार कर कुल 16 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित आवास को किराये पर लेकर साइबर फ्रॉड करते थे। पकड़े गए सभी लोग बिहार के नालंदा, नवादा, जमुई, शेखपुरा सहित अन्य जिलों के रहने हैं। इनमें अधिकतर 18 से 30 वर्ष के युवक हैं। साइबर अपराध से जुड़े दस्तावेजों के अलावा आरोपितों के पास से 100 और 200 के नकली नोट भी बरामद हुए हैं।

डीएसपी सिटी कुलदीप कुमार ने प्रेसवार्ता में बताया कि कई दिनों से सूचना मिल रही थी कि बारी कॉपरेटिव के आसपास किराये के घरों में रहकर कुछ बाहरी लोगों के द्वारा साइबर अपराध जैसी घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। सूचना के बाद रविवार को पुलिस टीम का गठन कर छापेमारी की गई। जिसमें बारी कॉपरेटिव प्लॉट संख्या 119 से कुल 05 लोग तथा मनमोहन कॉपरेटिव कॉलोनी स्थित प्लॉट नं.-647 से कुल 11 लोग पकड़े गए। इन लोगों के पास साइबर अपराध से संबंधित कई दस्तावेज एवं मोबाइल फोन, नकली नोट, पैम्फलेट, ऑफर लेटर इत्यादि कई समान को बरामद किया गया है।



मीडिया को जानकारी देते डीएसपी सिटी कुलदीप कुमार। • फोटोन न्यूज

पूछताछ में इन सभी के द्वारा बताया गया कि ये लोग प्रधानमंत्री मुद्रा लोन दिलाने के नाम पर फेसबुक एवं इंस्टाग्राम पर अपना ऐड पोस्ट करते हैं तथा जो लोग इस प्रलोभन में आ जाते हैं, उनसे प्रोसेसिंग फीस के नाम पर मोटी रकम की ठगी करते हैं। साथ ही साथ ऑनलाइन खरीददारी करने वाले लोगों का डाटा प्राप्त कर ये लोग उन्हें लॉटरी जीतने का झांसा देते हुए उनके पते पर कुरियर के माध्यम से विनर लेटर एवं कूपन भेजते हैं, जिसमें अंकित हेल्पलाइन नंबर एवं कूपन में स्क्रैच करने पर बार कोड अंकित मिलता है। तब कस्टमर हेल्पलाइन नं. पर संपर्क करते हैं, जो इनके पास लग जाता है, तथा इनाम की राशि/वाहन के मुताबिक उनसे प्रोसेसिंग फीस और जीएसटी के नाम पर मोटी रकम ठग ली जाती है।

डीएसपी ने बताया कि इन सभी लोगों के द्वारा बताया गया है कि इनका सरगना सुमित नाम का व्यक्ति है, जो पटना में निवास करता है। उसी के दिशा-निर्देश में ये सारा काम करते हैं। पकड़े गए आरोपितों ने कूरियर कंपनी का स्टाफ बता कर मकान किराये पर लिए थे। पुलिस आगे की जांच कर रही है।

# सौतेली मां ने की गला घोंटकर बेटी की हत्या, पिता ने शव को फंदे से लटकाया

## माता-पिता दोनों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**PHOTON NEWS RAMGARH :** जिले के भदानीनगर ओपी क्षेत्र के चिकोर गांव में पैसों की लालच में एक सौतेली मां ने अपनी बेटी का गला घोंट दिया। हत्या करने के बाद इस वारदात को आत्महत्या करार देने के लिए पिता ने बेटी की लाश को फांसी के फंदे से लटका दिया। लेकिन जब जांच में यह स्पष्ट हो गया कि युवती को गला घोंट कर मर गया है, तब माता और पिता दोनों गिरफ्तार कर लिए गए।

इस पूरे मामले की पुष्टि करते हुए पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र चौधरी ने बताया कि चिकोर गांव में सुनील महतो और उसकी पत्नी ने 11वीं क्लास की छात्रा खुशी कुमारी की हत्या कर दी थी। उसने पुलिस को यह सूचना दी कि उनकी बेटी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मौके पर पहुंची पुलिस ने



हत्या गे बाद लगी ग्रामीणों की भीड़। • फोटोन न्यूज

शव को कब्जे में लिया और उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। चिकित्सकों ने इसे तत्काल स्पष्ट कर दिया कि यह आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या है। इसके बाद पुलिस ने सुनील महतो और उनकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है।

भदानी नगर ओपी प्रभारी धनंजय कुमार ने बताया कि खुशी कुमारी के नाम पर 10 लाख की एफडी रखी गई थी। इसी पैसे की लालच में सौतेली मां ने हत्या की साजिश रची। उस साजिश में पिता सुनील ने भी उसका साथ दिया था। इस मामले में मृतिका खुशी कुमारी के भाई साहिल ने पुलिस को समक्ष अपना बयान दिया है।

इस हत्या के विरोध में पूरे गांव वाले ने थाने का घेराव किया है। गांव वाले खुशी के लिए इंसाफ मांग रहे हैं। साथ ही सौतेली मां को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की।

# मकर संक्रांति पर उत्थान विकास ट्रस्ट ने 100 जरूरतमंद लोगों के बीच बांटा कंबल

**PHOTON NEWS RANCHI :** ठंड को देखते हुए मकर संक्रांति के अवसर पर उत्थान विकास ट्रस्ट की अध्यक्ष रीता देवी के नेतृत्व में 100 बुजुर्ग ,वृद्ध व जरूरतमंद लोगों को कंबल दिया गया। विशिष्ट अतिथि युवा कांग्रेस महासचिव सह रांची विधानसभा प्रभारी रोहित सिन्हा द्वारा महिलाओं को अगरबत्ती बनाने की ट्रेंनिंग सर्टिफिकेट, सिलाई कोर्स पूरी होने पर सर्टिफिकेट का वितरण किया गया। उत्थान विकास ट्रस्ट की अध्यक्ष रीता देवी ने बताया कि हमारी संस्था गरीब लड़कियों की शादी भी करवा रही है। संस्था में 300 महिलाओं का योगदान है जो लोहरदगा, नगड़ी, रातू रोड, झिरी, पिस्का मोड़, बिजूपाड़ा, लालगुटवा, कटहल मोर,



किशोरगंज, अरगोड़ा आदि स्थानों पर बच्चों को निशुल्क पढ़ा रही है। संस्था से जुड़े लोग हमेशा जरूरतमंद व असहाय लोगों की सेवा में तत्पर रहते हैं। ठंड के बढ़ते मौसम में गरीब व असहाय की परेशानी को देखते हुए समय पर संस्था द्वारा लगातार मदद पहुंचाई जा रही है जो काफी सराहनीय कार्य है। कड़ाके की ठंड में असहायों की सेवा ही मानवता की सेवा है। अध्यक्ष रीता देवी ने कहा कि सोसायटी हमेशा लोगों की समस्याओं को दूर करने का हर संभव प्रयास करता है। मानव सेवा करना परमधर्म है।

ट्रस्ट हमेशा हर गरीब जरूरतमंद महिलाओं के लिए हमेशा सहयोग और साथ देने के लिए तैयार है और लगातार मदद करते आ रही है। रीता देवी ने कहा कि 22 जनवरी को भव्य रामलला के उत्सव को लेकर जुलूस निकाला जाएगा। जिसको राम मंदिर से पहाड़ी मंदिर तक ले जाया जाएगा। इस जुलूस में लगभग 2000 महिलाएं शामिल होंगी। महाभंडारा का आयोजन किया जा रहा है। मौके पर अध्यक्ष रीता देवी, युवा कांग्रेस महासचिव रोहित सिन्हा, चंदन कुमार, अफरोज आलम, ललिता मिश्रा, राजा मिश्रा, शारदा देवी, सुनीता सिंह, ममता मिश्रा आदि महिलाएं मौजूद रहीं।

# प्रतिबंधित नशीली दवा बेचते मांमा-भांजा गिरफ्तार

**PHOTON NEWS PALAMU :** प्रतिबंधित नशीली दवा कोरेक्स की खरीद बिक्री करने के आरोप में जिले के तरहसी के बेदानी चौक से मामा-भांजे को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से 90 बॉटल प्रतिबंधित कोरेक्स दवा बरामद की गयी है। प्रत्येक बॉटल में 100 एमएल दवा भरी हुई पाई गई है। दोनों को सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उनकी पहचान मटपुरही के 29 वर्षीय अमित कुमार पांडे (मामा) पिता अंजनी पांडे एवं 20 वर्षीय चिलहो के नितेश पांडे (भांजा) के रूप में हुई है। दोनों बेदानी चौक पर गुमटीनुमा दुकान में नशीली दवा की खरीद बिक्री करते थे।



गिरफ्तार मामा-भांजा। • फोटोन न्यूज

तरहसी थाना के पुलिस अवर निरीक्षक सुमित कुमार दास 13 जनवरी को दिवा गस्ती में निकले थे। बेदानी चौक के पास पहुंचने पर गुप्त सूचना मिली कि बगही में पेट्रोलपंप के पास स्थित एक गुमटी में नशा करने वाला प्रतिबंधित कोरेक्स दवा रखकर बिक्री की जा रही है। सूचना के आलोक में तरहसी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा पदाधिकारी डा. नदीम सिद्दीकी के साथ कार्रवाई की गयी और गुमटी से 90 बॉटल कोरेक्स दवा बरामद करते हुए दोनों मामा-भांजे को गिरफ्तार किया गया।

उन्होंने पूछताछ के दौरान बताया कि एक वर्ष पूर्व बिहार के गया से एक व्यक्ति पेट्रोल पंप पर तेल भरवाने के लिए आया था। उसने अधिक मुनाफा कमाने का लालच देकर कोरेक्स दवा बेचने के लिए कहा था। उसके द्वारा लगातार दवा लाकर बेचने के लिए दिया जाता था। प्रत्येक दिन 8 से 10 बॉटल दवा बेच दी जाती थी।

# नवनिर्मित श्री श्री महावीर मंदिर मुख्य अखाड़ा का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 21 से



**PHOTON NEWS RANCHI :** कांके में नवनिर्मित श्री श्री महावीर मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 21, 22 और 23 जनवरी को होगा। यह मंदिर मुख्य अखाड़ा, जोड़ा पुल, आईआईसीएम रोड कांके पर स्थित है। अध्यक्ष अमित कुमार यादव ने बताया कि यह मंदिर राजधानी रांची से मात्र 5 किलोमीटर की दूरी पर निर्मित की गई है। इस मंदिर का भूमि पूजन 20 अप्रैल 2013 हुई थी। इस मंदिर में श्री महावीर मंदिर, श्री राम मंदिर, श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, मां दुर्गा मंदिर, शिव मंदिर व श्री सूर्य मंदिर बनाई गई है और देवी देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित की गई है। मंदिर सैकड़ो भक्तों के दान राशि से निर्मित की गई है। मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 21 जनवरी को आरंभ होगा। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की सभी तैयारियां जोरों पर है।

कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त रांची, एसडीओ सदर और कांके थाना को भी सूचना दे दी गई है। अध्यक्ष अमित कुमार यादव ने सभी सनातन धर्म प्रेमियों और राम भक्तों को कार्यक्रम में आने की अपील की है।

मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर मंदिर कमेटी के अमित कुमार यादव, प्रमोद राय, सुनील कुमार गुप्ता, संदीप यादव, विक्रम महतो, तरुण कुमार वर्मा, राजेश मोदक, मनोज वर्मा, रोहित वर्मा, रितेश साहू, अरुण मंडल, अनीस, नितेश कुमार सिंह, धर्मेंद्र सिंह, सपन डोंगरा, संजय राजगढ़िया, सोनी राजगढ़िया, कैला यादव, शमशेर सिंह, नितेश कुमार सहित सदस्यगण निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

**अलकमर एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट में शिक्षा दीप कार्यक्रम का आयोजन**

# शिक्षा एक ऐसी दौलत है जो बाटने से कम नहीं होती: मंत्री हफीजुल हसन

**PHOTON NEWS RANCHI :** अलकमर एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट जामिया नगर फुटकल टोली रातु रांची मैं शिक्षा दीप समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री श्री हफीजुल हसन अंसारी, विशिष्ट अतिथि झारखंड अल्पसंख्यक आयोग उपाध्यक्ष शमशेर आलम, श्री अजय नाथ शाहदेव पूर्व डिप्टी मेयर रांची, मुस्ताक आलम रांची जिला अध्यक्ष झारखंड मुक्ति मोर्चा, अश्वनी शर्मा रांची जिला उपाध्यक्ष, पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख, कलाम आजाद उपाध्यक्ष झारखंड मुक्ति मोर्चा थे।

मौके पर बोलते हुए मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि आज के समय में शिक्षा की सख्त जरूरत है। हैरत है कि जिस कौम में शिक्षा सबसे ऊपर होना चाहिए वह कौम सबसे पीछे है। हमारे यहां कुरान पाक की शुरूआत ही इकरा(पढ़) से हुई है। इस्लाम में सबसे पहले कहा गया पढ़ो, तब बाकी दूसरे



कार्यक्रम में माला पहनाकर मंत्री का स्वागत करते लोग। • फोटोन न्यूज

काम करो। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार ने पहली बार प्लस टू अल्पसंख्यक 6 आवासीय स्कूल झारखंड में बना रही है।

मौके पर बोलते हुए झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने कहा कि शिक्षा सभी कौम की बुनियाद है। जिस गांव में शिक्षा होगी वह गांव हमेशा आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को अपने-अपने क्षेत्र में शिक्षा के लिए आगे आना चाहिए। वहीं मौके पर बोलते हुए अलकमर एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट जामिया नगर फुटकल टोली के अध्यक्ष कमरुल हक ने कहा की आने वाले वक्त में यह मदरसा झारखंड का एक पहचान होगा। जहां सिर्फ लड़कियों को मदरसा के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा भी दी जाती है। इस मौके पर रातू प्रखंड अंजुमन अध्यक्ष अत्ताउल्लाह, बुडमु प्रखंड अंजुमन अध्यक्ष समीम बड़िहार, पुंदाग अंजुमन के सदर मोहम्मद जाकिर अंसारी, कांके प्रखंड अंजुमन अध्यक्ष अब्दुल रहमान, मुंतज़िर खान, धर्मेंद्र सिंह झामुमो युवा मोर्चा अध्यक्ष, नयनतारा उरांव अध्यक्ष झामुमो महिला मोर्चा, समाजसेवी मो मुमताज, सचिव मो अशफाक, मो आदिल, समेत कई लोग मौजूद थे।

# मदरसा नुरुल उल्लूम में वार्षिक स्पोर्ट्स कार्यक्रम का आयोजन





कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व अन्य। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI :** मदरसा नुरुल उलूम ईदगाह टंगरा बिजोलिया रातु का वार्षिक खेलकूद उत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम और विशिष्ट अतिथि रातु अंजुमन के अध्यक्ष अत्ताउल्लाह, और कांग्रेस नेता अजय नाथ सहदेव थे। कार्यक्रम की शुरूआत मशाल जलाकर किया गया। अतिथियों का स्वागत मदरसा के बच्चों ने सलामी देकर किया। मौके पर बोलते हुए शमशेर आलम ने कहा कि मदरसा के द्वारा इस तरह का आयोजन से बच्चों में खेल के साथ-साथ अनुशासन और स्वास्थ्य सही रहता है। अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि मुझे पहली बार ऐसा हुआ है कि किसी मदरसे में आकर स्पोर्ट्स कार्यक्रम होते हुए देख रहा हूं । यहां के बच्चों को देखकर मुझे बहुत खुशी। उसमे लगभग 250 बच्ची और बच्चे यहां शिक्षा गर्हन कर रहे हैं। मदरसा के प्रिंसिपल मौलाना अबुल हसन नदवी ने कहा की मदरसा नूरुल उलूम शिक्षा कि दीप जला रखी है। जहां रौशनी होगी वहां अंधेरा नहीं रह सकता। शिक्षा रौशनी है। कोई भी शिक्षा गलत राह नहीं दिखता। आज जरूरत है शिक्षा के महत्व को समझने का। शिक्षा के साथ साथ खेल कूद प्रतियोगिता भी जरूरी है। हमारे मदरसा के सभी शिक्षक मेहनती हैं। इस मौके पर मदरसा के अध्यक्ष अनिसुर रहमान, मदरसा के सचिव उस्मान अंसारी , सहसचिव शफीक अंसारी, मदरसा के प्रिंसिपल मौलाना अबुल हसन नदवी, मौलाना अब्दुल जलील कासमी, नजमुल हक नदवी ,मौलाना सफरुद्दीन, तौसीफ अंसारी, जुबेर अंसारी, अफजल अंसारी, मुर्शीद अहमद शकीरा इस्लाही, अहमद गद्दी, महबूब, साबिर, अजीज हैदर रफीक समेत कई लोग मौजूद थे।

**कांची नदी के किनारे रंगरोड़ी धाम में पारंपरिक टुसू मेला का हुआ आयोजन, पूर्व विधायक हुए शामिल कहा-**

# ऐसे आयोजनों से आपसी सौहार्द व एकता का बनता है माहौल

**PHOTON NEWS KHUNTI :** टुसु पर्व सोमवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिला मुख्यालय से 15 किमी दूर घने जंगल के बीच कांची नदी के किनारे रंगरोड़ी धाम में पारंपरिक टुसू मेला का आयोजन हुआ। टुसू मेला समिति रंगरोड़ी के तत्वावधान में आयोजित टुसू मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक कालीचरण मुंडा और कांग्रेस जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया।

मौके पर पूर्व विधायक कालीचरण मुंडा ने रंगरोड़ी टुसू मेला को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से आपसी सौहार्द और एकता का माहौल बनता है। मौके पर जिला परिषद सदस्य सुशील सांगा, ईश्वरीय विश्वविद्यालय के अंजिता दीदी, ग्राम प्रधान देवसाय मुंडा, दिनेश महतो, जीतवहान



मेले में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। • फोटोन न्यूज

महतो, मुकेश महतो आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। हर साल 15 जनवरी को लगने वाले इस टुसू मेले में उमंग के साथ-साथ भक्ति-भाव भी नजर आया।

मेला में आसपास गांव सहित दूरदराज गांवों से हजारों की संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने मेले की मस्ती के साथ ही भगवान भोले शंकर की दर्शन पूजन भी की। नदी तट पर चट्टानी गुफा के अंदर अवस्थित स्वयंभू शिवलिग के दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। टुसू मेला आयोजन समिति की ओर से मेला परिसर में रंगारंग नागपुरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

रांची से आए म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक नागपुरी गीत प्रस्तुत कर समां बांध दिया। मेला में आए लोगों ने नागपुरी गीतों का भरपूर आनंद उठाया। गायक बीरबल नायक, अनीश महली तथा गायिका पूनम खलखो और केशो देवी के गानों पर ग्रामीण थिरकते नजर आए।

## ग्रामीणों के साथ विधायक ने की शिव मंदिर परिसर की साफ-सफाई

**KHUNTI :** भाजपा के आह्वान पर तोरपा के भाजपा विधायक कोचे मुंडा ने पार्टी कार्यकताओं और ग्रामीणों के साथ सोमवार को सुंदारी गांव स्थित शिव मंदिर परिसर की सफाई की। साथ ही उन्होंने अयोध्या से आये पूजित अक्षत का वितरण ग्रामीणों के सथ किया।

मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कहा कि जीवन में साफ-सफाई का बहुत बड़ा महत्व है, जहां साफ-सफाई होती है, वहीं ईश्वर का वास होता है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश में स्वच्छता अभियान की शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि जब हम अपने घर-आंगन और गांव को साफ सखेंगे, तो हम कई तरह की बीमारियों से बच सकते हैं। अयोध्या में 22 जनवरी को होनेवाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह की चर्चा करते हुए विधायक ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हम इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनने जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि लाखों लोगों के बलिदान के लगभग साढे पांच सौ साल के यह सौभाग्य हमें मिला है। उन्होंने कहा कि सभी गावों में उस दिन मंदिरों को सजाना है और दिवाली मनानी है। मौके पर भाजपा के जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता, विश्व हिंदू परिषदा के संयोजक गौंझू प्रधान, संतोष त्रिपाठी, लोकनाथ सिंह, सूरज सिंह, सुधीर साहू, कुंदन साहू, अमित साहू आदि उपस्थित थे।

# पीवीजीटी के तहत 92 लख रुपये की परिसंपत्तियों का किया गया वितरण

**PHOTON NEWS KHUNTI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को देशभर में 100 जगहों पर आयोजित कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री जनजाति न्याय महाअभियान (पीएमजनमन) के लाभार्थियों से संवाद किया। इस दौरान अड़की प्रखंड परिसर में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री का संबोधन सुना। प्रधानमंत्री ने 15 नवंबर, को भगवान बिरसा मुंडा की धरती खूंटी से प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान योजना शुरूआत की थी।

इस योजना में आदिम जनजाति समुदाय के विकास के लिए 24 हजार करोड़ से अधिक खर्च करने का प्रावधान है। देश के सुदूरवर्ती क्षेत्र में रहने वाले आदिम जनजाति समुदाय को न्याय मिले, इसको लेकर यह अभियान की शुरूआत की गई है। इसके तहत लोगों को आवास, शुद्ध जल, बिजली, स्वास्थ्य



परिसंपतियों का वितरण करते अतिथि। • फोटोन न्यूज

सुविधाएं, शिक्षा, सड़क और कई तरह की सुविधाएं मिलेंगी। दो महीने पहले शुरू हुए इस अभियान में आठ हजार से अधिक कैम्प लगाकर 10 लाख से अधिक लाभार्थी को जोड़ने के प्रयास किया गया। एक मिशन के तहत चल रहे इस अभियान में 4700 करोड़ रुपये की योजना की स्वीकृति मिल चुकी है।

जिले में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति कुमार पारस उपस्थित हुए। केंद्रीय मंत्री ने लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया । कार्यक्रम में उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने केंद्रीय मंत्री का स्वागत पौधा प्रदान कर किया। साथ ही सखी मंडल की दीदियों द्वारा पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इस अभियान में कैम्प लगातार 10 लाख से अधिक लाभार्थी को जोड़ने के प्रयास किया गया। एक मिशन के तहत चल रहे इस अभियान में आज 4700 करोड़ रुपये की योजना की स्वीकृति मिल चुकी है।

# जुगसलाई फायरिंग मामले का आरोपी धराया, हथियार बरामद

## घटना में प्रयुक्त पिस्टल व घटना स्थल से एक खोखा बरामद

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर के जुगसलाई थाना अंतर्गत मरारपाड़ा मुर्गी चौक के पास रविवार रात मो माजिद और महफूज आलम को गोली मार दी गई थी। इस घटना में सोमवार को पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी जाहिद हुसैन उर्फ विक्की को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त पिस्टल और घटना स्थल से एक खोखा बरामद किया है।


मीडिया को जानकारी देते सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणायत। ● फोटोन न्यूज

मामले की जानकारी देते हुए सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि रविवार को मो माजिद और महफूज को गोली मारी गई थी। हालांकि पूछताछ में माजिद ने पहले घटना को रंगदारी का रुप देने का प्रयास किया और अन्य लोगों के भी नाम लिए पर जब घटना स्थल में लगे सीसीटीवी की जांच की गई तो फुटेज में सिर्फ जाहिद ही नजर आया। शिकायत में भी सिर्फ जाहिद का ही नाम लिखा गया है। घटना के कुछ घंटो बाद ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

**पुराने विवाद में चलाई गोली:** सिटी एसपी ने बताया कि जाहिद उर्फ विक्की पर पूर्व में फायरिंग की गई थी जिसमें विक्की घायल भी हुआ था। इस घटना में आरोपियों को जेल भेजा गया था पर मामले में माजिद के द्वारा समझौता करवा दिया गया था जिससे जाहिद काफी नाराज चल रहा था। कुछ माह पूर्व उसने हथियार की व्यवस्था की और उसे मानगो में छूपाकर रखा था। रविवार को एक बाइक पर माजिद और महफूज जा रहे थे तभी जाहिद ने माजिद को आवाज देकर रोकवाया और माजिद के रुकते ही पांच राउंड फायरिंग की जिसमें दो गोली माजिद को और दो गोली महफूज को लगी। फिलहाल आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

# जमशेदपुर : आदिवासियों की अनोखी परंपरा, गर्म लोहे से दागे गए नौनिहाल

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** आज के डिजिटल युग में भी परंपरा के नाम पर अंधविश्वास का बोलबाला है। झारखंड में कुछ ऐसी ही पुरानी परंपरा है जिसमें दर्द और चीख सुनाई देती है। इन्हीं में से एक विचित्र परंपरा है आदिवासी समुदाय का चिड़ी दाग। जमशेदपुर से सटे हुए आदिवासी क्षेत्र में पेट संबंधी रोग ठीक करने के नाम पर बच्चों के पेट में गर्म सलाखों से दागा जाता हैं। वर्ष के पहले महीने में मकर संक्रांति के दूसरे दिन को आदिवासी समाज अखंड जात्रा कहते हैं। अखंड जात्रा के अहले सुबह गांव में अलग-अलग कस्बे में महिलाएं अपने बच्चे को लेकर स्थानीय एक पुरोहित के घर में आती हैं। जहां पुरोहित जमीन पर बैठकर लोहा या तांबे की सींक को लकड़ी की आग में गर्म करते हैं। इसके बाद एक-एक बच्चों के पेट में मंत्रोच्चार के साथ चार बार दागा जाता है।


बच्चे को दागते पुरोहित। ● फोटोन न्यूज

**असहनीय पीड़ा से चीख उठते है बच्चे :** परंपरा के अनुसार सुबह-सुबह सबसे पहले पुरोहित के घर के आंगन में लकड़ी जलाई जा रही है। इस आग में तांबे की सींक को गर्म किया जा रहा है। पुरोहित एक कटोरी में सरसो तेल लेकर बैठते है। इसके बाद आये हुए बच्चों को अपने पास बुलाकर अपनी उंगलियों पर सरसों तेल लेकर कुछ बुदबुदाते (मंत्र पढ़ते) है और अलग-अलग उंगलियों से जमीन पर उसी तेल से निशाना बनाते है। उसके बाद बच्चे को लिटाकर उसकी नाभि के आसपास तेल लगाकर गर्म सींक से दागा जाता है। इससे बच्चों की चीख निकलती है और असहनीय पीड़ा भी उन्हें झेलना पड़ता है। बच्चों के साथ-साथ बड़े भी अपने दर्द का निवारण करने के लिए पहुंचते है। लोगों का विश्वास है ऐसा करने से पेट समेत शरीर के अन्य जगहों का दर्द ठीक हो जाता है। इसमें 21 दिन के बच्चे से लेकर बड़े को भी चिड़ी दाग दिया जाता है।

# भाजपा सदस्यों ने विभिन्न मंदिर प्रांगणों में चलाया सफाई कार्यक्रम

**PHOTON NEWS ROURKELA :** अयोध्या में भगवान श्री राम के मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होगी। इस अवसर को ध्यान में रखते हुए सुंदरगढ़ के सांसद जुएल ओराम ने सोमवार को खुद सेक्टर 3 स्थित श्री श्री जगन्नाथ मंदिर के प्रांगण की सफाई की। इस दौरान जिला अध्यक्ष लतिका पटनायक, प्रदेश प्रवक्ता धीरेन सेनापति, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जगबंधु बेहरा, प्रदेश अनुसूचित जाति उपाध्यक्ष दुर्गा तांती, भ्रमरबर बेहरा, शशांक जेना, बसंत सामल, मनोज सेनापति, ब्यासदेव नाथ, मनोरंजन मुनि, अशोक लेंका, मनोज पटनायक उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रमोद पाढ़ी, अभिनास जेना, श्रीकांत पाढ़ी, सोनू नायक, संजय साहू, रंजीता किस्पता, नम्रता बाग, चंदन बेहरा, परमेश्वर सेनापति सहित सैकड़ों कार्यकताओं ने भाग लिया। भाजपा पानपोसा सांगठनिक जिला की ओर से जिले के विभिन्न मंदिर प्रांगणों की धोने के साथ सफाई की गयी। कार्यक्रम जिला स्वच्छ भारत अभियान अलोके नायक के समन्वयन में आयोजित किया गया।


साफ-सफाई कार्यक्रम में शामिल भाजपा के सदस्य। ● फोटोन न्यूज

## मौर्या एक्सप्रेस राउरकेला तक आएगी : जुएल उरांव



**ROURKELA :** मौर्या एक्सप्रेस एवं टाटा-थावे ट्रेन की मांग कई वर्षों से चल रही थी, इस पर सुंदरगढ़ सांसद जुएल ओरांव ने मकर संक्रांति के एक कार्यकर्म में मौर्या एक्सप्रेस के बारे में पूछने पर उन्होंने स्पष्ट किया कि मौर्या एक्सप्रेस जल्द ही राउरकेला आएगा। रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव से बात हो गई है। उतर भारतीय समन्वय समिति के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। वहीं वेदप्रकाश तिवारी ने कहा दो दशक से यह मांग हो रहा था। नए साल में नई खुशखबरी मौर्या एक्सप्रेस आएगी, यह बहुत सुंदर तोहफा है। इसके लिए सुंदरगढ़ सांसद जुएल ओरांव का धन्यवाद व्यक्त किया है।

# राष्ट्रपति से की शिमलिपाल राष्ट्रीय उद्यान को विकसित करने की मांग

**PHOTON NEWS MAYURBHANJ :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मयूरभंज जिले और ओडिशा के विकास पर चर्चा करने के लिए रायरंगपुर के प्रमुख वकील भोलानाथ महंत, भुवनेश्वर के सेवानिवृत्त वरिष्ठ पुलिस अधिकारी विष्णुपद महंत और सुरेश कुमार महापात्र राष्ट्रपति भवन पहुंचे। राष्ट्रपति के साथ लगभग 20 मिनट तक चर्चा की।

चर्चा में राष्ट्रपति से शिमिलीपाल राष्ट्रीय उद्यान और बाघ परियोजना के सर्वांगीण सुधार के लिए केंद्र सरकार का ध्यान आकर्षित करने का अनुरोध किया। यह जिम कॉर्बेट पार्क से कहीं बेहतर है। शिमिलीपाल को 2009 से यूनेस्को द्वारा बायोस्फीयर नेटवर्क के हिस्से के रूप में मान्यता दी गई है। यदि इसमें उन्नतिकरण किया जाता है, तो पूरा मयूरभंज और क्योंझर जिला दुनिया के पर्यटन मानचित्र पर आ जाएगा और जनजाति के आर्थिक विकास में सुधार होगा। ऐसा लगता है कि राष्ट्रपति ने आश्वासन दिया है कि वह इस दिशा में उचित कदम उठाएंगे।


राष्ट्रपति से मुलाकात करते विष्णुपद महंत व सुरेश महापात्र। ● फोटोन न्यूज

# चांडिल प्रखंड का ऐतिहासिक जयदा टुसू मेला शुरू, छाता पोखर में उमड़ी भीड़

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में मकर संक्रांति पर लगने वाले टुसू मेला का दौर शुरू हो गया है। मकर संक्रांति के मौके पर सोमवार को चांडिल प्रखंड के ऐतिहासिक जयदा मेला का शुभारंभ हुआ। मेला का समापन 19 जनवरी को होगा। मेला में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए मेला आयोजन समिति और पुलिस-प्रशासन की ओर से पुख्ता प्रबंध किया गया है।

विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मेला परिसर में सादे लिबास में भी पुलिस बल की तैनाती किया गया है। वहीं महिला पुलिस बल को भी जगह-जगह तैनात किया गया है। मेला में लोगों के सहायता के लिए एनएच 33 के किनारे विभिन्न राजनीतिक दल व सामाजिक संगठन की ओर से सहायता शिविर लगाया गया है। वहीं प्रशासन की ओर से भी सड़क किनारे सहयता शिविर लगाया गया है। जहां एंबुलेंस के साथ चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध कराया गया है।

मकर संक्रांति के दिन लगने वाले ऐतिहासिक छाता पोखर मेला में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। कुकडू प्रखंड के ऐतिहासिक छाता पोखर में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा।


ऐतिहासिक छाता मेला में उमड़े लोग। ● फोटोन न्यूज

# चलगी में छह करोड़ रुपये की लागत से बनेगी सड़क

**PHOTON NEWS KIRIBURU :** टोंटो प्रखंड प्रखंड अंतर्गत नीमडीह पंचायत के चलगी चौक से सुंडी सुरनिया होते हुए चाड़ारापा तक सड़क बनेगी। करीब 6 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली लगभग साढ़े छह किमी सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ सोमवार को सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक दीपक बिरुवा एवं सांसद गीता कोड़ा ने ग्रामीणों की मौजूदगी में विधिवत पूजा अर्चना के बाद नारियल फोड़कर किया। इस सड़क निर्माण कार्य के लिए ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त किया। सड़क का निर्माण कार्य को शुभारंभ करते हुए विधायक ने कहा कि यह सड़क काफी जर्जर हालत थी।

लोगों को आवागमन में काफी असुविधा हो रही थी। अब इससे मुक्ति मिल जाएगी। ग्रामीणों द्वारा इसके निर्माण की मांग काफी दिनों से की जा रही थी। ग्रामीणों को जर्जर सड़क से निजात मिले, इसलिए इस सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार विकास कार्य को लेकर समर्पित है। क्षेत्र में सड़क, पुल और पीसीसी सड़क का निर्माण किया जा रहा है। मौके पर विधायक ने संवेदक को पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया।


सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ करते विधायक व सांसद। ● फोटोन न्यूज

उन्होंने कहा कि इस सड़क के बन जाने से ग्रामीणों को सीधे तौर पर इसका लाभ मिलेगा। इसलिए इसका निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण कराया जाए। इसके अलावा क्षेत्र में कई ऐसी सड़कों का चिन्हित किया गया है जिसका निर्माण व जिर्णोद्धार जरूरी है। जल्द ही इन सड़कों का कायाकल्प कराया जाएगा। इस दौरान विधायक ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी एवं ससमय समाधान करने का आश्वासन दिया। मौके पर टोंटो जिला परिषद सदस्य राज नारायण तुबिद, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष मुन्ना सुंडी, उदय करवा, दीपक करवा, राजीव हासदा, तुराम बिरूली, संजय दास, सोनू हेस्सा, वीरसिंह सुंडी समेत अन्य उपस्थित थे।

# अखिल ब्रदर्स को हराकर सूरज ब्रदर्स की टीम बनी चैंपियन

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** तांतनगर प्रखंड के न्यू सनराइज क्लब उलीडीह की ओर से मकर परब के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय फुटबाल सह क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल सह समापन सोमवार को हुआ। अतिथि के रूप में कमेटी के वरिष्ठ सदस्य सह प्रखंड 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति सदस्य मिथिलेश गोप, सुखलाल सरदार, शंभू शंकर गोप, सुदर्शन पान, मुन्ना पान, राजेंद्र गोप मौजूद रहे। प्रतियोगिता का फाइनल मैच अखिल ब्रदर्स बनाम सूरज ब्रदर्स के बीच खेला गया। इसमें सूरज ब्रदर्स ने अखिल ब्रदर्स की टीम को ट्राईब्रेकर में हराकर चैंपियन बनी।



वहीं महिला वर्ग में चंद्रयान 3 की टीम ने छोटा हाइट बड़ा हाइट की टीम को हराकर विजेता बनी। वही क्रिकेट प्रतियोगिता में ईचाकुटी की टीम न्यू सनराइज क्लब उलीडीह की टीम को हराकर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। इसके पूर्व अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद गेंद को किक मार कर फाइनल मैच का शुभारंभ किया। अंत में विजेता व उपविजेता टीमों को अतिथियों के हाथों पुरस्कृत किया गया। मौके पर अतिथियों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है।

खिलाड़ी अपनी मेहनत और लगन के साथ खेलें, सफलता जरूर मिलेगी। अतिथियों ने प्रतियोगिता के विजेता एवं उपविजेता टीमों को बधाई देते हुए कहा कि खेल को हमेशा खेल की भावना से ही खेलना चाहिए। इस तरह के आयोजनों के माध्यम से ही हमारे गांव के प्रतिभा को निखारा जा सकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के अध्यक्ष छोटा सवैया, सचिव विनोद कुमार गोप, राजन भूमिज, साजन सवैया, जितेन गोप, राकेश गोप, सत्यवान पान, पप्पू पान, जितेन सवैया, अजय कोड़ा, समेत अन्य सदस्यों का योगदान सराहनीय रहा।

# मंदिरों में पूजा-अर्चना, दही, चूड़ा व तिल खाकर किया दिन का शुरूआत

**PHOTON NEWS CHAKRADHARPUR:** मंदिरों में पूजा अर्चना व तिल-गुड़ के साथ दही-चुड़ा खाकर लोगों ने मकर संक्रांत पर दिन की शुरूआत की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग मंदिरों में माथा टेकने भी पहुंचे। सोमवार प्रातःकाल स्नान कर मंदिर में पूजा अर्चना किया। साथ ही दान पुण्य किया। कड़ी ठंड के बावजूद लोगों ने नदी-तालाब में आस्था की डुबकी लगायी। इस अवसर पर सुबह से ही मंदिरों में लोगों की भीड़ जुटने लगी थी।

चक्रधरपुर के केरा मंदिर कंसरा, टाऊन काली मंदिर, श्मशान काली मंदिर, इतवारी बाजार शिव मंदिर, आई कॉलोनी शिव मंदिर में श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए पहुंचे। वहीं इस अवसर पर पोड़ाहाट अनुमंडल की गोइलकेरा स्थित महादेवशाल धाम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा अर्चना के लिए जुटी थी। 14 व 15 तारीख की असमंजस को लेकर कुछ लोगों ने अपने-अपने तरीके से रविवार को ही मकर संक्रांति का त्योहार मना लिया था।वहीं अधिकांश लोगों ने सोमवार को मकर संक्रांति का त्योहार मनाया।

## साकची गुरुद्वारा परिसर में श्री गुरु ग्रन्थ साहिब की अलौकिक बाणी अखंड पाठ का हुआ आरंभ

# महान कीर्तन दरबार के लिए भी तैयारियां अंतिम चरण पर

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के 357वें प्रकाशोत्सव के ध्यानार्थ साकची गुरुद्वारा परिसर में सोमवार को श्री गुरु ग्रन्थ साहिब की अलौकिक बाणी अखंड पाठ का आरंभ हुआ। साथ ही साथ प्रभात फेरी भ्रमण के चौथे दिन श्रद्धालुओं ने घूम-घूम कर गुरबाणी प्रचार-प्रसार के माध्यम से संगत को गुरुपर्व में शामिल होने का आमंत्रण भी दिया। मंगलवार को प्रभात फेरी का अंतिम दिन होगा, इसको स्मरण रखते हुए समाजसेवी सरदार अमरप्रीत सिंह काले ने अपने निवास स्थान पर दर्शन के लिए प्रभात फेरी को आमंत्रित किया है। वहीं दर्शनाभिलाषी काले भी टीम सहित प्रभात फेरी के भव्य स्वागत के लिए तैयारियों में जुट गए हैं। बहरहाल, प्रकाशपर्व पर 17 और 18 जनवरी को आयोजित होने वाले दो दिवसीय महान कीर्तन दरबार के लिए भी सभी तैयारियां अंतिम चरण पर हैं। साकची गुरुद्वारा साहिब में श्री दरबार साहिब, अमृतसर से महान कीर्तनीये भाई साहिब भाई करनजीत सिंह साकची गुरुद्वारा में अपने मधुर गुरबाणी से संगत को निहाल करने के लिए टाटानगर पहुंच रहें हैं। इनके अलावा भाई बलदेव सिंह और परमजीत सिंह जेठुवाल ढाढी जत्था, अमृतसर का भी कार्यक्रम प्रस्तुति के लिए जमशेदपुर आगमन हो रहा है।



### गुरु महाराज की महिमा का करेंगे गुणगान

साकची गुरुद्वारा के प्रधान निशान सिंह और महासचिव परमजीत सिंह काले ने विस्तारपूर्वक बताया कि भाई साहिब भाई करनजीत सिंह गुरबाणी रस से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। जबकि ढाढी जत्था भाई बलदेव सिंह और परमजीत सिंह जेठुवाल अमृतसर वाले वीररस द्वारा गुरु महाराज की महिमा का गुणगान करेंगे। जमशेदपुर के कवि भाई साहब भाई सुरजीत सिंह, भाई साहब भाई संदीप सिंह जगदी टकसाल, भाई साहब भाई गुरदीप सिंह निक्कू टाटानगरवाले के साथ-साथ साकची गुरुद्वारा साहिब के ग्रंथी ज्ञानी अमृतपाल सिंह मन्नन और सुखजिंदर सिंह भी मौके पर सुबह और शाम के दिवान में श्रद्धालुओं को गुरबाणी से जोड़ेंगे। निशान सिंह ने बताया कि दोनों दिन गुरु का अटूट लंगर संगत को पंगत में बैठकर छकाया जायेगा। निशान सिंह ने संगत से अपील की है कि इस मुबारक मौके पर संगत गुरुद्वारा साहिब में दर्शन कर गुरुघर की खुशियां प्राप्त करें।

# रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा पर काली मंदीर में होगा भव्य कार्यक्रम

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में 22 जनवरी 2024 को सदर बाजार चाईबासा स्थित प्रसिद्ध काली मंदिर में श्री श्री काली मंदिर ट्रस्ट समिति के तत्वाधान में हर्षोल्लास के साथ भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर सोमवार से समिति के सदस्य जोर शोर से जुट गए है। श्री श्री काली मंदिर ट्रस्ट समिति के सदस्य त्रिशानु राय ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि 22 जनवरी को सदर बाजार , चाईबासा स्थित काली मंदिर में दीपोत्सव के रुप में मनाया जाएगा।

मंदिर प्रांगण में राम दरबार सजाया जाएगा। विशेष रुप से पूजा-अर्चना की जाएगी। विधुत सज्जा एवं पुष्प सज्जा की जाएगी। दीपक से मंदिर को सजाया जाएगा। संध्या आरती के बाद शाम 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक प्रसाद वितरण किया जाएगा। काली मंदिर चौक चाईबासा में आतिशबाजी की जाएगी। मौके पर समिति के अध्यक्ष सव्यसाची राय, सचिव सुशांत राय, सदस्य अशोक कुमार राय, विद्युत राय, भवतोष राय, प्रदीप राय, अभिषेक राय, आलोक नाथ राय, दिव्येन्दु राय, सोमनाथ राय, जयंत राय, अनिर्वान राय, प्रवीण राय, पुजारी अनुप मल्लिक आदि उपस्थित थे।



## BRIEF NEWS

### छिनतई करने वाले चार अपराधी गिरफ्तार



**SUNDARGARH :** सुंदरगढ़ जिला पुलिस ने अंतरराज्यीय चेन, मोबाइल फोन झपटमार गिरोह के 4 सदस्यों को सोमवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से कब्जे से 2 बाइक, विभिन्न ब्रांड के 20 मोबाइल फोन, 43,000 रुपये नकद जब्त किए गए। पुलिस इनके क्राइम रिकार्ड खंगाल रहे है।

### 17 जनवरी को सरकारी अवकाश घोषित



**ROURKELA :** 17 जनवरी को श्रीमंदिर परिक्रमा परियोजना का उद्घाटन समारोह बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित होने जा रहा है। यह परियोजना ओडिया अस्मिता की एक अनूठी यात्रा होगी। माननीय मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने 17 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है, ताकि विश्व के आराध्य देव और सभी धर्मों के बीच सद्भाव के प्रतीक महाप्रभु श्रीजगन्नाथ के भक्त खुशी-खुशी इस कार्यक्रम में भाग ले सकें और प्रार्थना कर सकें और प्रभु के प्रति अपने को समर्पण कर सके। 17 जनवरी को राज्य के सभी सरकारी कार्यालय, स्कूल और कॉलेज बंद रहेंगे। इसी क्रम मे श्रीमंदिर परिक्रमा परियोजना' के लिए सुपारी और अरुआ चावल का संग्रह राउरकेला शहर में हरिबोल, हुलहुली और मंत्रोच्चार के बीच चल रहा है। घर के पास 'अर्पण रथ' पाकर श्रद्धालु उत्साहित हैं।

### धामरा संघ का वार्षिक उत्सव आयोजित



**ROURKELA :** धामरा संघ का वार्षिक उत्सव छेंड कॉलोनी में सोमवार को आयोजित हुआ। इसमे सुंदरगढ़ सांसद जोएल ओराम ,विधायक राउरकेला एवं श्रम मंत्री सारदा प्रसाद नायक और विधायक रघुनाथपाली सुब्रत तराई अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस क्रम में राउरकेला मुख्य सड़क पर विभिन्न संगठन द्वारा खिचड़ी,पूरी तरकारी, पकोड़ी वितरण किया गया। जनतानिवास गली के नवयुवकों ने खिचड़ी का भोग लगा कर लोगों में वितरण किया संकट मोचन मंदिर में भी भक्तों के बीच भोग वितरण हुआ। पावर हाउस रोड नेशनल क्लब के फील्ड में अष्टपहरी नाम यज्ञ कीर्तन का आयोजन हुआ।

### टाटा-चक्रधरपुर पैसेंजर अनिश्चितकालीन रद्द, यात्री परेशान

**JAMSHEDPUR :** टाटानगर से चक्रधरपुर पैसेंजर ट्रेन का परिचालन सोमवार से अनिश्चितकालीन रद्द कर दिया गया है। मंडल मुख्यालय से यह आदेश जारी हुआ है। इससे पूर्व 8 से 15 जनवरी तक ट्रेन को अप-डाउन में रद्द किया गया था। चक्रधरपुर-टाटानगर पैसेंजर के रद्द होने से सैकड़ों यात्रियों को परेशानी होगी। बता दें कि इस ट्रेन से कोल्हान भर के सात स्टेशनों के यात्री यात्रा करते है। बताया जाता है कि राउरकेला-बादामपहाड़ मेमू ट्रेन शुरू होने के बाद से टाटानगर-चक्रधरपुर पैसेंजर ट्रेन के परिचालन पर रेलवे का ध्यान नहीं है, क्योंकि एक ही मार्ग में दूसरी नई ट्रेन शुरू होने से टाटानगर से चक्रधरपुर की ट्रेन को यात्री नहीं मिल रहे थे। हालांकि, ट्रेन को हमेशा के लिए रद्द करने पर अभी निर्णय नहीं हुआ है। स्थिति यह है कि टाटानगर में प्लेटफार्म की कमी के कारण चक्रधरपुर पैसेंजर ट्रेन कई बार टाटानगर के बजाय आदित्यपुर से अप-डाउन करती थी। रेलवे की अनदेखी के कारण ही ट्रेन की स्थिति यह हो गई है।

# दही-चूड़ा भोज में शामिल हुए नीतीश-ललन

## सीएम आवास से पैदल राबड़ी आवास पहुंचे, दही के मटके के साथ पहुंचे समर्थक





एजेंसी

**पटना ।** आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की दही-चूड़ा भोज में सीएम नीतीश कुमार, जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह और विजय चौधरी शामिल हुए। सीएम अपने आवास से पैदल ही राबड़ी आवास गए। नीतीश 10 मिनट तक वहां रुके। रिसीव करने गेट से डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव आए। फिर भोज के बाद छोड़ने गए।

लालू किडनी ट्रांसप्लांट के बाद पहली बार दही-चूड़ा का भोज दे रहे हैं। लालू प्रसाद के अस्वस्थ रहने की वजह से बीते कई सालों से राबड़ी देवी आवास में दही-चूड़ा का आयोजन नहीं हुआ था। 2024 में लोकसभा का चुनाव भी होना है और लालू प्रसाद के दही-चूड़ा भोज में इसकी भी रणनीति बनेगी। इसमें बिहार के धाकड़ नेताओं का जुटान हो रहा है।ये भोज इसलिए खास है क्योंकि मकर संक्रांति के साथ ही खरमास खत्म हो जाएगा। खरमास खत्म होने के बाद बिहार की राजनीति में सियासी हलचल तेज होने की संभावना है। इसकी शुरूआत दही चूड़ा से हो सकती है। लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव के शुभ चिंतक मटका में दही लिए सोनपुर से सोमवार की सुबह ही राबड़ी आवास पहुंचे। सुधा से भी दही मंगाया गया है।दही-चूड़ा के बाद खरमास खत्म हो रहा है। परंपरा और मान्यता है कि खरमास में कोई शुभ कार्य नहीं किया जाता है। यानी दही-चूड़ा भोज के बाद बिहार में लोकसभा चुनाव को लेकर सीटों का बंटवारा भी हो जाएगा। दही-चूड़ा भोज के साथ भाजपा विरोधी गठबंधन इंडिया के अंदर सीटों की गुत्थी लालू-नीतीश मिलकर सुलझा सकते हैं। माना जा रहा है कि जिन सीटों पर पेंच फंसा हुआ है उस पर सहमति जल्द बना ली जाएगी।राबड़ी आवास पर खास तैयारी लालू प्रसाद लोगों को दही का तिलक लगाते हैं। यह उनकी सबसे खास बात होती है। दही-चूड़ा, सत्तू और भुजा आम बिहारियों का भोजन है। लालू प्रसाद का जुड़ाव भोजन के स्तर पर भी आम बिहारियों से दिखता है। यही वजह है कि लालू प्रसाद खूब प्यार से और दिल खोल कर दही-चूड़ा का आयोजन करते रहे हैं। दही-चूड़ा के साथ ही तिलकुट का भी इंतजाम है। आलू, गोभी और मटर की रसदार सब्जी भी है।दूध-दही का कारोबार करने वाली यादव सबसे बड़ी जातिदूध-दही का सरोकार यादव जाति से सबसे ज्यादा है और जाति गणना में इस बार भी यह दिखा कि बिहार में यादव जाति सबसे अधिक संख्या में हैं।

बिहार में 14.26 फीसदी यादव हैं। यह लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव का कोर वोट बैंक हैं। इसी के साथ मुसलमानों का नेता भी लालू प्रसाद को ही माना जाता है। बिहार में 17.70 फीसदी मुस्लिम हैं।

## नाबालिग के साथ पड़ोसी ने किया दुष्कर्म




एजेंसी

**जमुई।** जमुई के सोनो थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। मामले में पीड़िता नाबालिग के परिजनों ने सोनो थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। जिसके बाद पुलिस ने ऋक्फदर्ज कर रविवार की रात नाबालिग बच्ची को मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर स्वेता सिंह ने पीड़िता की स्वास्थ्य जांच की।नाबालिग सिमुलतल्ला थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली है। वह मकर संक्रांति पर्व को लेकर अपने नानी घर सोनो थाना क्षेत्र के एक गांव आई थी। जहां शनिवार की रात वह शौच के लिए घर से बाहर निकली, तभी पड़ोस के एक युवक बच्ची अकेला देखकर उसे पकड़ लिया ।वही उसके मुंह को दबाकर काफी दूर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देकर फरार हो गया। काफी देर के बाद नाबालिग बच्ची रोते हुए घर वापस लौटी और घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। वहीं पुलिस आरोपी युवक की भी तालाश कर रही है।सोनो थाना अध्यक्ष चितरंजन कुमार ने बताया कि पीड़ित परिवार के द्वारा एक आवेदन दिया गया है। जिसके आधार पर पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल भेज पूरे मामले की छानबीन की जा रही है। आरोपी युवक की पहचान कर ली गई है। जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा। घटना के बाद पुलिस के प्रति स्थानीय लोगों में नाराजगी देखने को मिल रही है।

## 60 हजार के लिए मां- बेटे को पीटा



एजेंसी

**पूर्णिया ।** पूर्णिया में रुपए की लेनदेन में हुए विवाद में चाचा ने अपने ही भतीजे और भाभी पर जानलेवा हमला कर दिया। विवाद का कारण उधार में दिए गए 60 हजार रुपए हैं। वहीं चाचा के हमले में मां -बेटे बुरी तरह जख्मी हो गए। जिनकी नाजुक हालत को देखते हुए परिजनों ने दोनों को जीएमसीएच पूर्णिया में एडमिट कराया। जहां दोनों का इलाज जारी है। घटना डगरूआ थाना क्षेत्र के लदवा गांव की है।चाचा के जानलेवा हमले में घायल युवक की पहचान डगरूआ थाना क्षेत्र के लदवा गांव निवासी स्वर्गीय मसरूफ आलम के बेटे मोहम्मद सरवर आलम के रूप में हुई है, जबकि उसकी मां की पहचान नसीमा खातून के रूप में की गई है।घायल मोहम्मद सरवर आलम ने बताया कि करीब 1 साल पहले जरूरत पड़ने पर अपने चाचा को 60 हजार रुपए उधार दिया था। वे ये रुपए काफी दिनों से मांग रहे थे। मगर उनके चाचा रुपए देने के नाम पर लगातार टालमटोल कर रहे थे। जिसे लेकर आज उनकी अपने चाचा से कहासुनी हो गई।

## डायन बता महिला की मॉब लिंचिंग



एजेंसी

**सासाराम ।** रोहतास में रविवार को लोगों ने एक महिला को घर से खींचकर बाहर निकाला और बुरी तरह से पीटा। पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी। महिला पर एक बच्चे की हत्या कर उसकी लाश को फेंकने का आरोप है। मामला अंध विश्वास से जुड़ रहा है। लोग महिला को डायन बता रहे हैं।बताया गया कि अकाशी गांव निवासी जग्गू सिंह का 3 साल का बेटा शिवम रविवार शाम से लापता था। कुछ ग्रामीणों ने कहा कि गांव के दशरथ महतो की पत्नी चिंता देवी (50) को बोरे में लाश फेंकते देखा गया था। जिसके बाद ग्रामीणों ने घर से महिला को खींचकर बाहर लाए और पीट कर मार डाला। सूचना पर अगरेर थाना की पुलिस पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया है। मामला अगरेर थाना क्षेत्र का है। वारदात के बाद से महिला के परिवार वाले फरार हैं। एसपी विनीत कुमार ने कहा कि सासाराम अनुमंडल में अगरेर थाना क्षेत्र में रविवार शाम एक बच्चा लापता हो गया था। उस बच्चे का शव पड़ोसी के घर के पास मिला। जिसके बाद दो पक्षों के बीच मारपीट हुई, जिसमें महिला की मौत हो गई। घर के बाहर से गायब हुआ था बच्चा जग्गू सिंह अपने बेटे को मकर संक्राति का मेला घुमाने ले गए थे। घर आने के बाद शिवम घर के बाहर खेल रहा था। इसी क्रम में वो लापता हो गया। परिजन उसकी खोजबीन में लग गए। रात करीब साढ़े नौ बजे शिवम का शव बोरे में बंद खेत में मिला।इसी दौरान कुछ लोगों ने बताया कि बोरा दशरथ महतो की पत्नी ने फेंका है। दशरथ महतो का घर शिवम के घर से 100 मीटर की दूरी पर है। आक्रोशित लोगों ने दशरथ के घर पहुंचे और मारपीट शुरू कर दी। शिवम जग्गू सिंह का इकलौता बेटा था। शिवम के चार बहनें है।

## संक्षिप्त डायरी

### 3 शातिर अरेस्ट देसी कट्टा और 2 गोली बरामद



**आरा ।**भोजपुर जिले के कोईलवर थाना के गीधा ओपी अंतर्गत बीरमपुर गांव के समीप सीएसपी संचालक से करीब डेढ़ लाख रुपए लूटे जाने मामले में भोजपुर पुलिस ने खुलासा किया है इस कांड में शामिल तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए अपराधी गीधा ओपी अंतर्गत बीरमपुर गांव निवासी कुंज बिहारी सिंह के पुत्र विकास कुमार,मटियारा गांव निवासी संजीव कुमार, सकड्डी गांव निवासी राम अयोध्या राम के पुत्र ओम प्रकाश शामिल है। इनके पास एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया है इधर,एएसपी चंद्र प्रकाश ने बताया कि इसमें ओम और संजीव का पहले से आपराधिक इतिहास रहा है। गिरफ्तार ओम प्रकाश एवं संजीव कुमार लूट,रंगदारी एवं हत्या के प्रयास समेत आर्म्स एक्ट में आरोपित रहे हैं। प्रकाश रंगदारी केस में भी दागी रहा है। उन्होंने बताया कि बीरमपुर गांव निवासी राधानंद सिंह के पुत्र राजा कुमार गांव में ही सीएसपी का संचालन करते हैं । बीते 12 दिसंबर 2023 को वे गीधा स्थित एसबीआई बैंक के ब्रांच से डेढ़ लाख रूपए निकालकर बाइक से अपने गांव जा रहे थे,तभी उसी दौरान गीधा औद्योगिक क्षेत्र से बीरमपुर जाने वाले रास्ते में नयी बाग के पास अपाची बाइक सवार हथियारबंद अपराधियों ने पिस्टल के बल पर बैग समेत डेढ़ लाख रुपए लूट लिए थे इसे लेकर सीएसपी पीड़ित संचालक ने अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी कराई थी ।कांड के उद्भेदन के लिए एसपी प्रमोद कुमार ने एक विशेष टीम का गठन किया था ।

### 22 जनवरी को छुट्टी घोषित करे बिहार सरकार



**नालंदा ।**बिहार के विभिन्न जिलों से चलकर राजगीर पहुंची लवकुश यात्रा रथ को सोमवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री सह भाजपा नेता आरसीपी सिंह ने अयोध्या के लिए रवाना किया। आरसीपी सिंह के साथ दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पहले सियासी बयानबाजी थमने का नाम नहीं ले रही। लालू यादव के बेटे और बिहार सरकार में मंत्री तेजप्रताप यादव ने कहा था कि राम उनके सपने में आए थे और कहा कि 22 जनवरी को वो अयोध्या नहीं जाएंगे। इस पर पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह ने पलटवार किया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सीएम और डिप्टी सीएम दोनों तनाव में हैं।उन्होंने कहा कि तेज प्रताप के सपनों में भगवान राम ने दर्शन दिए, इसके लिए हम उन्हें धन्यवाद देते हैं कि भगवान ने उन्हें आशीर्वाद दिया है। लेकिन वह जो दूसरी बात कह रहे हैं वह अपने माता-पिता से पूछ कर कह रहे हैं। वह अपने मन की बात नहीं कह रहें हैं। इसके साथ ही उन्होंने मांग की है कि 22 जनवरी को बिहार सरकार छुट्टी घोषित करे।500 वर्षों के काल में फिर से मंदिर की स्थापना हो गई है। मंदिर का निर्माण हो गया है। भगवान की प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है। सरयु तट पर रामलला 22 तारीख को पूरी तरह से विराजमान हो जाएंगे।सीएम-डिप्टी सीएम तनाव मेंआने वाले समय में बिहार में उथल-पुथल के सवाल पर आरसीपी सिंह ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री आज किस स्थिति में हैं। महागठबंधन के साथ में चले गए। इसके बाद उनका पूरा का पूरा स्वास्थ्य चौपट हो गया। काम पर भी असर पड़ा है। बिहार में कोई शासन प्रशासन नाम की चीज नहीं रह गई है। आपस में तालमेल नहीं बल्कि इन लोगों के बीच घालमेल है। नीतीश बाबू प्रधानमंत्री बनना चाह रहे थे, संरक्षक भी नहीं बन पाए।

### फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने युवक को कुचला

**पटना ।**पटना सिटी के चौक थाना क्षेत्र के हाजीगंज के नजदीक एक फायर



ब्रिगेड की गाड़ी ने सोमवार को एक युवक को कुचल डाला। इस हादसे में युवक की मौत घटना स्थल पड़ी हो गई। घटना के बाद ड्राइवर गाड़ी छोड़कर भाग गया।घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। फिर हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद चौक थाने की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाकर मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पटना के नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। साथ ही मामले की छानबीन शुरू कर दिया है। मृतक की पहचान हाजीगंज निवासी मोहम्मद मुस्तकीम 35 वर्ष के रूप में हुई है। घटना की पुष्टि चौक थाना प्रभारी ने की है।प्रकाश उत्सव पर्व को लेकर पटना सिटी के हाजीगंज से एक अग्नि दस्ते की गाड़ी चौक की तरफ आ रही थी। इसी क्रम में हाजीगंज के नजदीक एक युवक अग्नि दस्ते की गाड़ी की चपेट में आ गया। इस हादसे में युवक की मौत घटनास्थल पड़ी हो गई। घटना के बाद गाड़ी का ड्राइवर गाड़ी छोड़कर वहां से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पूरे गांव के लोग मौके पर पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया। इसे लेकर कुछ देर के लिए वहां अफरा तफरी का माहौल बन गया।

## ट्रैक्टर नहर में पलटा एक की मौत



एजेंसी

**आरा ।** भोजपुर के सिकरहट्टा थाना के चंदा गांव स्थित नयका पुल के समीप रविवार की देर शाम अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर नहर में पलट गई। हादसे में ट्रैक्टर के नीचे दबने से एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि तीन लोग जख्मी हो गए। इसके बाद जख्मियों का इलाज निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। मृतक की पहचान सिकरहट्टा थाना के चंदा गांव निवासी टेंगारी राम के बेटे निकेश कुमार(19) के रूप में हुई है। जबकि घायलों में उसी गांव के निवासी छोटका मंसूरी,तैयब मंसूरी एवं श्याम कुमार शामिल हैं। इधर, मृतक के रिश्ते में लग रहे चाचा हारून मंसूरी ने बताया कि ट्रैक्टर पर धान का बोरा लोड कर गांव में ही दूसरे जगह पर उतरने गए थे। उतारने के बाद दोबारा वापस ट्रैक्टर पर बैठकर धन लोड करने के लिए आ रहे थे। उसी दौरान चंदा गांव स्थित नयका पुल के समीप अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर नहर में पलट गई।जिसके कारण निकेश कुमार ट्रैक्टर के नीचे दब गया और उसकी मौत हो गई। जबकि ट्रैक्टर पर सवार छोटका मंसूरी,तैयब मंसूरी एवं श्याम कुमार जख्मी हो गया। जिसके बाद उनका इलाज निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। इसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना मृतक के परिजनों को दी गई। सूचना मिलते ही मित्र के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। इसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी।

सूचना मिलती ही स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया।

## एक ट्रक शराब जब्त चालक अरेस्ट




**गया ।**गया के उत्पाद विभाग की टीम ने बाराचट्टी थाना के डोभी चेक पोस्ट के पास से विदेशी शराब से भरी एक ट्रक को जब्त किया है। पुलिस ने चालक को अरेस्ट कर लिया लेकिन एक तस्कर मौके से पुलिस को चकमा देकर भाग निकला।रविवार की देर रात उत्पाद विभाग की टीम डोभी चेक पोस्ट के पास नेशनल हाईवे पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक ट्रक पर टीम को शक हुआ। उसे रोककर तब तलाशी ली गई तो ट्रक के अंदर तहखाना बनाकर शराब छिपाकर रखी गई थी। टीम ने 299 कार्टन शराब जब्त किया।पकड़ा गया ट्रक चालक यूपी का रहने वाला है।इस संबंध में सहायक उत्पाद आयुक्त प्रेम प्रकाश बताया कि जब्त शराब की कीमत लगभग 20 लाख रुपए बताई जा रही है। इस दौरान उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले करने वाला प्रभाकर सिंह नामक तस्कर को भी पकड़ा गया है। से पूछताछ की जा रही है कि वो शराब कहां डिलीवरी करने वाला था।

## भोज खाकर घर लौट रहे व्यक्ति को मारी गोली



**सुपौल ।**सुपौल जिले के त्रिवेणीगंज थाना अंतर्गत मिरजावा पंचायत के झटहु चौक के समीप एक व्यक्ति को अज्ञात बाइक सवार अपराधियों ने गोली मार दी। जख्मी को त्रिवेणीगंज अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर कर दिया। इधर, घटना की सूचना मिलते ही त्रिवेणीगंज थाने की पुलिस मामले की पड़ताल में जुट गई है। घायल की पहचान त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रतापपुर गांव के वार्ड नंबर एक निवासी 45 वर्षीय सूर्यनारायण यादव के रूप में हुई है। जो भोज खाकर घर लौट रहे थे। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही घायल के भतीजे ललित यादव ने कहा कि रविवार की देर रात वो हरिहरपट्टी निवासी कपिलदेव यादव के यहां से भोज खाकर बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान एक बाइक सवार अज्ञात अपराधियों ने ओवरटेक करते हुए गोली चला दी। सूर्यनारायण के बाएं पैर में गोली लगी।स्थानीय ग्रामीणों की मदद से अनुमंडल अस्पताल त्रिवेणीगंज पहुंचाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉक्टर बी एन पासवान ने प्राथमिक उपचार किया। उन्होंने बताया कि पैर में गोली आर पार हो गई है।

## शीतलहर की चपेट में कई जिले 38 में कोल्ड-डे का अलर्ट





**पटना ।** बर्फीली हवाओं से बिहार में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकांश हिस्से में कोहरे के साथ शीतलहर जारी है। नतीजा, प्रचंड ठंड के साथ कनकनी बढ़ गई है। रविवार को पटना जिले में सीवियर कोल्ड डे रहा। इसके अलावा ेखपुरा, जमुई, बांका, समस्तीपुर, सहरसा एवं किशनगंज में कोल्ड डे रहा।साथ ही बक्सर, भोजपुर, रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद, अरवल, गया, नालंदा आदि जिलों में कोल्ड डे जैसी स्थिति रही। आज मकर संक्रांति है। मौसम विभाग ने 38 जिलों में कोल्ड-डे का यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग की माने तो 16 जनवरी तक पारा ऐसे ही गिरेगा। फिलहाल दो-तीन दिनों तक ठंड से राहत नहीं मिलने वाली है।पटना, नालंदा, शेखपुरा, लखीसराय, बेगूसराय, नवादा, गया, जहानाबाद, औरंगाबाद, अरवल, भोजपुर, बक्सर, रोहतास, कैमूर, बांका, जमुई, मुंगेर, भागलपुर में कोल्ड-डे का अलर्ट है।खगड़िया, समस्तीपुर, दरभंगा मधुबनी, सीतामढ़ी, शिवहर, वैशाली, मुजफ्फरपुर, सारण, सिवान, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण और गोपालगंज में भी कोल्ड-डे का यलो अलर्ट है।कोहरे के चलते 8 फ्लाइट्स कैंसिल रहीं। 17 लेट हुई। राजधानी एक्सप्रेस 20 घंटे लेट पटना पहुंची।दस किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चली हवा पटना समेत प्रदेश के कई जिलों में रविवार को उत्तरी और पश्चिमी पछुआ हवा 6 से 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली। इस वजह से दक्षिण-मध्य, दक्षिण-पश्चिम बिहार में कई जगहों पर कड़ाके की ठंड महसूस की गई। हालांकि कुछ जगहों पर धूप निकलने के बाद भी कनकनी महसूस गई। आज यानि सोमवार को भी प्रदेश में कुछ इसी प्रकार का मौसम रहने वाला है।दिल्ली और पटना में रविवार की सुबह घना कुहासा रहने की वजह से इंडिगो की चार जोड़ी फ्लाइट रद्द हो गई। वहीं, इंडिगो की ही हैदराबाद, देवघर, बेंगलुरु और मुंबई की भी एक-एक जोड़ी फ्लाइट रद्द रही। इससे करीब ढाई हजार यात्री सफर नहीं कर सके। इसके अलावा 17 जोड़ी फ्लाइट लेट रही। चालू सीजन में पहली बार इतनी बड़ी तादाद में फ्लाइट रद्द और लेट हुई। दिल्ली में कुहासे का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वहां से पहली फ्लाइट छह घंटे की देरी से शाम 4:20 बजे आई और यहां से 5 बजे रवाना होकर दिल्ली करीब 6:30 बजे पहुंची। हालांकि पटना एयरपोर्ट पर 1000 मीटर विजिबिलिटी होने के बाद पहली फ्लाइट 12:28 बजे आ गई थी।यह विमान इंडिगो की थी, जो लखनऊ से आई थी।

# सारे तीरथ बार-बार गंगासागर एक बार

गंगासागर में मकर संक्रांति पर प्रतिवर्ष विशाल मेला आयोजित होता है। इस दौरान दुनिया भर से लाखों श्रद्धालु यहां स्नान के लिए पहुंचते हैं। मकर संक्रांति पर सूर्य देव के धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते ही तीर्थयात्री पवित्र संगम पर डुबकी लगाते हैं। गंगासागर में मकर संक्रांति के दिन स्नान करने का विशेष महत्व है। पौराणिक मान्यता है कि इस दिन गंगासागर में जो श्रद्धालु एक बार स्नान करता है उसे 10 अश्वमेध यज्ञ और एक हजार गाय दान करने का फल मिलता है। गंगासागर की तीर्थयात्रा सैकड़ों तीर्थयात्राओं के समान मानी जाती है। भारत में सबसे पवित्र गंगा नदी गंगोत्री से निकल कर पश्चिम बंगाल में सागर से मिलती है। गंगा का जहां सागर से मिलन होता है उस स्थान को गंगासागर कहते हैं। इस स्थान को सागरद्वीप के नाम से भी जाना जाता है। कुंभ मेले को छोड़कर देश में आयोजित होने वाले अन्य सभी मेलों में गंगासागर का मेला सबसे बड़ा मेला होता है। हिन्दू धर्मग्रन्थों में इसकी चर्चा मोक्षधाम के तौर पर की गई है। मकर संक्रांति पर लाखों श्रद्धालु मोक्ष की कामना लेकर आते हैं और सागर-संगम में डुबकी लगाते है। मान्यता के अनुसार साल की 12 संक्रांतियों में मकर संक्रांति का सबसे ज्यादा महत्व है। इस दिन सूर्य मकर राशि में आता हैं और इसके साथ देवताओं का दिन शुरू हो जाता है। गंगासागर के संगम पर श्रद्धालु समुद्र को नारियल और यज्ञोपवीत भेंट करते हैं। समुद्र में पूजन एवं पिण्डदान कर पितरों को जल अर्पित करते हैं। गंगासागर में स्नान-दान का महत्व शास्त्रों में विस्तार से बताया गया है। मान्यतानुसार जो युवतियां यहां पर स्नान करती हैं, उन्हें अपनी इच्छानुसार वर तथा युवकों को स्वेच्छित वधु प्राप्त होती है। मेले में आए लोग कपिल मुनि के आश्रम में उनकी मूर्ति की पूजा करते हैं। मंदिर में गंगा देवी, कपिल मुनि तथा भगीरथ की मूर्तियां स्थापित हैं। गंगासागर में मकर संक्रांति से 15 दिन पहले ही मेला शुरू हो जाता है। मेले में दुनियाभर से पंहुचे तीर्थयात्री, और साधु-संत संगम में स्नान कर सूर्यदेव को अर्घ्य देते हैं। इसे मिनी कुंभ मेला भी कहते हैं। मकर संक्रांति के पर यहां सूर्य पूजा के साथ विशेष तौर कपिल मुनि की पूजा की जाती है। मान्यता है कि ऋषि-मुनियों के लिए गृहस्थ आश्रम या पारिवारिक जीवन वर्जित होता है। भगवान विष्णु के कहने पर कपिल मुनि के पिता कर्दम ऋषि ने गृहस्थ आश्रम में प्रवेश किया। उन्होंने विष्णु भगवान से शर्त रखी कि भगवान विष्णु को उनके पुत्र रूप में जन्म लेना होगा। भगवान विष्णु ने शर्त मान ली फलस्वरूप कपिल मुनि का जन्म हुआ। उन्हें विष्णु का अवतार माना गया। आगे चल कर गंगा और सागर के मिलन स्थल पर कपिल मुनि आश्रम बना कर तप करने लगे। इस दौरान राजा सगर ने अश्वमेध यज्ञ आयोजित किया। इसके बाद यज्ञ के अश्वों को छोड़ा गया। परिपाटी है कि ये जहां से गुजरते हैं वे राज्य अधीनता स्वीकार करते हैं। अश्व को रोकने वाले राजा को युद्ध करना पड़ता है। राजा सगर ने यज्ञ अश्वों के रक्षा के लिए उनके साथ अपने 60 हजार पुत्रों को भेजा। अचानक यज्ञ अश्व गायब हो गया। खोजने पर यज्ञ का अश्व कपिल मुनि के आश्रम में मिला। फलतः सगर पुत्र साधनरत ऋषि से नाराज हो उन्हें अपशब्द कहने लगे। ऋषि ने नाराज हो कर उन्हें शापित करते हुए अपने नेत्रों के तेज से भस्म कर दिया। मुनि के श्राप के कारण उनकी आत्मा को मुक्ति नहीं मिल सकी। काफी वर्ष बाद राजा सगर के पौत्र राजा भगीरथ कपिल मुनि से माफी मांगने पहुंचे। कपिल मुनि राजा भगीरथ के व्यवहार से प्रसन्न हुए। उन्होने कहा कि गंगाजल से ही राजा सगर के 60 हजार मृत पुत्रों का मोक्ष संभव है। राजा भगीरथ ने अपने अथक प्रयास और तप से गंगा को धरती पर उतारा। अपने पुरखों के भस्म स्थान पर गंगा को मकर संक्रांति के दिन लाकर उनकी आत्मा को मुक्ति और शांति दिलाई। यही स्थान गंगासागर कहलाया। इसलिए यहां स्नान का इतना महत्व है। पहले गंगासागर जाना हर किसी के लिये संभव नहीं होता था। तभी कहा जाता था कि सारे तीरथ बार-बार गंगासागर एक बार। हालांकि यह पुराने जमाने की बात है जब यहां सिर्फ जल मार्ग से ही पहुंचा जा सकता था। आधुनिक परिवहन साधनों से अब यहां आना सुगम हो गया है। पश्चिम बंगाल के दक्षिण चौबीस परगना जिले में स्थित इस तीर्थस्थल पर कपिल मुनि का मंदिर है। उन्होंने भगवान राम के पूर्वज और इक्ष्वाकु वंश के राजा सगर के 60 हजार पुत्रों का उद्धार किया था। मान्यता है कि यहां मकर संक्रांति पर पुण्य-स्नान करने से मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। सुंदर वन निकट होने के कारण गंगासागर मेले को कई विषम स्थितियों का सामना करना पड़ता है। तूफान और ऊंची लहरें हर वर्ष मेले में बाधा डालती हैं। इस द्वीप में ही रॉयल बंगाल टाइगर का प्राकृतिक आवास है। यहां दलदल, जलमार्ग, छोटी नदियां और नहरें भी हैं। बहुत पहले इस स्थान पर गंगा जी की धारा सागर में मिलती थी। किंतु अब इसका मुहाना पीछे हट गया है। अब इस द्वीप के पास गंगा की एक बहुत छोटी सी धारा सागर से मिलती है। यह मेला पांच दिन चलता है। इसमें स्नान मुहूर्त तीन दिनों का होता है। यहां अलग से गंगा जी का कोई मंदिर नहीं है। मेले के लिए एक स्थान निश्चित है। कहा जाता है कि यहां स्थित कपिल मुनि का प्राचीन मंदिर सागर की लहरें बहा ले गई थी। मंदिर की मूर्ति अब कोलकाता में है और मेले से कुछ सप्ताह पूर्व यहां के पुरोहितों को पूजा-अर्चना के लिए मिलती है। गंगासागर में कपिल मुनि का प्राचीन मंदिर समुद्र में समा चुका है। 1973 में यहां उनका नया मंदिर बना।

# 'मुगल-ए-आजम' का यादगार प्रणय दृश्य और किस्सा-ए-शीशमहल

ANALYSIS

अजय कुमार शर्मा

फिल्म में मधुबाला का पहला दृश्य वह था जहां वे संगमरमर के बुत के रूप में खड़ी होती हैं। इस दृश्य को करने के लिए मधुबाला को कई घंटे मेकअप में बिताने पड़ते थे। उनका चेहरा और कपड़े के बाहर दिखाई देने वाले सभी अंग चिकनी मिट्टी से लीप दिए जाते थे। शरीर पत्थर सा दिखे इसलिए उनको एक रबड़ की पोशाक भी पहनना पड़ती थी। मुंबई की गर्मी में घंटों तक ऐसी अवस्था में रहना काफी तकलीफ देय था। अगले सीन में उन्हें एक गाना गाते हुए उस पर नृत्य भी करना था जिसे लच्छू महाराज ने कई दिनों की कड़ी रिहर्सल से तैयार कराया था। यह पूरा नृत्य उन्हीं पर फिल्माया गया और उन्होंने कहीं भी किसी डुप्लीकेट का इस्तेमाल नहीं किया। सेट पर उपस्थित सभी लोग मधुबाला की मेहनत और उसकी प्रतिभा से प्रभावित होते जा रहे थे। सबको यह समझ में आ गया था कि वह फिल्म का जरूरी और एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं । यह सब देखकर मधुबाला के पिता अताउल्ला के मन में लालच आ गया। वह अधिक पैसों की मांग करने लगा। उसका अनुबंध पचास हजार रुपयों का था लेकिन वह पच्चीस हजार और मांगने लगा। आसिफ ने उसकी इस बात पर कोई ध्यान नहीं दिया। एक दिन उन्हें अत्यधिक महत्वपूर्ण दृश्य को फिल्माना था और उन्हें अंदेशा था कि अताउल्ला उसे करने से पहले पैसों की मांग करके उसे नहीं करने देगा।

'मुगल-ए-आजम' के लिए जब मधुबाला का चयन हुआ तब तक फिल्म की थोड़ी बहुत शूटिंग की जा चुकी थी। इसलिए अब सभी कलाकारों को अनारकली का रोल अदा करने जा रही मधुबाला को देखने और उनके साथ काम करने का इंतजार था। फिल्म में मधुबाला का पहला दृश्य वह था जहां वे संगमरमर के बुत के रूप में खड़ी होती हैं। इस दृश्य को करने के लिए मधुबाला को कई घंटे मेकअप में बिताने पड़ते थे। उनका चेहरा और कपड़े के बाहर दिखाई देने वाले सभी अंग चिकनी मिट्टी से लीप दिए जाते थे। शरीर पत्थर सा दिखे इसलिए उनको एक रबड़ की पोशाक भी पहनना पड़ती थी। मुंबई की गर्मी में घंटों तक ऐसी अवस्था में रहना काफी तकलीफ देय था। अगले सीन में उन्हें एक गाना गाते हुए उस पर नृत्य भी करना था जिसे लच्छू महाराज ने कई दिनों की कड़ी रिहर्सल से तैयार कराया था। यह पूरा नृत्य उन्हीं पर फिल्माया गया और उन्होंने कहीं भी किसी डुप्लीकेट का इस्तेमाल नहीं किया। सेट पर उपस्थित सभी लोग मधुबाला की मेहनत और उसकी प्रतिभा से प्रभावित होते जा रहे थे। सबको यह समझ में आ गया था कि वह फिल्म का जरूरी और एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं । यह सब देखकर मधुबाला के पिता अताउल्ला के मन में लालच आ गया। वह अधिक पैसों की मांग करने लगा। उसका अनुबंध पचास हजार रुपयों का था लेकिन वह पच्चीस हजार और मांगने लगा। आसिफ ने उसकी इस बात पर कोई ध्यान नहीं दिया। एक दिन उन्हें अत्यधिक महत्त्वपूर्ण दृश्य को फिल्माना था और उन्हें अंदेशा था कि अताउल्ला उसे करने से पहले पैसों की मांग करके उसे नहीं करने देगा। तब उन्होंने



'मुगल-ए-आजम' के जनसंपर्क अधिकारी तारकनाथ गांधी को बुलाकर समझाया कि आज तुम उसे कहीं ले जाओ और किसी बात में उलझाकर रखो। इन दिनों अताउल्ला के हाथों में काफी पैसा रहता था। इसलिए वह सट्टा, जुआ, ताश आदि बुरी आदतों का शिकार बन चुका था। तब आसिफ और तारकनाथ में तय हुआ कि ताश के खेल में अताउल्ला को पूरी तरह उलझाकर रखा जाए और इधर जल्द से जल्द शूटिंग पूरी की जाए। अताउल्ला हमेशा की तरह मधुबाला को लेकर उपस्थित हुआ। उसके साथ आसिफ तथा और लोगों ने इधर-उधर की बातें की। तारकनाथ भी उनमें शामिल हुआ और शूटिंग शुरू होने के समय तारकनाथ ने अताउल्ला को रमी खेलने की चुनौती दे दी। वह तारकनाथ के साथ पैसे लगाकर रमी खेलने के लिए तैयार हो गया। दोनों दूर एक कमरे में जाकर रमी खेलने लगे। आसिफ ने तारकनाथ को पहले ही समझा दिया था कि तुम कभी नहीं जीतोगे, हमेशा हारते रहोगे और अताउल्ला को पैसे जीतने दोगे। आसिफ ने उसकी जेब में एक हजार रुपये पहले ही रख दिए थे। योजना के अनुसार अताउल्ला पहले दांव से ही जीतने लगा। कुछ देर बाद तारकनाथ के रूप खत्म हो गए,तब वह पांच सौ रुपये और ले आए। उस दिन की शूटिंग खत्म होने की घोषणा तक अताउल्ला बारह सौ रुपये जीत गया था और वह बहुत खुश था। इस बीच उस दिन आसिफ को सलीम-अनारकली के बीच के उस यादगार उत्कट प्रणय दृश्य को फिल्माना था जिसमें हाथ में श्वेत-शुभ्र पंख लेकर सलीम हौले-हौले उसे अनारकली के गालों पर फेर रहा है। वह भी मन ही मन सलीम से एकरूप हो चुकी है। सलीम और अनारकली आगे बढ़ते हैं तथा उसके गालों पर पंख फेरते हुए भावावेश में वे एक-दूसरे का चुंबन लेते हैं लेकिन उसी क्षण कैमरे और चुंबन के बीच में शुभ्र-श्वेत पंख आकर ठहर जाता है। भारतीय फिल्मी परदे पर इससे पहले कई चुंबन दृश्य दिखाए गए लेकिन उनमें भाव उत्कटता के स्थान पर कामुकता ही अधिक दिखाई देती है। लेकिन 'मुगल-ए-आजम' के सलीम और अनारकली के इस चुंबन दृश्य को देखते समय उसमें कहीं भी कामुकता अथवा अश्लीलता दिखाई नहीं देती है। अत्यंत कोमलतापूर्ण और काव्यात्मक रूप में फिल्माया गया यह दृश्य आज भी अपने आप में अनूठा प्रणय दृश्य बन पड़ा है। इस फिल्म का सबसे चर्चित गीत ₹प्यार किया तो डरना क्या₹ के लिए एक विशेष शीशमहल बनवाया गया था और इसे रंगीन फिल्माया गया था। शीशमहल बनवाने में आसिफ और उसके सहयोगियों को पूरे दो साल खपना पड़ा। जहां नजर पहुंचे, वहां शीशे और आईने लगवाकर यह सेट तैयार किया गया था। इसके लिए आवश्यक शीशे खास तौर पर बेल्जियम से मंगाए गए थे। उन्हें नजाकत और नफासत से तरह-तरह के आकार देने का काम आगा सिराजी को सौंपा गया था। यह सेट इतना भव्य था कि इसका एक छोर बिलकुल स्टूडियो के भीतर वाले हिस्से से लगा हुआ था और दूसरा छोर स्टूडियो के प्रवेश द्वार से सटा हुआ था। ऐसे विराट सेट पर फोटोग्राफी करना कठिन बात थी। फोटोग्राफर आरडी माथुर ने अब तक ब्लैक एंड व्हाइट में ही फोटोग्राफी की थी। माथुर ने आसिफ को सलाह दी कि प्रारंभ में इसका थोड़ा रिहर्सल कराकर यह देखेंगे कि इस सेट पर इसकी फोटोग्राफी कैसे होती है? पहली बार जब बिजली के बड़े-बड़े बल्ब जलाकर कलाकारों के साथ फोटोग्राफी की पूरी तैयारी की गई, तब सबकी आंखें चौंधिया गई क्योंकि हर शीशे और आईने से लाइट फेंकी जा रही थी और चारों ओर तेज प्रकाश फैल जाने के कारण फोटोग्राफी को स्थगित करना पड़ता था। तरह-तरह के प्रयोग करने के बाद यह सुझाया गया कि इन शीशों पर सीधे लाइट छोड़ने के बदले प्रकाश को परावर्तित करके छोड़ा जाए जिससे प्रकाश बहुत तेज न होकर मद्धिम हो जाएगा। तब शीशमहल पर उस प्रकार से प्रकाश की योजना कर, थोड़ा सा फिल्मांकन किया गया और तब माथुर के चेहरे पर संतोष दिखाई दिया लेकिन आसिफ इससे भी संतुष्ट नहीं थे। उन दिनों सिर्फ लंदन में ही टेक्नीकलर पद्धति के रंगों की रासायनिक प्रक्रिया करके पक्की फिल्म बनाई जाती थी। वहां से आए परिणामों को आसिफ ने जब अपनी आंखों से देखा तब कहीं उसे इस प्रयोग के प्रति विश्वास हुआ और फिर आगे बढ़ने का उसने निर्णय किया। दो सालों की लगातार दिन-रात की मेहनत से तैयार किए गए इस सेट पर उस समय तीस लाख रुपये खर्च हो गए थे। इस सेट को लेकर जगह-जगह चर्चाएं भी होती थीं। इस सेट को बनाने और रंगीन फिल्माने की बात पर इस फिल्म की शूटिंग छह महीने रुकी रही और हालात यहां तक पहुंच गए कि निमार्ता शापूरजी ने आसिफ को हटकर यह फिल्म निर्देशन के लिए सोहराब मोदी को सौंपने की तैयारी कर ली और एक दिन सोहराब मोदी को सेट पर लेकर भी पहुंच गए लेकिन लेकिन मधुबाला के यह कहते ही कि इस फिल्म में मेरा कॉन्ट्रेक्ट आसिफ के निर्देशन में हुआ है , अगर कोई और इस फिल्म को करेगा तो मैं काम नहीं करूंगी पर थक हार कर शापूरजी को आसिफ को ही निर्देशन सौंपना पड़ा। मजेदार बात यह रही कि 1951 से 1960 के बीच के 9 साल के दर्मियान 'मुगल-ए-आजम' के इस सेट पर अनगिनत देशी-विदेशी मेहमान आए और अनगिनत दावतें भी हुईं। इन मेहमानों में सऊदी अरब के शेख सऊद बिन अब्दुल अजीज, अफगानिस्तान के शाही खानदान के लोग, नेपाल के वजीर-ए-आजम, इटली के मशहूर फिल्मकार राबर्टो रोजोलिनी, डॉक्टर जिवागो और लॉरेंस ऑफ अरेबिया के मशहूर हिदायतकार डेविड लीन, रूस और चीन के सरकारी कल्चरल डेलीगेशंस भी शामिल रहे।

**लेखक, वरिष्ठ कला एवं साहित्य समीक्षक हैं।**

# अब हसीना करें बांग्लादेश के हिन्दुओं का कर्ज अदा

पड़ोसी देश बांग्लादेश में उम्मीद के मुताबिक, मौजूदा प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को विजय हासिल हुई है। शेख हसीना ने फिर प्रधानमंत्री पद की शपथ ले ली है। पिछली 7 जनवरी को हुए आम चुनाव में शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग ने संसद की 300 में से 204 सीटें जीत लीं। इस बार 299 सीटों पर ही वोटिंग हुई थी। शेख हसीना 1996 से 2001 तक प्रधानमंत्री थीं। इसके बाद 2009 में फिर प्रधानमंत्री बनीं। तब से अब तक वे लगातार सत्ता पर काबिज हैं। बांग्लादेश में 10 प्रतिशत आबादी वाले हिन्दुओं के वोट एकमुश्त अवामी लीग को गए। इनमें कई सीटें तो ऐसी हैं, जहां हिन्दू वोटर 20 से 40 प्रतिशत तक है। इन्होंने खुलेआम हसीना के पक्ष में मतदान किया। अब शेख हसीना को भी सुनिश्चित करना होगा कि बांग्लादेश में हिन्दुओं पर होने वाले कट्टरपंथी हमले थम जाएं और वे उनके देश में सम्मान के साथ रहें। पहले देखने में आया है कि देश में अवामी पार्टी की नेता शेख हसीना के आम चुनाव में विजय के बाद हिन्दुओं पर प्रतिशोध में हमले होने लगे थे। राजशाही, जेसोर, दीनाजपुर वगैरह में हिन्दुओं पर भीषण हमले हुए। उन्हें मारा गया और उनकी संपत्ति को हानि पहुंचाई गई। शेख हसीना को अब अपने देश के हिन्दुओं को जिहादी कसाइओं का आसान ग्रास बनाने से बचाना होगा। अफसोस कि वहां पर हिन्दू बुरी तरह से पीड़ित है। मन्दिरों व हिन्दू घरों को खुलेआम तोड़ा व जलाया जाता है। भारत सरकार भी इस बात को सुनिश्चित करे कि बांग्लादेश की धरती पर हो रहे जिहादियों के नंगे नाच को रोका जाए और जो लोग वहां से पलायन को मजबूर हैं , उन्हें सीमा पर ही सीमा सुरक्षा बल के शिविरों में सुरक्षा व सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर जुल्मो-सितम रुकते ही नहीं हैं। जब 1947 में भारत का बंटवारा हुआ था, उस समय पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान बांग्लादेश) में हिन्दू वहां की आबादी के 30 से 35 फीसदी के बीच थे। पर अब वहां हिन्दुओं की कुल आबादी मात्र 8 फीसदी है। बांग्लादेश में शायद ही ऐसा कोई दिन बीतता हो, जब किसी हिन्दू महिला के साथ कट्टरवादी बदतमीजी न करते हों। क्या बांग्लादेश में हिन्दुओं के उत्पीड़न की खबरें उन भारतीय सेकुलर नेताओं तक नहीं पहुंचती हैं, जो हमास के किसी आतंकी को मारने पर इजराइल को पानी पी-पीकर कोसते हैं? भारत में कुछ लोग अक्सर यह भी कहते हैं कि पाकिस्तान और भारत के राजनेता अपने स्वार्थ के लिए ही दोनों देशों के बीच खटास पैदा करते रहते हैं, जबकि दोनों देशों के आम लोग अमन चाहते हैं, एक-दूसरे से मोहब्बत करते हैं। ऐसे लोग अपने पाकिस्तान के मित्रों से यह क्यों नहीं पूछते कि पाकिस्तान में हिन्दू एक प्रतिशत से भी कम क्यों रह गए हैं? यदि पाकिस्तान के मुस्लिम अपने यहां के हिन्दुओं से मोहब्बत करते तो वे लुट-पीटकर भारत नहीं आते? पाकिस्तान में हिन्दुओं की आबादी कम होने की सबसे बड़ी वजह है जबरिया मतान्तरण। हिन्दुओं को जबरदस्ती इस्लाम कबूलवाया जाता है। इस पर भारतीय सेकुलर कभी कुछ क्यों नहीं बोलते हैं? पाकिस्तान व बंगलादेश में हिन्दुओं के साथ घटने वाली नृशंस घटनाएं क्या उनकी संवेदनाएं कभी झकझोर पाएंगी? या वे पूर्णतः संवेदनहीन हो चुके हैं? तस्लीमा नसरीन ने भी अपने उपन्यास ह्ललज्जाह्व में कुछ इसी तरह की जानकारी दी थी, जिसका वहां के मुस्लिम कट्टरपंथियों ने भारी विरोध भी किया था। उस विरोध के कारण ही तस्लीमा नसरीन को पहले बांग्लादेश और फिर भारत के पश्चिम बंगाल राज्य को छोड़ना पड़ा था। कुछ समय पहले खबरें आ रही थीं कि बांग्लादेश के नोआखाली में हिन्दू आबादी कठमुल्लों के निशाने पर थी। यह वही नोआखाली थी जहां पर 1946 में महात्मा गांधी ने जाकर हिन्दुओं के कत्लेआम को रोकने की कोशिश की थी। नोआखाली देश की आजादी के बाद पूर्वी पाकिस्तान का हिस्सा बना और पाकिस्तान के दो फाड़ होने के बाद बांग्लादेश का अंग बना। यह सुदूर पूर्वी बंगाल में है। वहां पर धार्मिक उन्मादियों की भीड़ ने इस्कॉन मंदिर में भी तोड़फोड़ की थी। हमलावरों ने मंदिर में मौजूद भक्तों के साथ भी जमकर मारपीट की थी। अगर हम इतिहास के पन्नों को खंगाले तो पता चलेगा कि गांधी जी को कांग्रेस के नेता डॉ. विधान चंद्र राय ने 18 अक्टूबर 1946 को बताया था कि नोआखाली के हालात लगातार बिड़गते जा रहे हैं। हिन्दुओं का नरसंहार हो रहा है और उनकी महिलाओं के साथ घृणित कर्म किया जा रहा है। मोहम्मद अली जिन्ना के डायरेक्ट एक्शन के बाद कोलकाता में भड़की हिंसा और कत्लेआम का भयंकर असर नोआखाली में भी हुआ था। गांधी जी ने स्थिति की गंभीरता को समझा और उन्होंने 19 अक्टूबर,1946 को नोआखली जाने का फैसला किया। गांधी जी 6 नवंबर 1946 को नोआखली के लिए रवाना हुए और अगले दिन वहां पहुंच गए। उनके साथ उनके निजी सचिव प्यारे लाल नैयर, डॉ. राम मनोहर लोहिया, उनकी अनन्य सहयोगी आभा और मनु बेन वगैरह भी थे। बापू 9 नवंबर को नंगे पैर नोआखली के दौरे पर निकले। उन्होंने अगले सात हफ्तों में 116 मील की दूरी तय की और 47 गांवों का दौरा किया। गांधी जी ने चार महीने मुस्लिम लीग की सरकार की तमाम अड़चनों के बाद भी गांव- गांव पैदल घूम कर पीड़ित हिन्दुओं के आंसू पोंछने और हौसला दिलाने का काम किया। पाकिस्तान बनने के बाद तमाम उथल-पुथल और कानूनी जंग के बावजूद गांधी आश्रम आज भी वहां है। लेकिन वहां कठमुल्ले मौका मिलते ही हिन्दुओं को मारने लगते हैं। खैर, फिर से बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को अपने देश के हिन्दुओं के कर्ज को उतारना होगा जो उनके पक्ष में खुलकर एकमुश्त वोट डालते हैं।

# अस्तित्व के बजाय विरोध में कांग्रेस की दिलचस्पी

राम मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह का बुलावा कांग्रेस के सामने दो तरह की चुनौतियां लेकर आया था। पहली चुनौती सांप्रदायिकता विरोध की अपनी राजनीति को बचाये रखना थी। कांग्रेसी नेतृत्व और रणनीतिकार शायद ही इसे स्वीकारें। उसके सामने दूसरी चुनौती अपने अस्तित्व को लेकर थी। तटस्थ नजरिये से देखें, तो कांग्रेस ने अपने कथित सांप्रदायिकता विरोधी रुख को बरकरार रखना ही चुना है, भले उसके अस्तित्व पर आशंका के बादल मंडराने लगें। कांग्रेस के रणनीतिकार मानते हैं कि राम मंदिर का आंदोलन सांप्रदायिकता की बुनियाद पर खड़ा हुआ है। पता नहीं, वे यह स्वीकार करते हैं या नहीं, लेकिन यह सच है कि कांग्रेस इसी रुख के कारण उत्तर भारत के अपने गढ़ों से सिमटती चली गयी। जिस उत्तर प्रदेश से उसका केंद्रीय नेतृत्व जुड़ा हुआ है, वहां सिर्फ एक सीट कांग्रेस के कब्जे में है। राज्य की 403 सदस्यों वाली विधानसभा में उसके दो ही विधायक हैं। बिहार की 40 लोकसभा सीटों में से उसके पास सिर्फ एक सांसद है, जबकि 243 सदस्यीय विधानसभा में 19 विधायक हैं। वैसे विधायकों की संख्या के पीछे उसके सहयोगी राष्ट्रीय जनता दल का हाथ है। झारखंड में कांग्रेस का एक सांसद और 18 विधायक हैं। यहां भी उसके सहयोगी दलों का योगदान है। उम्मीद थी कि कांग्रेस प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होकर अपने अस्तित्व पर आये संकट को टालने की कोशिश करेगी, लेकिन उसने कथित सांप्रदायिकता विरोध की राह को चुना है। कांग्रेस का स्थानीय नेतृत्व ऐसा नहीं चाहता था। कांग्रेसी विधायकों ने किसी और दिन राम मंदिर जाने का एलान भी कर रखा है। कांग्रेसी नेता भी अब गाहे-बगाहे बोलने लगे हैं कि राम किसी एक के नहीं, बल्कि सबके हैं। मतलब साफ है कि स्थानीय नेतृत्व राम मंदिर आंदोलन से साथ अलग हुए सवर्ण वोटरों के एक तबके के साथ अपना रिश्ता जोड़ना चाहता है, लेकिन कांग्रेसी आलाकमान और उनके सलाहकारों को शायद यह पसंद नहीं आ रहा है। यह नहीं भूलना चाहिए कि मंदिर को लेकर भले ही आंदोलन सैकड़ों वर्षों से चल रहा हो, लेकिन उसे गति विवादित ढांचे का ताला खुलवाने के बाद ही मिली। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के निर्देश पर नवंबर 1989 में ताला खोला गया था और नौ नवंबर को प्रतीकात्मक शिलान्यास हुआ था। उन दिनों शाहबानो मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलटने के बाद राजीव सरकार अल्पसंख्यक तुष्टीकरण के आरोपों का सामना कर रही थी। कुछ वक्त बाद चूंकि आम चुनाव होने थे, लिहाजा आरोपों को थामने और हिंदूवादी वोटरों का साथ पाने के लिए राजीव सरकार ने शिलान्यास का फैसला लिया। लेकिन कांग्रेस का वह दांव उलटा रहा। राम मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह का बुलावा कांग्रेस के लिए अल्पसंख्यकवाद की राजनीति का उत्तर भारतीय वोटरों के बीच जवाब देने का मौका हो सकता था। वह समारोह में शामिल होकर कह सकती थी कि राम सबके हैं, किसी दल विशेष के नहीं। इस कदम से भाजपा की मुश्किल बढ़ सकती थी। हालांकि भाजपा के पास यह भी कहने का मौका होता कि जिस कांग्रेस ने राम के अस्तित्व को ही नकार दिया था, उसे भी राम की शरण में आना पड़ा है। राजनीति में ऐसी बातें होती रहती हैं, लेकिन असल खेल वोटरों के सामने अपनी अहमियत साबित करना होता है। कांग्रेस चाहती, तो इस मौके का इस नजरिये से इस्तेमाल कर सकती थी। समारोह में न जाने का फैसला कर उसने एक तरह से धारा के खिलाफ जाने का काम किया है। हालिया विधानसभा चुनावों में प्रदर्शन के बाद जिस तरह का नैरेटिव पार्टी ने पेश किया, उससे लगता है कि उसे उत्तर भारत से ज्यादा उम्मीद नहीं है। तेलंगाना विंध्य पर्वतमाला से दक्षिणी इलाके में पड़ता है। कुछ महीने पहले कर्नाटक में कांग्रेस को जीत मिली थी।

## Social Media Corner

सच के हक में...



आज हम भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की राष्ट्र के प्रति असाधारण सेवा के 150 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। मौसम की भविष्यवाणी करने से लेकर जलवायु अनुसंधान को आगे बढ़ाने तक, आईएमडी ने जीवन की सुरक्षा और पर्यावरण के बारे में हमारी समझ को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)**



सेना दिवस पर सेना के जवानों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं! भारतीय सेना में अनुकरणीय बहादुरी की एक लंबी परंपरा है, जो अत्यंत समर्पण के साथ देश की सीमाओं की रक्षा करती है। उनकी देशभक्ति सभी नागरिकों के लिए प्रेरणा का एक बड़ा स्रोत बनी हुई है। संघर्ष के साथ-साथ शांति की स्थितियों में भी, हमारे बहादुर सैनिक हर संभव तरीके से देश की सेवा करने के लिए तैयार रहते हैं। आज कृतज्ञ राष्ट्र मातृभूमि के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वालों को श्रद्धांजलि देता है और भारतीय सेना के जज्बे को सलाम करता है! मैं सेना के सभी सदस्यों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं।

**(राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का 'एक्स' पर पोस्ट)**

# सर्दी और कोहरा

जब उत्तर भारत में घने कोहरे और कड़ाके की सर्दी का क्रम जारी है, तब सचेत व तैयार रहना समय की मांग है। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और पश्चिमी राजस्थान में शीतलहर की स्थिति है। बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तराखंड में भी कोहरा छाया हुआ है। पूर्वोत्तर में भी कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी का अनुमान है। हालांकि, दक्षिण भारत के ज्यादातर इलाकों में बारिश और शुष्क मौसम की स्थिति बनी हुई है। उत्तर भारत में सर्दी की वजह से न केवल यातायात प्रभावित हो रहा है, बल्कि दुर्घटनाएं भी बढ़ गई हैं। अभी ठंड की वजह से जान गंवाने वालों के आंकड़े सामने नहीं आए हैं, पर अस्पतालों में रोगियों की संख्या बढ़ गई है। बेघर गरीबों और बुजुर्गों को सर्दी की वजह से ज्यादा तकलीफ हो रही है, तो यह समाज के लिए संवेदना का समय है। क्या ठंड अब ज्यादा चुभने लगी है? क्या इसके लिए जलवायु परिवर्तन जिम्मेदार है? वैज्ञानिकों का मानना है कि अत्यधिक ठंड के लिए जलवायु परिवर्तन सीधे तौर पर जिम्मेदार है। जलवायु परिवर्तन के चलते दुनिया भर में औसत और अत्यधिक तापमान, दोनों में वृद्धि हो रही है। पूरी दुनिया में मौसम का ढर्रा बदल रहा है। जैसे-जैसे वैश्विक तापमान बढ़ता है, ध्रुवीय भंवर जैसे पारंपरिक मौसम पैटर्न बाधित होते हैं। इससे ध्रुवीय भंवर या अत्यधिक ठंड का प्रसार दुनिया के दूसरे क्षेत्रों में हो सकता है। मतलब, आर्कटिक की सर्दी बाकी दुनिया में फैल सकती है और शायद फैलने भी लगी है। कुछ अध्ययनों से यह पता चलता है कि अत्यधिक ठंड अत्यधिक गरमी की तुलना में अधिक घातक होती है। द लांसेट ने साल 2021 में नौ देशों में लगभग 6.50 करोड़ मौतों का अध्ययन करके यह पाया कि 2019 में उन सभी देशों में औसत ठंड के चलते होने वाली मृत्यु दर गरमी के कारण होने वाली मृत्यु दर से अधिक हो गई है।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899 Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# लैपटॉप, टैबलेट आयात पर आंकड़ों के आकलन के बाद निर्णय लेगी सरकार: अधिकारी

**नई दिल्ली ।**


सरकार आयात के आंकड़ों का आकलन करने के बाद लैपटॉप और टैबलेट जैसे कुछ आईटी हार्डवेयर उत्पादों पर मौजूदा आयात प्रबंधन प्रणाली को लेकर सितंबर में निर्णय लेगी। भारत ने पिछले साल अक्टूबर में एक आयात प्रबंधन प्रणाली लागू की थी। इसके तहत इन उत्पादों के आयातकों को सरकार से मंजूरी लेनी होगी। इस प्रणाली का उद्देश्य बाजार की आपूर्ति को नुकसान पहुंचाए बिना या बोझिल लाइसेंसिंग व्यवस्था बनाए बिना देश में लैपटॉप, टैबलेट और कंप्यूटर के आयात की निगरानी करना है। आयातकों को कई अधिकृत मंजूरियों के लिए आवेदन करने की अनुमति है और ये मंजूरियां 30 सितंबर, 2024 तक वैध होंगी। ये मंजूरियां उन्हें अगले साल सितंबर तक आयात के लिए किसी भी संख्या में खेप के लिए जारी की जाएंगी। सितंबर, 2024 के बाद के परिदृश्य पर अधिकारी ने कहा` कि हम आयात की निगरानी कर रहे हैं, हम आंकड़े देख रहे हैं। इसलिए जो भी आंकड़े आएंगे, आगे के कदम उसी के आधार पर होंगे। सरकार ने एक नवंबर, 2023 को एप्पल, डेल और लेनोवो सहित कुल 111 आवेदनों में से 110 को मंजूरी दे दी, जिन्होंने नई प्रणाली के कार्यान्वयन के पहले दिन लगभग 10 अरब डॉलर के इन आईटी हार्डवेयर उत्पादों के आयात की अनुमति मांगी थी। अधिकारी ने कहा` कि सरकार पहले ही सालाना आयात से अधिक आयात की अनुमति दे चुकी है। तो कौन सी कंपनियां हैं, किस तरह की आपूर्ति आ रही है, निर्णय लेने से पहले इस पर गौर करना होगा। भारत इन वस्तुओं के घरेलू विनिर्माण को भी बढ़ावा दे रहा है और बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना शुरू करने जैसे कई कदम उठाए गए हैं।



# सोना महंगा हुआ, चांदी भी चमकी

**नई दिल्ली ।**

इस सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को सोने और चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। सोमवार को सोने के वायदा भाव 62,500 हजार रुपये और चांदी के वायदा भाव 72,700 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। वै श्विक बाजार में सोने और चांदी के वायदा भाव में तेजी देखी जा रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क फरवरी कॉन्ट्रेक्ट 140 रुपये की तेजी के साथ 62,502 रुपये के भाव पर खुला जो 167 रुपये की तेजी के साथ 62,529 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरूआत भी आज तेजी के साथ हुई। एमएसएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रेक्ट 316 रुपये की तेजी के साथ 72,796 रुपये के भाव पर खुला जो 226 रुपये की तेजी के साथ 72,706 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था।



वहीं वै श्विक बाजार में कॉमेक्स पर सोना 2,053.39 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,051.60 डॉलर था जो 7.20 डॉलर की तेजी के साथ 2,058.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 23.35 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 23.32 डॉलर था, जो 0.09 डॉलर की तेजी के साथ 23.42 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# कोयला खदानों से उत्पादित गैस के लिए रिलायंस चाहती है न्यूनतम 10 डॉलर



**नई दिल्ली।**

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने कहा है कि वह कोयला खदानों से उत्पादित होने वाली गैस के लिए न्यूनतम 10 डॉलर चाहती है। कंपनी ने बदले ऊर्जा परिदृश्य में अपने मूल्य निर्धारण सूत्र में बदलाव किया है। कंपनी ने ठेका जारी करते हुए कहा कि रिलायंस ने मध्य प्रदेश में कोल-बेड मीथेन (सीबीएम) ब्लॉक एसपी (पश्चिम) सीबीएम-2001/1 से प्रतिदिन नौ लाख मानक क्यूबिक मीटर गैस का उत्पादन करने के लिए उपयोगकर्ताओं से बोलियां मांगी हैं। उपयोगकर्ताओं से उस प्रीमियम का उद्धरण देने के लिए कहा गया है जो वे दिनांकित ब्रेंट कच्चे तेल की कीमत के 12.67 प्रतिशत से अधिक का भुगतान करने को तैयार हैं। गैस की कीमत दिनांकित ब्रेंट प्लस प्रीमियम 'वी' के 12.67 प्रतिशत से अधिक होगी या पारंपरिक गैस के लिए सरकार द्वारा घोषित मासिक मूल्य पर होगी। जनवरी के लिए सरकार द्वारा निर्धारित कीमत 7.82 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू है। रिलायंस ने 'वी' की शुरुआती बोली कीमत 0.50 डॉलर प्रति 10 लाख ब्रिटिश थर्मल यूनिट तय की है। बोलीदाताओं को 0.50 डॉलर से अधिक 'वी' बोली लगानी होगी। ब्रेंट कच्चे तेल की मौजूदा कीमत 78 डॉलर प्रति बैरल पर न्यूनतम गैस कीमत 10 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू (78 डॉलर का 12.67 प्रतिशत 9.88 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू है) आती है। निविदा दस्तावेज के अनुसार 31 जनवरी को ई-नीलामी की योजना है। अनुबंध की अवधि एक अप्रैल से शुरू होगी, जो एक से दो साल के लिए है।

# खाड़ी में अपना परिचालन बढ़ाएगी फर्स्टक्राइ

**- फर्स्टक्राइ सऊदी में 12 नए स्टोर खोलेगी**




**नई दिल्ली ।**

बच्चों के उत्पाद वाले ब्रांड फर्स्टक्राइ की मूल कंपनी ब्रेनबीज सॉल्युशंस की सऊदी अरब में अपना परिचालन बढ़ाने पर विचार कर रही है, जहां शिशु देखभाल उत्पादों पर औसत खर्च भारत के मुकाबले करीब 8 गुना है। सॉफ्टबैंक समर्थित फर्म ने दिसंबर में विवरणिका का मसौदा (डीआरएचपी) जमा कराया था और वह आईपीओ से मिलने वाले 155 करोड़ रुपये का उपयोग खाड़ी देश में परिचालन के विस्तार पर करेगी, जहां पहले से ही वह अग्रणी कंपनी है। डीआरएचपी के मुताबिक फर्स्टक्राइ की योजना सऊदी में 12 नए स्टोर खोलने पर 73 करोड़ रुपये के निवेश की है। साथ ही वह 2.5 लाख वर्गफुट का गोदाम बनाने पर 83 करोड़ रुपये लगाएगी, जिससे कंपनी को वितरण में मजबूती लाने और वहां ऑफलाइन मौजूदगी में विस्तार करने में मदद मिलेगी। भारत में फर्स्टक्राइ 936 खुदरा स्टोर का परिचालन करती है, जिसे 80 गोदामों और स्टॉकिस्टों से मदद मिलती है। कंपनी बच्चों के उत्पादों के लिए सबसे बड़ा मल्टी चैनल रिटेलिंग प्लेटफॉर्म है। सऊदी अरब में चाइल्डकेयर प्रॉडक्ट्स पर खर्च करीब 60,000 रुपये होता है जबकि भारत में करीब 8,000 रुपये। सऊदी अरब में जन्म की उच्च दर 17.5 प्रति हजार साल 2021 में थी, जो भारत में 16.4 और चीन में 7.5 है। खाड़ी सहयोग परिषद के क्षेत्र में सऊदी अरब सबसे बड़ा चाइल्डकेयर प्रॉडक्ट मार्केट है, जो साल 2022 में अनुमानित तौर पर 49,400 करोड़ रुपये का था। अनुमान है कि यह साल 2027 तक सालाना 4 फीसदी की रफ्तार से बढ़कर 59 से 63 हजार करोड़ रुपये पर पहुंच जाएगा। यह बढ़त ई-कॉमर्स के प्रसार में इजाफा, रोजगार की उच्च दर, बच्चों के स्वास्थ्य व सुरक्षा को लेकर माता-पिता की बढ़ती जागरूकता और व्यापक विकल्प की उपलब्धता के चलते हुई है।

# आईटी कंपनियों में उछाल के बाद सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी नए शीर्ष पर

**मुंबई ।**

आईटी कंपनियों के शेयरों में तेज उछाल के कारण लगातार दूसरे दिन घरेलू शेयर बाजारों के मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को कारोबार के दौरान अपने नए शीर्ष पर पहुंच गए। बीएसई सेंसेक्स 1.05 फीसदी की बढ़त के साथ पहली बार 73,000 के स्तर के पार पहुंचा। वहीं, निफ्टी50 भी इंट्राडे में 22,000 के नए शिखर पर पहुंच गया। सोमवार के कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 759 अंक मजबूत हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 215 अंक की बढ़त दर्ज की गई। व्यापक बाजारों में, बीएसई मिडकैप इंडेक्स 38,162 की नई ऊंचाई पर पहुंच गया और बीएसई स्मॉलकैप 44,872 पर पहुंच गया। दोनों सूचकांक क्रमशः 0.67 प्रतिशत और 0.11 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 759.49 अंक की भारी बढ़त के साथ 73,327.94 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में सोमवार को 72,909.00 और 73,402.16 के रेंज में कारोबार हुआ। वहीं, दूसरी ओर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी में भी 215.90 अंक की बढ़त दर्ज की गई। निफ्टी दिन के अंत में 22,110.45 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी में सोमवार को 21,963.55 और 22,115.55 के रेंज में कारोबार हुआ।



# भारत और नेपाल की अनधिकृत कारोबार से निपटने को लेकर बैठक हुई

**काठमांडू ।**

भारत और नेपाल ने अनधिकृत व्यापार से निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण संयुक्त बैठक हुई` जिसमें दोनों देशों ने परस्पर निवेश बढ़ाने और वाणिज्यिक बुनियादी ढांचे के विकास के लिए रणनीतियों की समीक्षा करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला है। भारतीय दूतावास की ओर से जारी एक बयान के अनुसार व्यापार, पारगमन और अनधिकृत व्यापार से निपटने पर सहयोग पर भारत-नेपाल अंतर-सरकारी उप-समिति (आईजीएससी) ने भी भारत और नेपाल के बीच निर्बाध सीमा पार संपर्क को मजबूत करने का आह्वान किया। इसमें नए एकीकृत नाके और रेलवे लिंक का निर्माण भी शामिल है। बैठक में भारतीय पक्ष ने प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को बढ़ावा देने के लिए पेरिस सम्मेलन के प्रावधानों के अनुसार एक बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) व्यवस्था की जरूरत पर भी जोर दिया। बयान में कहा गया` कि दोनों पक्षों ने दवा और आयुर्वेदिक उत्पादों के लिए आपसी बाजार पहुंच सुनिश्चित करने पर भी चर्चा की।



# दिसंबर में थोक मुद्रास्फीति बढ़कर 0.73 प्रतिशत पर

**नई दिल्ली ।** खाद्य पदार्थों, खासकर सब्जियों तथा दालों की कीमतों में तेज उछाल से थोक मुद्रास्फीति दिसंबर में बढ़कर 0.73 प्रतिशत हो गई। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल से अक्टूबर तक लगातार शून्य से नीचे बनी हुई थी। नवंबर में यह 0.26 प्रतिशत थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी एक बयान के अनुसार वस्तुओं, मशीनरी तथा उपकरण, विनिर्माण, परिवहन अन्य उपकरण तथा कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक तथा ऑप्टिकल उत्पादों आदि की कीमतों में वृद्धि दिसंबर 2023 में थोक मुद्रास्फीति में बढ़ोतरी का कारण रही। खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति दिसंबर में बढ़कर 9.38 प्रतिशत रही, जो नवंबर में 8.18 प्रतिशत थी। दिसंबर में सब्जियों की महंगाई दर 26.30 प्रतिशत, जबकि दालों की महंगाई दर 19.60 प्रतिशत थी। पिछले सप्ताह जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार दिसंबर के लिए खुदरा या उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति बढ़कर चार महीने के उच्चतम 5.69 प्रतिशत पर पहुंच गई। भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने पिछले महीने अपनी द्विमासिक मौद्रिक नीति में ब्याज दरों को स्थिर रखा था। साथ ही नवंबर और दिसंबर में खाद्य मुद्रास्फीति बढ़ने के जोखिमों को चिह्नित किया था।

# सर्वश्रेष्ठ देशों के वैश्विक सूचकांक में भारत को 35वां स्थान, ब्रिटेन शीर्ष पर

**दावोस ।**

भविष्य की संभावनाओं का लाभ उठाने के लिए सर्वश्रेष्ठ देशों के वैश्विक सूचकांक में भारत को 35वां स्थान दिया गया है, जबकि इस सूची में ब्रिटेन शीर्ष पर है। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक से इतर न्यूजवीक वैंटेज और होराइजन समूह ने सोमवार को फ्यूचर पॉसिबिलिटीज इंडेक्स (एफपीआई) जारी किया। शीर्ष पांच में ब्रिटेन के बाद डेनमार्क, अमेरिका, नीदरलैंड और जर्मनी हैं। बड़े उभरते बाजारों में चीन इस साल 19वें स्थान पर है। वहीं ब्राजील 30वें, भारत 35वें और दक्षिण अफ्रीका 50वें स्थान पर रहा। अध्ययन में उन कारकों की तुलना की गई जो सरकारों, निवेशकों तथा अन्य निजी क्षेत्र के हितधारकों को 70 देशों में वृद्धि और कल्याण के लिए छह वैश्विक परिवर्तनकारी रुझानों का लाभ उठाने में मदद करेंगे। एक्साबाइट इकोनॉमी (उन्नत डिजिटल प्रौद्योगिकियां), वेलबीइंग इकोनॉमी (स्वास्थ्य रोकथाम व कल्याण), नेट जीरो इकोनॉमी (कार्बन उत्सर्जन में कमी), सर्कुलर इकोनॉमी (पुनर्चक्रण व पुनः उपयोग), बायोग्रोथ इकोनॉमी (खाद्य व कृषि नवाचार) और एक्सपीरियंस इकोनॉमी (भौतिक वस्तुओं के बजाय अनुभवों की खपत) ये छह वैश्विक परिवर्तनकारी रुझान हैं। अध्ययन में कहा गया कि सभी छह रुझानों में 2030 तक संयुक्त रूप से 44000 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की व्यापार संभावनाओं का अनुमान है, जो 2023 में वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का 40 प्रतिशत से अधिक है।

# निफ्टी के 22 हजार अंक पार करने के बाद ब्रोकरेज फर्मों ने दी सावधानी बरतने की सलाह

**नई दिल्ली।**

निफ्टी सोमवार को 22,000 अंक के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद ब्रोकरेज फर्मों ने निवेशकों से सावधानी बरतने की सलाह दी है, साथ ही कहा है कि स्मॉल-कैप में मुनाफावसूली हो सकती है।एक्सिस सिक्योरिटीज के एमडी और सीईओ प्रणव हरिदासन ने कहा कि इस महीने निफ्टी रैली में आईटी सेक्टर का काफी योगदान है और सस्ते वैल्यूएशन के साथ अच्छे नतीजों के कारण पिछले दो कारोबारी सत्रों में इसमें काफी तेजी आई है। हरिदासन ने कहा, लेकिन अब कुछ हद तक सावधानी बरतने की ज़रूरत है। कई बार ऐसी तेज़ रैली टिक नहीं पाती है। हमारा मानना है कि निकट अवधि का दृष्टिकोण सतर्क रहने का है और मुनाफावसूली का टाइम है, खासकर स्मॉल-कैप में। सैमको म्यूचुअल फंड के फंड मैनेजर पारस मटालिया ने कहा, पिछले कैलेंडर वर्ष में केवल 10 नए 52 सप्ताह के उच्चतम स्तर देखे गए, जबकि 2024 के कैलेंडर वर्ष में 29 नए 52 सप्ताह के उच्चतम स्तर आए। आज बाजार फिर से अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर खुले, जो कैलेंडर वर्ष 2024 के केवल 15 दिनों में दूसरा नया ऑल टाइम हाई प्वाइंट है। यह बताता है कि यह अब एक परिपक्व बाजार की तरह उभर रहा है। निवेशकों को इस तेजी की सवारी करनी चाहिए, लेकिन कमज़ोरियों पर कड़ी नज़र रखते हुए। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, खर्च में वृद्धि और मजबूत डील के बारे में बढ़ती उम्मीदों के साथ आईटी सूचकांक में तेजी के कारण बाजार में उछाल आया है। अमेरिकी बांड में रिटर्न कम हो गया है क्योंकि फेड की दरों में कमी का चक्र मार्च में शुरू होने की उम्मीद है।

इस हफ्ते चीन की जीडीपी और यूके मुद्रास्फीति डेटा जारी होने से निवेशकों के अधिक सावधानी बरतने की संभावना है।




# नई सॉनेट 7.99 लाख रुपये की कीमत में पेश

**-नवीनतम संस्करण में 25 सुरक्षा सुविधाएं मौजूद**

**नईदिल्ली ।** ऑटोमोबाइल सेक्टर की कंपनी किआ ने अपनी सबसे प्रीमियम कॉम्पैक्ट एसयूवी - नई सॉनेट को देश भर में 7.99 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) से शुरू होने वाली विशेष प्रारंभिक कीमत पर पेश किया है। किआ के दूसरे सबसे ज्यादा बिकने वाले इनोवेशन के इस नवीनतम संस्करण में 25 सुरक्षा सुविधाएं दी गई है, जिसमें 10 ऑटोनॉमस सुविधाओं वाला उत्कृष्ट एडैस और मजबूत 15 हाई-सेफ्टी विशेषताएं शामिल हैं। नई सॉनेट में 70 से अधिक कनेक्टेड कार सुविधाएं हैं, जैसे कि फाइंड माइ कार विद एसवीएम, जो सॉनेट का सबसे आरामदायक ड्राइव बनाने के लिए कार के आसपास का दृश्य प्रदान करता है और हिंग्लिश कमांड देता है। नई सॉनेट 19 अलग-अलग वेरिएंट में अपनी उपलब्धता के साथ विविध प्रकार के ड्राइविंग अनुभव प्रदान करती है, जिसमें 9.79 लाख रुपये से शुरू होने वाले 5 डीजल मैनुअल वेरिएंट भी शामिल हैं। 10 ऑटोनॉमस फंक्शन की विशेषता वाला सेगमेंट का बेस्ट एडैस लेवल 1, डीजल और पेट्रोल दोनों इंजन के लिए टॉप-ऑफ-द-लाइन वेरिएंट में उपलब्ध है। पेट्रोल में जीटी लाइन और एक्स-लाइन वेरिएंट की कीमत क्रमशः 14.50 और 14.69 लाख रुपये, और डीजल की कीमत 15.50 और 15.69 लाख रुपये है। नई मस्कुलर और स्पोर्टियर सॉनेट एक अपराइट बॉडी स्टाइल के साथ सड़क पर अपनी विशिष्ट उपस्थिति बरकरार रखती है। फ्रंट कलिजन-अवॉइडेंस असिस्ट, लीडिंग व्हीकल डिपार्चर अलर्ट और लेन फॉलोइंग असिस्ट जैसी 10 ऑटोनॉमस सुविधाओं से भरपूर, इस लोकप्रिय कॉम्पैक्ट एसयूवी का यह नवीनतम संस्करण आधुनिक भारतीय ग्राहकों के व्यक्तित्व से गहराई से मेल खाता है। सुरक्षित ड्राइविंग अनुभव देने के लिए, इसमें 6 एयरबैग, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल और व्हीकल स्टेबिलिटी मैनेजमेंट सहित, सभी वेरिएंट में मजबूत 15 हाई-सेफ्टी फीचर मानक तौर पर दिए गए हैं। सॉनेट में इस पेशकश के साथ, किआ ने अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में 6 एयरबैग मानक बना दिए हैं। इसके अलावा, सॉनेट में 10 बेस्ट-इन-सेगमेंट सुविधाएं दी गई है, इसमें डुअल स्क्रीन कनेक्ट पैनल डिज़ाइन, रियर डोर सनशेड कर्टेन, और सुरक्षा के साथ ऑल डोर पावर विंडो वन-टच ऑटो अप/डाउन जैसी सुविधाएं शामिल हैं। निकटतम प्रतिस्पर्धियों की तुलना में, नई सॉनेट में कम से कम 11 फायदेमंद सुविधाएं हैं और यह तकनीकी रूप से सबसे उन्नत और सुविधा से भरपूर कॉम्पैक्ट एसयूवी है। नई सॉनेट में अब एक नई ग्रिल और नए बम्पर डिजाइन, क्राउन ज्वेल एलईडी हेडलैंप के साथ एक उन्नत फ्रंट फेस, आर16 क्रिस्टल कट अलॉय व्हील और स्टार मैप एलईडी कनेक्टेड टेल लैंप दिए गए हैं।

# वैश्विक आर्थिक मंदी तीन दशकों में सबसे निचले स्तर पर : वैश्विक रिपोर्ट

**दावोस ।**

मौजूदा आर्थिक तथा भू-राजनीतिक झटकों के बीच वैश्विक आर्थिक वृद्धि के 2030 तक तीन दशकों में उसके सबसे` निचले स्तर पर गिरने का अनुमान है। सोमवार को एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। विश्व नेताओं की अपनी वार्षिक बैठक से पहले यहां फ्यूचर ऑफ ग्रोथ 2024 रिपोर्ट जारी करते हुए विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) ने कहा कि मंदी जलवायु संकट तथा कमजोर होते सामाजिक अनुबंध सहित कई परस्पर जुड़ी वैश्विक चुनौतियों को और बढ़ा रही है, जो संयुक्त रूप से वैश्विक वृद्धि में प्रगति को उलट रही हैं। रिपोर्ट में आर्थिक वृद्धि के लिए एक नए दृष्टिकोण का आह्वान किया गया जो दीर्घकालिक स्थिरता तथा समानता, गति तथा गुणवत्ता की जांच के साथ दक्षता को संतुलित करे। रिपोर्ट के अनुसार 107 अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि की गुणवत्ता का विश्लेषण करते हुए पाया गया कि उच्च आय वाली अर्थव्यवस्थाएं नवाचार तथा समावेशन पर सबसे अच्छा प्रदर्शन करती हैं, जबकि कम आय वाली अर्थव्यवस्थाएं स्थिरता पर। डब्ल्यूईएफ की प्रबंध निदेशक सादिया ज़ाहिदी ने कहा` कि प्रमुख चुनौतियों से निपटने के लिए वैश्विक वृद्धि बहाल करना आवश्यक होगा। हालांकि केवल वृद्धि ही पर्याप्त नहीं होगी। उन्होंने कहा` कि रिपोर्ट आर्थिक वृद्धि का आकलन करने के लिए एक नए तरीके का प्रस्ताव रखती है जो दीर्घकालिक स्थिरता, लचीलेपन तथा निष्पक्षता के साथ-साथ वैश्विक तथा राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के साथ संरेखित करते हुए भविष्य के लिए नवाचार के साथ दक्षता को संतुलित करता है। डब्ल्यूईएफ ने अपनी फ्यूचर ऑफ ग्रोथ पहल भी शुरू की। इस दो साल की पहल का मकसद आर्थिक वृद्धि के लिए एक नई राह तैयार करना, साथ ही संतुलित वृद्धि, नवाचार, समावेशन, स्थिरता आदि के सर्वोत्तम मार्गों की पहचान करने में अर्थशास्त्रियों तथा अन्य विशेषज्ञों के साथ मिलकर दुनिया भर के नीति निर्माताओं का समर्थन करना है। रिपोर्ट के अनुसार अधिकतर देश ऐसे वृद्धि कर रहे हैं जो न तो टिकाऊ और न ही समावेशी हैं।

इनकी नवाचार करने या उसका लाभ उठाने की क्षमता सीमित हैं और वैश्विक झटकों से निपटने में उनके योगदान तथा संवेदनशीलता को कम करती है।

# एआई के सही इस्तेमाल से नई ऊंचाइयों को छू सकते हैं: नादिर गोदरेज

**दावोस ।**

उद्योगपति नादिर गोदरेज ने कहा कि भारत में विनिर्माण, स्वास्थ्य सेवा तथा अन्य क्षेत्र कृत्रिम मेधा (एआई) के सही इस्तेमाल से नई ऊंचाइयों को छू सकते हैं। यहां विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे गोदरेज ने कहा कि भारत अपने नेट जीरो लक्ष्यों को समय सीमा से पहले हासिल कर सकता है क्योंकि देश जलवायु संबंधी मामलों पर सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। नेट जीरो का अर्थ है कि कोई देश वातावरण में कार्बन आधारित ग्रीनहाउस गैसों का जितना उत्सर्जन कर रहा है, उतना ही उसे सोख तथा हटा भी रहा है। यानी उसकी तरफ से वातावरण में ग्रीन हाउस गैसों का योगदान न के बराबर हो। गोदरेज इंडस्ट्रीज के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक नादिर गोदरेज ने कहा कि एआई में प्रक्रियाओं को सर्वोत्तम बनाकर विभिन्न क्षेत्रों की मदद करने की काफी क्षमता है। इसे विघटनकारी के बजाय एक सुविधा प्रदाता के रूप में देखा जाना चाहिए। जलवायु परिवर्तन, संघर्ष, भू-राजनीतिक तथा भू-आर्थिक चिंताएं और एआई द्वारा उत्पन्न अवसर तथा खतरे सोमवार से शुरू पांच दिवसीय डब्ल्यूईएफ वार्षिक बैठक में चर्चा के प्रमुख विषयों में से हैं। गोदरेज ने कहा कि बैठक में जलवायु परिवर्तन, वैश्विक आर्थिक चिंताओं और संघर्ष आदि पर समाधान सामने आने की उम्मीद है।



अगर आप भी उन पेरेंट्स में से हैं, जो यह मान कर बैठे हैं कि बच्चों को सब कुछ सिखाने की जिम्मेदारी स्कूल की है, तो अपने को थोड़ा दुरुस्त कर लें। अगर बच्चों को सुनहरे कल के लिए तैयार करना है, तो कुछ बातें आपको भी उन्हें सिखानी होंगी...

# ..बहुत जरूरी है बच्चों को यह सिखाना

## सवाल पूछना

हम बच्चों से क्या चाहते हैं? यही न कि वे चीजों को खुद ब खुद सीखना और समझना जानें। इसके बाद हमें उन्हें हर चीज सिखाने की जरूरत नहीं होगी। जो कुछ उन्हें भविष्य में जानना-सीखना होगा, वे अपने आप उन चीजों को कर पाएंगे। बच्चे ऐसा कर सकें, इसका सबसे बेहतर तरीका यही है कि आप उन्हें सवाल पूछना सिखाएं। हालांकि ज्यादातर बच्चे ऐसा करते भी हैं, ऐसे में पेरेंट्स होने के नाते आपकी यह जिम्मेदारी है कि आप बच्चों के हर सवाल का जवाब यथा-संभव देने की कोशिश करें। वैसे भी बच्चों की आदत होती है कि वे जब भी कुछ नया देखते हैं, उसके बारे में सवाल पूछना शुरू कर देते हैं। लिहाजा जब बच्चे सवाल पूछें तो उन्हें डांटें या दुत्कारें नहीं, बल्कि इनाम दें।

## पैशन खोजना

आपको क्या चीज आगे बढ़ाती है? आपका लक्ष्य, अनुशासन, बाहरी प्रेरणा, इनाम? नहीं, इनमें से एक भी चीज आपको आगे नहीं बढ़ाती। आपको आगे बढ़ाता है आपका पैशन। आप किसी चीज को लेकर इतने उत्साहित रहते हैं, कि हर वक्त उसी के बारे में सोचते रहते हैं। आपको कोई भी चीज करने में मजा आता है और जब वह चीज आकार लेती है तो आपको भीतर से खुशी होती है, यह है आपका किसी भी काम को करने का पैशन। अपने बच्चे की मदद उसका पैशन खोजने में कीजिए। किस काम को करने में उसे बहुत मजा आता है। उसकी रूचियों, उसके काम को हतोत्साहित मत कीजिए और न ही किसी चीज का मजाक उड़ाइए।

## प्रोजेक्ट संभालना

एक किताब लिखना, उसे बेचना, घर का कोई भी काम करना एक प्रोजेक्ट जैसा ही है। आप किसी भी एक प्रोजेक्ट पर अपने बच्चे के साथ काम कीजिए और उसे देखने दीजिए कि कोई भी चीज कैसे पूरी की जाती है। इसके बाद कोई भी काम उसे अपने-आप ज्यादा से ज्यादा करने दीजिए। उसमें आत्मविश्वास बढ़ेगा। उसके बाद उसके सीखने की प्रक्रिया एक प्रोजेक्ट के समान ही होगी।

## समस्याएं सुलझाना

यदि एक बच्चा कोई समस्या सुलझा सकता है तो वह दुनिया का कोई भी काम कर सकता है। कोई भी काम हमें डराने वाला हो सकता है, लेकिन देखा जाए तो वह महज एक समस्या है, जिसका हल होना है। एक नई स्किल, नया वातावरण, एक नई जरूरत किसी भी समस्या की वजह बन सकती हैं। इसलिए अपने बच्चे को समस्याएं सुलझाना सिखाइए। आप बच्चे के सामने साधारण समस्याएं रखिए और उसे कहिए कि वह इन्हें अपने हिसाब से सुलझाए। अगर वह उस समस्या को सुलझा नहीं पा रहा है तो आप तुरंत उसका हल मत बताइए, उसे थोड़ा जूझने दीजिए, उसे उस समस्या के सभी संभावित हल निकालने दीजिए और उसके प्रयासों के लिए उसे पुरस्कृत भी कीजिए। धीरे-धीरे बच्चे में किसी भी समस्या को लेकर आत्मविश्वास पैदा हो जाएगा और फिर शायद ऐसा कुछ नहीं बचेगा, जिसे वह हल नहीं कर सकता हो और आपकी समस्या भी बड़ी आसानी से हल हो जाएगी।

## अपने आप में खुश रहना

सभी पेरेंट्स अपने बच्चों को बहुत लाड़ करते हैं और यह मानकर चलते हैं कि बच्चों की खुशी के लिए उनका बच्चों के साथ होना बहुत जरूरी है। जब बच्चे बड़े हो जाते हैं तो उन्हें पता ही नहीं होता कि खुश कैसे रहा जाए और वे दोस्तों, शॉपिंग, वीडियो गेम्स, इंटरनेट जैसी बाहरी चीजों में अपनी खुशी ढूंढते हैं। जबकि एक बच्चे को आसानी से अपने-आप में खुश रहना सिखाया जा सकता है। वह खुद खेल सकता है, पढ़ सकता है, अपनी कल्पनाओं में खो सकता है। अपने बच्चे को शुरू से थोड़ी निजता की आदत डालें। उसे अकेले थोड़ा वक्त बिताने दें, वह खुद-ब-खुद खुश रहना सीख जाएगा।

सहनशक्ति

घर में बच्चों के चारों ओर सुरक्षित वातावरण होता है, लेकिन जब वे बाहरी दुनिया के संपर्क में आते हैं तो कई बार यह अनुभव उनके लिए डराने वाला, तकलीफदेह हो सकता है। इसलिए अपने बच्चों को शुरू से ही हर तरह के लोगों से मिलने की आदत डालें। उन्हें बताएं कि दुनिया में अलग-अलग तरह के लोग होते हैं और अलग होना कोई बुरी बात नहीं है।

## बदलाव स्वीकार करना

दुनिया हर क्षण बदलती रहती है और जो इस बदलाव को स्वीकार करके उसके साथ-साथ चलता है, वह हमेशा सुखी रहता है। जो लोग बदलाव नहीं चाहते या उससे डरते हैं, वे जिंदगी में बहुत ज्यादा आगे नहीं बढ़ पाते। चार्ल्स डार्विन का सिद्धांत भी यही कहता है। किसी चीज पर अडिग होना अच्छा है, लेकिन उस पर अड़ जाना खराब है, जिंदगी में चीजों को लेकर थोड़ी नरमाई या लोच होना चाहिए। यदि आप बदलाव के अनुकूल बन जाते हैं तो आपको नए-नए अवसर मिलते हैं। ये नए अवसर आपकी प्राथमिकता बन जाते हैं, जबकि ये पहले आपके आस-पास भी नहीं थे। तो बच्चों को सिखाएं कि यदि वे किसी भी तरह के बदलाव को स्वीकार करेंगे तो जिंदगी रोमांच से भरपूर बनी रहेगी।



आप किसी चीज को लेकर इतने उत्साहित रहते हैं, कि हर वक्त उसी के बारे में सोचते रहते हैं। आपको कोई भी चीज करने में मजा आता है और जब वह चीज आकार लेती है तो आपको भीतर से खुशी होती है....

# कैसे सजाएं आशियाना

अपने घर को ज्यादा सजाने के चक्कर में हम कभी-कभी इतना मशगूल हो जाते हैं कि वह बनावटी लगने लगता है। हमें लगता है कि हम हर तरह के सामान से अपने घर को सजाएं, परंतु वह सही नहीं है। कोई एक थीम लें और उसी पर कायम रह कर अपने घर को संवारें। हम आपको बता रहे हैं कुछ सामान्य गलतियां जो हम अपने नए घर को सजाने के वक्त कर बैठते हैं।



## कमरे को हद से ज्यादा ना सजाएं

एक कमरे को फर्नीचर और दूसरे सामानों से भरने में वक्त नहीं लगता, वकत लगता है उसके सही प्लेसमेंट में। कमरे को खचाखच ना भरें। उसमें आराम से आने-जाने की और कुछ खाली जगह हो। साज-सज्जा सोबर रखें और सफाई पर ध्यान दें, क्योंकि कमरा भरा-भरा होगा तो साफ सफाई नहीं हो पाएगी।

## जगह ना होने पर जबरदस्ती सामान जमाना

इसके लिए सबसे पहले अपनी बेकार की खरीददारी पर रोक लगाएं। बाजार में जो अच्छा दिख गया खरीद लाए, यह आदत गलत है। अगर कोई सामान कमरे के लिए फिट नहीं है तो उसे जमाने की कोशिश में समय ना बरबाद करें। एक व्यवस्थित और साफ कमरा ही दिखने में सुन्दर लगता है।

## अव्यवस्था फैलाना

घर में अधिक अव्यवस्था की जरूरत नहीं है। अव्यवस्था से आसानी से बचा जा सकता है, इसके लिए तीन बातें याद रखें -

- चीजें जो महत्वपूर्ण हैं
- चीजें जिनके बिना काम नहीं चल सकता
- अनावश्यक चीजों को बाहर निकाल दें

## ये तीन बातें अव्यवस्था को रोक देंगी

## कमरों में रोशनी के स्त्रोत कम होना

प्रकाश एक जरूरत है। यह सजावट के सबसे महत्वपूर्ण तत्वों में से एक है। सबसे पहले तो घर में प्राकृतिक प्रकाश आना चाहिए। पर्दे और सामान के गलत प्लेसमेंट से प्राकृतिक प्रकाश स्त्रोतों को ब्लॉक मत होने दें। अपने कमरे में एक से अधिक प्रकाश के स्त्रोत लगाएं।

## वेराइटी पर ध्यान ना देना

एक ही दुकान से अपना सारा सामान ना खरीदें। अलग-अलग दुकानों पर जाएं, इससे आपको भाव भी समझ आएगा और सामान की वेराइटी भी मिलेगी।

## बजट के महत्व को कम समझना

बहुत उत्सुक ना बनें और बहुत ज्यादा खरीदी ना करें। थोड़ा-थोड़ा कर के खरीददारी करें। सबकुछ एक बार में खरीदने की जल्दबाज़ी सही नहीं है। वही खरीदें जिसकी हाल-फिलहाल में ज़रूरत हो। एक बजट बनाएं और उस पर कायम रहें।

# चेहरे की झाइयों का कैसे होता है उपचार

झाइयां एक ऐसी अवस्था है जिसमें चेहरे पर भूरे व काले रंग के धब्बे पड़ जाते हैं। यह दोनों गालों से शुरू होकर, बाद में बटर फ्लॉय शेप में होने लगते हैं। कभी-कभी यह नाक और आंख के ऊपरी हिस्से (भौंहे) में भी होते हैं। पिगमेंटेशन कितनी गहराई तक है, उसके अनुसार झाइयों को चार भागों में विभाजित किया गया है, पढें अगले पेज पर ...

## एपीडर्मल झाइयां

इस अवस्था में केवल ऊपरी सतह ही प्रभावित होती है। इस तरह की झाइयों को ठीक करना आसान होता है।

## डर्मल झाइयां

इसमें पिगमेंटेशन त्वचा की गहराई तक होता है। इसका ट्रीटमेंट कठिन होता है।

मिश्रित - इस तरह की झाइयों का ट्रीटमेंट काफी कठिन होता है। इसमें लेज़र और पील उपचार आदि को संयुक्त रूप में दिया जाता है।

## अस्पष्ट झाइयां

इस तरह की झाइयां बहुत गहरे रंग की त्वचा में पाई जाती हैं। ऐसी अवस्था में त्वचा की स्थिति के बारे में जानना आसान नहीं होता।

## हार्मोनल असंतुलन

यह झाइयों का मुख्य कारण होता है। गर्भधारण करने की स्थिति में हो सकता है या गर्भ निरोधक गोलियां लंबे समय तक लेने से हो सकता है।

## अनुवांशिक कारण

अनुवांशिक कारणों से। धूप की किरणों से बचाव न करने की वजह से।

एलर्जी - कुछ कॉस्मेटिक उत्पाद जिनसे एलर्जी होने के बाद भी उपयोग करने के कारण।

थायरॉइड - झाइयां थायरॉइड बीमारी के मरीजों में भी देखी जा सकती है।

रजोनिवृत्ति - रजोनिवृत्ति के समय बढ़ जाती हैं। हार्मोनल असंतुलन होने की वजह से झाइयों का उपचार करना कठिन होता है। सही ढंग से उपचार कराने पर यह ठीक हो जाती है।

## गोरेपन की क्रीम

झाइयां दूर करने के लिए हायड्रोक्विनोन, ट्रेटिनोइन, रेटिनॉइड्स, कोजिक एसिड और विटामिन-सी आदि कई तरह की क्रीम्स का त्वचा की प्रकार व पिगमेंटेशन के अनुसार उपयोग किया जाता है।

## लेजर उपचार-

लेज़र उपचार से भी काफी मदद मिलती है। लेसर में क्यू-स्विच्ड लेज़र का उपयोग करते हैं जिससे मिलेनोसाइट कम हो जाते हैं। यह उपचार लेने के लिए कई बार क्लिनिक पर जाना पड़ता है यानी यह कई सीटिंग्स में किया जाता है। यह सीटिंग्स महीने में एक बार होती हैं।

## केमिकल पील उपचार-

इसमें ग्लाइकोपील, टीसीए पील, मेंडेलिक एसिड पील आदि विभिन्न पील का उपयोग होता है। पील उपचार के लिए कई सीटिंग होती हैं, इनमें 10 दिनों का अंतराल होता है।



## किसी सेलिब्रेटी से कम नहीं सीमा हैदर...सोशल मीडिया पर जलवा बरकरार, यूट्यूब से सीमा को मिल रहे पैसे

नई दिल्ली । पाकिस्तान से भागकर भारत आई सीमा हैदर यूं अब टीवी चैनलों पर कम दिखती है, लेकिन सोशल मीडिया पर सीमा का जलवा बरकरार है। सीमा के पोस्ट पर हजारों लोग कमेंट करते हैं। लाखों की संख्या में लोगा सीमा को फॉलो कर रहे हैं। सीमा अब यूट्यूब पर काफी सक्रिय रहती है, साल 2023 के अक्टूबर से सीमा को पैसे भी मिलने लगे हैं। इसके बाद अब उसके यूट्यूब चैनल पर बहुत तेजी से सब्सक्राइबर बढ़ रहे हैं। सोशल मीडिया पर सीमा की लोकप्रियता किसी सेलिब्रिटी से कम नहीं है। प्यार के खातिर चार बच्चों को लेकर अवैध तरीके से भारत आई सीमा हैदर अब एक सफल यूट्यूबर है। सीमा रील्स बनाती हैं और घर-परिवार से जुड़े व्लॉग भी शेयर करती है। उसके लगभग सभी पोस्ट वायरल हो जाते हैं। सीमा ने बताया कि जुलाई, 2023 में उसने यूट्यूब चैनल बनाया था। सीमा ने बताया कि उसके यूट्यूब चैनल पर एक मिलियन (10 लाख) से ज्यादा सब्सक्राइबर हो चुके हैं। हाल ही में सीमा हैदर ने बताया कि वे नहीं चाहती हैं कि सचिन काम पर जाए। सीमा को ऐसा लगता है कि सचिन के जान को खतरा है। सीमा ने बताया कि अब यूट्यूब से इतनी कमाई होने लगी है कि सचिन को काम पर जाने की जरूरत ही नहीं है। सचिन ने बताया कि वहां अब एक मिठाई की दुकान खोलना चाहता है। फिलहाल वहां सचिन के साथ उसके घर पर ही रहती है। सीमा ने दया याचिका दायर कर भारतीय नागरिकता की मांग की है। उसने हिंदू धर्म अपनाने का दावा भी किया है।



## इंडिगो की फ्लाइट में पायलट को जड़े थप्पड़

### -13 घंटे की देरी से नाराज था पैसेंजर

नई दिल्ली । राजधानी दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रविवार को इंडिगो की फ्लाइट में 13 घंटे से हो रही देरी से नाराज एक पैसेंजर ने पायलट को थप्पड़ जड़ दिया। यह घटना सुबह 7-40 बजे दिल्ली से गोवा जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट (6ई-2175) की है। यह फ्लाइट कोहरे के कारण लेट हुई थी। इस घटना का वीडियो खूब वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में पीले रंग की हुडी पहने पैसेंजर सीट से उठकर पायलट के पास गया और थप्पड़ जड़ने कहते दिख रहा है- चलाना है तो चल, नहीं तो गेट खोल दे। इसके बाद एयर होस्टेस समझते हुए कह रही है की सर, यह गलत है। आप ऐसा नहीं कर सकते। फ्लाइट में मौजूद अन्य लोगों ने पैसेंजर की हरकत का विरोध किया। घटना के बाद पैसेंजर को विमान से बाहर कर सुरक्षाबलों हवाले कर दिया गया। पैसेंजर की पहचान साहिल कटारिया के रूप में हुई है। इंडिगो प्रबंधन ने उसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। इस मारपीट का वीडियो सामने आने के बाद एक्स पर यूजर्स अपनी प्रतिक्रियाएं देते हुए पैंसेजर को नो-फ्लाई लिस्ट में डालने को कह रहे है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6ई-2175 को सुबह 7-40 बजे दिल्ली से गोवा रवाना होनी थी। लेकिन घने कोहरे के चलते उड़ान में लगातार देरी हो रही थी। यह भी कहा गया कि फ्लाइट में देरी पायलट की अदला-बदली के चलते भी हुई है।

## सुचना सेठ की पुलिस हिरासत पांच दिन बढ़ाई गई, जांचकर्ताओं के साथ नहीं कर रही हैं सहयोग

पणजी। गोवा की एक अदालत ने सोमवार को अपने चार साल के बेटे की हत्या के आरोप में गिरफ्तार एआई स्टार्टअप सीईओ सुचना सेठ की पुलिस हिरासत पांच दिन के लिए बढ़ा दी। सुचना सेठ को सोमवार को छह दिन की प्रारंभिक हिरासत समाप्त होने के बाद गोवा बाल न्यायालय में पेश किया गया। कैलंगुट पुलिस ने यह कहते हुए उसकी हिरासत बढ़ाने की मांग की कि मामले में उनकी जांच अभी खत्म नहीं हुई है। एक अज्ञात वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सेठ जांचकर्ताओं के साथ सहयोग नहीं कर रहे हैं। हमने उसकी हिरासत बढ़ाने की मांग की थी क्योंकि हम उससे पूछताछ के लिए और समय चाहते थे। हमें उसका डीएनए नमूना लेने जैसी अन्य औपचारिकताएं भी निभानी होंगी। उन्होंने बताया कि सेठ के पति वेंकट रमन के बयान की रिकॉर्डिंग पूरी हो गई है। पिछले हफ्ते, बेंगलुरु स्थित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्टार्ट-अप माइंडफुल एआई लैब के सीईओ सेठ को गोवा पुलिस ने उनके अलग हो चुके पति पीआर वेंकट रमन से आमना-सामना कराया था। जब टकराव 15 मिनट तक चला, तो रमन ने सेठ से पूछा कि उसने उनके बच्चे को क्यों मारा। जब उनका आमना-सामना हुआ, तो दोनों के बीच बहस होने लगी। वेंकटरमन ने उससे पूछा, 'तुमने मेरे बच्चे के साथ क्या किया है? आप मेरे साथ ऐसा कैसे कर सकते हैं?' जिस पर सुचना ने जवाब दिया कि उसने कुछ नहीं किया है,' एक पुलिस अधिकारी ने एचटी को बैठक के बारे में बताया।



## वैष्णो देवी मंदिर की पुरानी गुफा फिर खुली

जम्मू । श्रद्धालुओं की कम संख्या को ध्यान में रखते हुए जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में स्थित वैष्णो देवी मंदिर के पुराने और प्राकृतिक गुफा मार्ग को रविवार को फिर से खोल दिया गया। अधिकारियों के मुताबिक त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित मंदिर की यात्रा के लिए इस प्राकृतिक मार्ग को आमतौर पर साल के इस समय में फिर से खोल दिया जाता है। उन्होंने बताया कि इस अवधि के दौरान मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की कम संख्या को ध्यान में रखते हुए ऐसा किया गया है। उन्होंने बताया कि पुरानी गुफा मार्ग रविवार को फिर से खोल दिया गया और तीर्थयात्रियों ने इसके जरिये यात्रा की। जानकारी के मुताबिक, सुबह 10 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक पुरानी गुफा खुली रहेगी। माता वैष्णोदेवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीएसबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अंशुल गर्ग ने बताया कि आज मंदिर में पूजा करने के बाद तीर्थयात्रियों को पुराने गुफा मार्ग से यात्रा करने की सुविधा प्रदान की गई।


## दिव्या पाहुजा हत्याकाण्ड : शव में मिली गोली, 11 दिन नहर में सुरक्षित रहा शव

### - पोस्टमार्टम रिपोर्ट से बढ़ी पुलिस जांच की मुश्किलें

हिसार। हरियाणा के गुरुग्राम के बहुचर्चित मॉडल दिव्या पाहुजा की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर पर गोली मारने की पुष्टि हुई है। हत्याकांड के 11 दिन बाद दिव्या की लाश फतेहाबाद में नहर से मिली थी। अब दिव्या के शव का पोस्टमार्टम हुआ है। उसके सिर पर गोली मारी गई थी और पोस्टमार्टम में गोली सिर से मिली है वहीं उसके शरीर पर कोई चोट निशान नहीं मिले। शव के 11 दिन पानी रहने के बावजूद डाक्टर का कहना है कि वह ज्यादा गला-सड़ा हुआ नहीं था। दिव्या के शव का रविवार को शव का पोस्टमार्टम फतेहाबाद और गुरुग्राम पुलिस ने मिलकर अग्रोहा मेडिकल कालेज में करवाया। पुलिस के अनुसार, टोहाना के जाखल में भाखड़ा नहर में शनिवार देर रात दिव्या का शव मिलने के बाद उसे अग्रोहा मेडिकल कालेज के शवगृह में रखवाया गया था। रविवार को पुलिस कार्रवाई के बाद मृतका के शव का एक्सरे करवाया गया। दोपहर करीब डेढ़ बजे पोस्टमार्टम प्रक्रिया शुरू होकर ढाई घंटे तक चली, जहां पोस्टमार्टम बाद शाम करीब चार बजे मृतका के शव को उसकी बहन और भाई को सौंप दिया गया। दिव्या के स्वजन अंतिम संस्कार के लिए गुरुग्राम के लिए लेकर चले गए। अग्रोहा मेडिकल कालेज के पोस्टमार्टम एक्सपर्ट डा. मनमोहन और डा. संदीप कालिया सहित चार चिकित्सीय बोर्ड की देखरेख में दिव्या के शव का पोस्टमार्टम हुआ। पोस्टमार्टम दौरान मृतका के सिर में एक पिस्तौल की गोली मिली, जो नहीं निकल सकी। मृतका के शरीर पर अन्य कोई गंभीर चोट के निशान नहीं पाए गए। हत्याकांड के पश्चात भाखड़ा नहर में डाली गई माडल दिव्या पाहुजा का शव मिलने पर शव की हालात सामान्य पाई गई। पोस्टमार्टम एक्सपर्ट डा. संदीप के अनुसार प्राय- इतने दिन पानी में शव रहने पर गलने सड़ने और जीव जंतुओं द्वारा खाने से शव की हालात बिगड़ जाती है, लेकिन मृतका के शव की हालात अधिक बिगडी हुई नहीं मिली, इससे पोस्टमार्टम में आसानी हो जाती है। गुरुग्राम पुलिस और टोहाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव का विसरा सैंपल लेकर मधुबन लैब भेजा है।

# समाज को संगठित करने के लिए तेजी से कार्य करने की जरूरत : मोहन भागवत

### -सरसंघचालक ने आदर्श विश्व बनाने के लिए संगठन को मजबूत करने पर दिया जोर



**लखनऊ (एजेंसी)।** जींद (ईएमएस)। आरएसएस के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि हमें समाज को संगठित करने के लिए और अधिक तेजी से कार्य करना होगा। जब सम्पूर्ण राष्ट्र एकमुष्ठ शक्ति के साथ खडा होगा तो दुनिया का सारा अमंगल हरण करके यह देश फिर से विश्व गुरु बनकर खड़ा होगा। डॉ. मोहन भागवत रविवार को अपने प्रवास के तीसरे दिन गोपाल विद्या मंदिर में जींद नगर की शाखाओं के स्वयंसेवकों को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उनके साथ क्षेत्रीय संघचालक सीताराम व्यास, प्रांत संघचालक पवन जिंदल व विक्रम गिरी महाराज भी मौजूद रहे। संघ प्रमुख ने कहा कि जो विश्व के सामने संकट खड़े हैं, भारत के विश्वगुरु बनने से वह सब शांति, उन्नति को प्राप्त करेंगे। सारी समस्याओं को ठीक करते हुए सब राष्ट्र अपनी-अपनी विशिष्ठता के आधार पर अपना जीवन जीते हुए मानवता के जीवन में, सृष्टि के जीवन में अपना योगदान करते रहें। ऐसा एक आदर्श विश्व खड़ा करने की ताकत हिंदुओं की सगंठित अवस्था में है, उसी के चलते मंदिर बन रहा है। उन्होंने कहा ?कि राम का मंदिर बनने का आनंद है और आनंद करना चाहिए। अभी और बहुत काम करना है, लेकिन साथ में यह भी ध्यान रखेंगे कि जिस तपस्या के आधार पर यह काम हो रहा है वह तपस्या हमें आगे भी जारी रखनी है। जिसके चलते हमारे ध्येय की प्राप्ति होगी।

संघ प्रमुख ने कहा कि समाज में तीन शब्द चलते हैं क्रांति, उतक्रांति, संक्रांति तीनों का अर्थ परिवर्तन है परंतु परिवर्तन किस तरीके से आया उसमें अंतर आता है। संक्रांति हमारे यहां आदि काल से प्रचलित है। बड़े-बड़े कार्य स्व के आधार पर सत्य के आधार पर होते हैं। उनका जीवन शुद्ध, निष्कलंक, सतचरित्र था, विरोधी भी उनका सम्मान करते थे। अविचल दृढ़ता के साथ जो ध्येय निश्चित किया पूरा विचार करके उसकी सिद्धी के लिए डॉक्टर साहब अकेले चल पड़े और आगे चलकर बाकी सारी बातें धीरे-धीरे जुड़ गई। डॉक्टर साहब के सत्व, निश्चय को देखकर इस तपस्या को आगे जारी रखने के लिए संघ की पद्धति से हजारों स्वयंसेवक खड़े हुए।

मोहन भागवत ने कहा ?कि ये जो दीर्घ तपस्या चली है उसके कारण देश के जीवन में जो परिवर्तन आने ही वाला है उसका प्रारंभ का संकेत श्रीराम मंदिर है। जैसे संक्रांति के बाद अच्छा परिवर्तन आता है। ठंड कम होकर गर्मी बढ़ती है और लोगों की कर्मशीलता बढ़ती ठीक उसी प्रकार देश के जीवन में भी अच्छा परिवर्तन आने वाला है। भारतवर्ष का शील 'वसुधैव कुटुम्बकम'है। दुनिया की ज्यादातर संस्कृति अपने शील के साथ मिट गई लेकिन हिंदू हर प्रकार के उतार-चढ़ाव से निकल कर भी जिंदा रह पाया है। यहां इतनी सारी भाषाएं, देवी-देवता, विविधि पंथ होने के बाद भी उत्तर-दक्षिण, पूर्व-पश्चिम भारतवर्ष का व्यक्ति मानता है कि हमें ऐसे जीना है कि हमको देख कर दुनिया जिए। संघ प्रमुख ने कहा कि हिंदू समाज के मन में था इसलिए गुलामी का प्रतीक ढहाया गया। इसके अलावा अयोध्या में किसी भी मस्जिद को कोई नुकसान नहीं हुआ। कारसेवकों ने कहीं दंगा नहीं किया। हिंदू का विचार विरोध का नहीं प्रेम का है, इसे ही संक्रांति कहते हैं।

## लोकसभा चुनाव में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगी : शशि थरूर

कोझिकोड । कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगी। उन्होंने कहा कि ऐसी संभावना है कि मौजूदा सरकार का संख्या बल थोड़ा कम हो सकता है। मुझे दृढ़ता से लगता है कि उन्हें उस स्तर तक नीचे लाया जा सकता है, जहां कई संभावित सहयोगी उनके साथ शामिल नहीं होना चाहेंगे। कोझिकोड समुद्र तट पर आयोजित केरल साहित्य महोत्सव (केएलएफ) के दौरान राजनेता-लेखक ने कहा कि यह देखते हुए कि भारत के विविध रंग हैं, यह महत्वपूर्ण नहीं है कि इंडिया गठबंधन को सभी राज्यों में पूर्ण समझौता करना पड़े। इंडिया गठबंधन के सदस्यों के बीच सीट-बंटवारे के मुद्दे पर बात करते हुए थरूर ने रोकी जा सकने वाली हार सुनिश्चित करने के लिए अधिक से अधिक राज्यों में एक व्यवस्था की उम्मीद जताई। कांग्रेस नेता ने केरल और तमिलनाडु का उदाहरण देते हुए टिप्पणी की कि केरल में यह कल्पना करना कठिन है कि सीपीएम और कांग्रेस सीट बंटवारे पर सहमत होंगे, हालांकि, तमिलनाडु में सीपीआई, सीपीएम, कांग्रेस और डीएमके एक साथ हैं और कोई विवाद नहीं है। उन्होंने कहा कि उन्होंने पिछला चुनाव साथ मिलकर लड़ा था और इस बार भी लड़ने की संभावना है। उन्होंने कहा कि लोगों को इस तथ्य से परिचित कराना जरूरी है कि उनके निर्वाचन क्षेत्र से सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवार को चुना जाना चाहिए।



# मुफ्त में राशन देकर लोगों को गुलाम बनने की कोशिश कर रही मोदी सरकार: मायावती

### -आम चुनाव में अपने दम पर लड़ेगी बसपा



**लखनऊ (एजेंसी)।** बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) प्रमुख और पूर्व सीएम मायावती ने अपने जन्मदिन पर केंद्र और यूपी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने मोदी सरकार की मुफ्त राशन स्कीम को आड़ें हाथों लेकर कहा कि मुफ्त अनाज देकर मोदी सरकार लोगों को गुलाम बनाने की कोशिश कर रही है। बहनजी ने कहा, हमारी पार्टी ने यूपी में अपनी 4 बार की सरकार में सभी वर्गों के लिए काम किया। अल्पसंख्यक, गरीब, मुस्लिम, किसान और अन्य मेहनतकश लोगों के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू कीं, जिन्हें सरकारें नाम बदलकर अपना बनाने की कोशिश कर रही हैं। लेकिन सरकारों के जातिवादी होने के कारण यह काम नहीं हो पा रहा है।

मायावती ने कहा कि रोजगार के साधन देने के बजाय फ्री में थोड़ा सा राशन देकर लोगों को मोहताज बनाया जा रहा है। जबकि हमारे कार्यकाल में अपनी सरकार के दौरान हमने वर्तमान सरकारों की तरह लोगों को मोहताज नहीं बनाया। उन्होंने केंद्र की मुफ्त राशन योजना पर जमकर निशाना साधा। मायावती ने कहा कि हमने अपनी सरकार के दौरान लोगों को सम्मान और स्वाभिमान ऊंचा करने का मौका भी दिया, लेकिन वर्तमान समय में यह होता हुआ नजर नहीं आ रहा है। केंद्र और राज्य सरकार धर्म और संस्कृति की आग में राजनीति कर रही है, जिससे लोकतंत्र कमजोर हो रहा है।

मायावती ने कहा, यूपी में अपनी पार्टी के नेतृत्व में खासतौर पर आदिवासी, पिछड़ों, अतिपिछड़ों और मुस्लिमों के कल्याण के लिए कल्याणकारी योजनाएं शुरू कीं। दूसरी पार्टियों ने उनकी नकल करके, थोड़ा नाम बदलकर उन योजनाओं को भुनाने को कोशिश की। उन्होंने कहा कि इन सभी पार्टियों के चलते विकास नहीं हो सकता है। एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के लिए सरकारी नौकरी और अन्य क्षेत्रों में जो नौकरियों का प्रावधान वह लाभ भी नहीं मिल पा रहा है, दयनीद स्थिति बनी हुई है।

मायावती ने कहा कि ऐसी अफवाह उड़ाई जा रही है कि मायावती जल्दी ही राजनीति से संन्यास लेना चाहती हैं, लेकिन मैं अंतिम सांस तक राजनीति में रहकर पिछड़ों के लिए लड़ती रहूंगी। हमारी पार्टी देश में जल्दी ही घोषित होने वाले लोकसभा चुनाव दलितों, आदिवासियों, अति पिछड़ों, मुस्लिमों और अल्पसंख्यकों के दम पर अकेले ही लड़ेगी।

बसपा प्रमुख ने अपने दम पर चुनाव लड़ने का कारण बताकर कहा कि बीएसपी अपने दम पर चुनाव इसलिए लड़ती है, क्योंकि इसका सर्वोच्च पद दलित का ही है।ऊंची जाति का वोट बीएसपी को ट्रांसफर नहीं हो पाता और गठबंधन में हमारा वोट उन्हें चला जाता है। हम इसका लाभ नहीं मिलता। पिछले बार देखा गया है कि पुराने चुनावों में कांग्रेस और सपा का ही फायदा हुआ, जब गठबंधन हुआ।

## सुप्रीम कोर्ट पहुंचे उद्धव ठाकरे, असली शिवसेना को लेकर स्पीकर के फैसले को दी चुनौती

**मुंबई (एजेंसी)।** एक महत्वपूर्ण कानूनी कदम में, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने 'असली शिवसेना' की मान्यता के संबंध में महाराष्ट्र अध्यक्ष के फैसले को चुनौती देने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इस फैसले से राज्य में राजनीतिक विवाद छिड़ गया है। महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने हाल ही में वरिष्ठ शिव सेना नेता संजय राउत के नेतृत्व वाले गुट को 'असली शिव सेना' घोषित किया था। इस कदम से सत्तारूढ़ महा विकास अघाड़ी गठबंधन, जिसमें शिवसेना, एनसीपी और कांग्रेस शामिल हैं, के बीच रिश्ते और तनावपूर्ण हो गए हैं।

महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर द्वारा हाल ही में सेना बनाम सेना संघर्ष में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के गुट के पक्ष में फैसला सुनाए जाने के बावजूद, शिवसेना के भीतर आंतरिक कलह के समाधान के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं। अविभाजित पार्टी के संविधान के 1999 संस्करण के आधार पर, नार्वेकर के फैसले ने शिंदे के समूह का पक्ष लिया, उन्होंने दावा किया कि उद्धव ठाकरे के पास शिंदे को निष्कासित करने का अधिकार नहीं था, इस प्रकार उन्हें शिवसेना के सदस्य के रूप में रखा गया।

सोमवार दोपहर को, पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, जो कभी शिव सेना के निर्विरोध नेता थे, ने नार्वेकर के 'असली शिव सेना' के दृढ़ संकल्प को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। जून में अविभाजित शिवसेना छोड़ने के बाद शिंदे के गुट में शामिल होने वाले सांसदों को अयोग्य ठहराने की मांग करने वाली याचिकाओं को स्पीकर द्वारा खारिज किए जाने का भी ठाकरे ने विरोध किया। नार्वेकर के फैसले पर अपना असंतोष व्यक्त करते हुए, ठाकरे ने स्पीकर पर लोकतंत्र को कमजोर करने और शिंदे के निर्देशों पर काम करने का आरोप लगाया। ठाकरे ने इस फैसले की आलोचना करते हुए इसे सुप्रीम कोर्ट का 'अपमान' बताया और इसे 'लोकतंत्र की हत्या' बताया।

## चंडीगढ़ मेयर चुनाव : पार्षदों की निगरानी में जुटी कांग्रेस, आप और भाजपा

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** चंडीगढ़ में मेयर चुनाव को लेकर सियासत गर्म है। आप और भाजपा के पार्षदों की एक-एक विकेट गिरने-गिराए जाने के बाद कांग्रेस को अपनी भी चिंता सता रही है।

सूत्र ने कांग्रेसी पार्षदों को हिमाचल की शिमला में बताया हैं। यानी कि कांग्रेस पार्षद अपनी हिमाचल की राज्य सरकार के संरक्षण में पहुंच गए हैं। इसी तरह भाजपा पार्षदों को भी एक जगह एकत्रित कर दिया गया है ताकि आगे के सियासी टूर पर साथ लेकर ले जाया जा सके।

संभव है कि भाजपा पार्षद भी मेयर चुनाव होने तक शहर से बाहर रहें। अटकले हैं कि वरिष्ठ नेताओं की देखरेख में भाजपा पार्षदों को आसपास ही हरियाणा लेकर जाया जाएं। जोड़-तोड़ की राजनीति का भय इस अंदाज से ही लाया जा सकता है कि आप पार्षद ने तो काफी पहले ही पंजाब में डेरा जमा लिया था, जो शनिवार को पंजाब पुलिस के सरंक्षण में नामांकन पत्र दाखिल करने आई थी, इसके बाद सभी पार्षद वापस रोपड़ के लिए निकल गए।

राजनीतिक गलियों में हर किसी की जुबान पर एक ही बात क्या कांग्रेस-आप का स्थानीय स्तर पर गठबंधन का संगम होगा कि नहीं? शनिवार को मेयर चुनाव की नामांकन प्रक्रिया और तमाम राजनीतिक उठा-पठक के बाद देर रात्रि को राष्ट्रीय स्तर पर लगभग गठबंधन की सूचना सामने आई, जिसके बाद शहर की राजनीतिक हलचल भी तेज हो गई। यह खबरें अपना मेयर बनाए जाने के जुगात में लगी हुई भाजपा की चिंता बढ़ने जैसी रही।

वहीं, रविवार शाम तक स्थानीय स्तर पर आप और कांग्रेस की आला कमान से 18 जनवरी को मेयर चुनाव को लेकर कोई हरी झंडी नहीं मिल सकी थी। कहा जाता है कि एक- दो दिनों में इसे लेकर तस्वीर पूरी तरह से साफ हो सकेगी। आप और कांग्रेस को हाईकमान से हरी झंडी का इंतजार है। अगर हाईकमान से कोई इशारा नहीं होता है तो मजबूरन कांग्रेस, आप को अलग अलग ही मेयर चुनाव मैदान में उतरना पड़ सकता है। भाजपा भी इसी की कामना कर रही है।

# परंपरा से उलट काम हो रहा, इसलिए हम नहीं जाएंगे : शंकराचार्य

### -पुरी पीठ के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद ने प्राण-प्रतिष्ठा पर कहा- इसे अहंकार से न जोड़ें



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन में शंकराचार्यों के न जाने का मुद्दा तूल पकड़ रहा है। कांग्रेस समेत विपक्ष शंकराचार्यों की राय का जिक्र करते हुए मोदी सरकार पर हमला बोल रहा है। वहीं पुरी पीठ के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद ने एक बार फिर से दोहराया है कि वह इस आयोजन में नहीं आएंगे। उन्होंने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा में न जाने का फैसला हमारे अहंकार से जुड़ा नहीं है बल्कि यह परंपरा की बात है। उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा से उलट काम होने के चलते हम इस आयोजन में नहीं जा रहे हैं। उन्होंनें मीडिया से बातचीत में कहा कि शंकराचार्यों की अपनी एक गरिमा है। यह अहंकार की बात नहीं है। क्या हमसे यह अपेक्षा की जाती है कि हम बाहर बैठें और जब पीएम प्राण प्रतिष्ठा करें तो बाहर बैठकर ताली बजाएं। एक सेकुलर सरकार का यह काम नहीं है कि वह परंपराओं से छेड़छाड़ करे। शंकराचार्यों की ओर से रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को किए जाने को भी गलत बताया था। उनका कहना था कि यह तारीख ठीक नहीं है। ऐसा आयोजन राम नवमी के दिन किया जाना चाहिए। हालांकि बाद में दो शंकराचार्यों ने खबरों को खारिज करते हुए आयोजन पर खुशी जताई थी, लेकिन यह भी साफ किया कि वे इस कार्यक्रम में नहीं जाएंगे।

बता दें कि शंकराचार्यों की राय के बहाने कांग्रेस समेत विपक्षी पार्टियां भी सरकार को घेर रही हैं। एक ओर कांग्रेस यह तर्क भी दे रही है कि मंदिर का निर्माण अभी चल ही रही है। वहीं दूसरी आरे अधूरे मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा करना सनातन धर्म की परंपरा के विपरीत है। अशोक गहलोत ने कहा कि सनातन धर्म के सर्वश्रेष्ठ गुरु शंकराचार्य कार्यक्रम में नहीं जा रहे हैं। इससे साफ है कि हमारा फैसला सही है। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने पूरे आयोजन का राजनीतिकरण कर दिया है। यही वजह है कि हमारे सनातन धर्म के शीर्ष गुरु शंकराचार्य भी आयोजन में नहीं जा रहे हैं। यदि वे कुछ कह रहे है तो उसकी अहमियत है।22 जनवरी के आयोजन के लिए देश भर में 10 हजार लोगों को न्योता दिया गया है। पीएम नरेंद्र मोदी के अलावा संघ प्रमुख मोहन भागवत, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ मौजूद रहेंगे। वहीं कारोबारी जगत से मुकेश अंबानी, गौतम अडानी समेत कई हस्तियां मौजूद रहेंगी। सिलेब्रिटीज के साथ ही कई देशों के राजनयिकों को भी कार्यक्रम में बुलाया गया है।

# खड़गे सोनिया ने बनाई रामलला से दूरी पर दूसरे कांग्रेसी उत्साह के साथ जाएंगे अयोध्या

**शिमला (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खड़गे और कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने से इंकार कर दिया है। इसके बाद भी कई कांग्रेस नेता इस समारोह में शामिल होने के लिए उत्साहित है। जिसमें सबसे पहला नाम हिमाचाल प्रदेश की कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह का है। उन्होंने साफ कर दिया कि हमें न्योता मिला है और हम भगवान राम के समारोह में जरुरी शामिल होंगे।इसी के साथ उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ भी की है। कांग्रेस प्रमुख प्रतिभा सिंह ने कहा कि उन्हें और उनके बेटे विक्रमादित्य सिंह को एक संयुक्त निमंत्रण मिला है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में 98 प्रतिशत आबादी हिंदू लोगों की है। यहां सभी की आस्था राम के प्रति है। राम के मंदिर का इतना बड़ा जीर्णोद्धार होने जा रहा है। उसके लिए हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आभारी है। उन्होंने इसके बीड़ा उठाया है और इसकी शुरुआत करने का शंखनाद भी बजा दिया है।

प्रतिभा सिंह ने आगे कहा कि उन्होंने हमें भी आमंत्रित किया है। आप सभी जानते हैं कि स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह की मंदिरों से बहुत आस्था थी। उन्होंने हिमाचल प्रदेश के मंदिरों का भी जगह-जगह जीर्णोद्धार किया है और जो आस्था उनकी सब मंदिरों के प्रति रही है, हमारी आस्था भी श्रीराम जी के प्रति है। हम भी चाहते हैं कि हमारा धर्म भी आगे बढ़े। हम इस आस्था को नौजवान पीढ़ी को भी सिखाए। आज हमारा बड़ा सौभाग्य है कि आज हिंदोस्तान के अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो रहा है। उसके लिए हमारे प्रधानमंत्री ने जो काम किया वो सच में ही सराहनीय है। 22 जनवरी को जो प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है उसके लिए हमें भी निमंत्रण मिला है। वहीं उनके बेटे विक्रमादित्य सिंह ने भी अपने फेसबुक पेज पर एक पोस्ट शेयर की है जिसमें उन्होंने लिखा है कि 22 जनवरी को अयोध्या नगरी का निमंत्रण प्राप्त हो गया है। हम श्रीराम के दर्शन के लिए उपस्थित रहेंगे। ये जीवन में एक बार मिलने वाला अवसर है। विक्रमादित्य सिंह श्रीराम को बहुत मानते हैं। वो अक्सर फेसबुक पर जो कोई पोस्ट शेयर करते हैं तो उसके कैप्शन में जय श्रीराम लिखते हैं। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने का न्योता नहीं मिला है। इस पर उन्होंने कहा था कि हमारा जीवन मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान राम के नाम से शुरू होता है, अयोध्या जाने के लिए उन्हें किसी निमंत्रण की जरूरत नहीं है। सुक्खू का यह भी कहना था कि वह प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद अयोध्या जाएंगे।



THE PHOTON NEWS

10 www.thephotonnews.com
Tuesday, 16 January 2024

## डब्ल्यूएचओ ने दी चेतावनी, अभी कोविड से खतरा टला नहीं

जिनेवा । विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि अभी कोविड से खतरा टला नहीं है। डब्ल्यूएचओ के एक वरिष्ठ विशेषज्ञ ने कहा कि कोविड-19 वायरस के कारण सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम वैश्विक स्तर पर बना हुआ है, यह वायरस सभी देशों में फैल रहा है। महामारी रोकथाम के लिए जिम्मेदार डब्ल्यूएचओ की अंतरिम निदेशक मारिया वैन केरखोव ने एक विशेष बयान में जिनेवा में कहा कि अपशिष्ट जल विश्लेषण पर आधारित अनुमान के अनुसार, कोविड-19 का वास्तविक प्रसार रिपोर्ट किए गए मामलों की संख्या से दो से 19 गुना अधिक है। उन्होंने शरीर के कई अंगों को प्रभावित करने वाली पोस्ट-कोविड स्थितियों की शुरुआत के बारे में भी चिंता व्यक्त की। हालांकि कोविड से संबंधित मौतों में भारी कमी आई है, फिर भी 50 देशों में प्रति माह लगभग 10 हजार मौतें अभी भी हो रही हैं। वान केरखोव ने वायरस की उभरती प्रकृति के बारे में चिंता व्यक्त करते हुए कहा ?कि इसमें डब्ल्यूएचओ द्वारा विश्लेषण किए गए वैश्विक अनुक्रमों में से लगभग 57 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करने वाले कोविड-19 जेएन.1 वैरिएंट का प्रभाव है। उन्होंने कहा कि विशिष्ट मानदंडों द्वारा परिभाषित, जिसमें चार से 12 महीने या उससे अधिक समय तक बनी रहने वाली गंभीर थकान, फेफड़ों की दुर्बलता, तंत्रिका संबंधी समस्याएं और हृदय संबंधी दुर्बलता जैसे लक्षण चिंता का विषय है। आंकड़े बताते हैं कि दस में से एक संक्रमण गंभीर मामलों सहित, पोस्ट-कोविड स्थितियों को जन्म दे सकता है। वैन केरखोव ने कहा कि अभी तक इसका कोई इलाज उपलब्ध नहीं है, क्योंकि यह अभी भी नया है। इस क्षेत्र पर अपर्याप्त ध्यान दिया गया है और पर्याप्त फंडिंग नहीं की गई है। उन्होंने उत्तरी गोलार्ध में इन्फ्लूएंजा संक्रमणों की संख्या में तेजी से वृद्धि की भी चेतावनी भी दी।

## श्रीलंका ने 10 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया, एक सप्ताह में दूसरी घटना

कोलंबो। श्रीलंका की नौसेना ने देश के जल क्षेत्र में कथित तौर पर मछली पकड़ने को लेकर 10 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है और उनकी नौकाएं को जब्त कर लिया। सोमवार को जारी आधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। इससे पहले, बीते शनिवार को भी श्रीलंका ने 12 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया था और उनकी तीन नौकाओं को जब्त कर लिया था। श्रीलंका की नौसेना ने एक विज्ञप्ति में बताया कि मछुआरों को जाफना के उत्तर प्वाइंट पेड्रो से रविवार को गिरफ्तार किया गया और उनकी ( मछली पकड़ने की नौकाएं जब्त कर ली गईं। विज्ञप्ति के मुताबिक, पकड़े गए 10 मछुआरों को कणकेशांतुराई बंदरगाह ले जाया गया और आगे की कार्रवाई के लिए उन्हें मेलाडी मत्स्य निरीक्षक को सौंप दिया गया। श्रीलंका और भारत के बीच मछुआरों का मुद्दा गतिरोध का कारण बना हुआ है। श्रीलंका की नौसेना के कर्मी पाक जलडमरुमध्य में भारतीय मछुआरों पर गोलीबारी तक करते हैं और श्रीलंकाई जल क्षेत्र में अवैध रूप से दाखिल होने का आरोप लगा उनकी नौकाएं जब्त कर लेते हैं तथा इस तरह की कई घटनाएं हो चुकी हैं। पाक जलडमरुमध्य तमिलनाडु और श्रीलंका के बीच एक संकरा जल क्षेत्र है और मछली पकड़ने का एक प्रमुख जलक्षेत्र है। पिछले साल, श्रीलंका की नौसेना ने कुल 240 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया था और मछली पकड़ने की उनकी 35 नौकाओं को जब्त किया था।

## एंजेल कोरिया और उनके परिवार से बंदूक की नोंक पर लूट

मैड्रिड । स्पेनिश मीडिया के अनुसार, एटलेटिको मैड्रिड अर्जेंटीना के अंतर्राष्ट्रीय स्ट्राइकर एंजेल कोरिया और उनके परिवार के साथ उनके घर में बंदूक की नोक पर लूटपाट हुई। रिपोर्ट के मुताबिक, करीब 9 बजे चार नकाबपोश बंदूकधारी एंजेल के घर में घुसे। फिर, उन बदमाशों ने एंजेल और उसके परिवार को धमकाया। लुटेरों ने घर में उपलब्ध सभी गहने और नकदी की मांग की। रिपोर्ट में बताया गया कि कोई व्यक्तिगत क्षति नहीं हुई और चोरों के जाने के बाद खिलाड़ी ने पुलिस को डकैती की सूचना दी। फिलहाल मामले की जांच चल रही है। एंजेल कोरिया स्पेनिश सुपर कप सेमीफाइनल में खेलने के बाद सऊदी अरब से स्पेन लौट आए, जिसमें उनकी टीम रियल मैड्रिड से 4-3 से हार गई थी। स्पेनिश फुटबॉल खिलाड़ियों के साथ हुई लूटपाट का यह मामला पहली बार सामने नहीं आया है। इससे पहले भी कई हाई-प्रोफाइल फुटबॉलर के साथ ऐसी घटना हो चुकी है। जिसमें सर्जियो रामोस, पियरे-एमरिक और लुकास वाज क्वेज जैसे कई नाम शामिल हैं।

## आईडीएफ ने हमास नेता अरौरी की बहनों की गिरफ्तारी का किया दावा

### -इजरायल के खिलाफ आतंक भड़काने की आरोपी दलाल अल फातिमा अल गिरफ्तार

तेल अवीव । हमास नेता सालेह अल-अरौरी की दो बहनों को गिरफ्तार करने का इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने दावा किया है। सालेह अल-अरौरी हाल ही में बेरूत में हवाई हमले में मारे गए थे। रविवार को एक बयान में सेना ने कहा कि उन्हें वेस्ट बैंक में दो अलग-अलग छापों में गिरफ्तार किया गया। दलाल अल-अरौरी (52) और फातिमा अल-अरौरी (47) को क्रमश: अरुरा शहर और अल-बिरेह शहर से हिरासत में लिया गया। आईडीएफ ने कहा कि उन्हें इजरायल के खिलाफ आतंक भड़काने के लिए गिरफ्तार किया गया। रामल्लाह के उत्तर में स्थित अरुरा, सालेह अल-अरौरी का गृहनगर है, जो 2 जनवरी को लेबनानी राजधानी के दक्षिणी उपनगर में आतंकवादी समूह के एक कार्यालय को निशाना बनाकर किए गए इजरायली ड्रोन हमले में हमास के छह अन्य सदस्यों के साथ मारा गया था। सालेह अल-अरौरी की हत्या से हमास और हिजबुल्लाह में सदमे की लहर दौड़ गई थी, क्योंकि 7 अक्टूबर, 2023 को युद्ध शुरू होने के बाद से वह मारे जाने वाले शीर्ष नेता थे। हिज्बुल्लाह प्रमुख हसन नसरुल्लाह ने लेबनान में हुई हत्या के बाद पूरी ताकत से जवाबी कार्रवाई करने की धमकी दी है।

## फूलों की दुकान में आग लगने से 4 की मौत

हनोई । वियतनाम की राजधानी हनोई में फूलों की एक दुकान में सोमवार को आग लगने से चार लोगों की मौत हो गई। सूत्रों ने बताया कि शहर के ओल्ड क्वार्टर इलाके में हैंग लुओक स्ट्रीट पर स्थित चार मंजिला दुकान में सुबह चार बजकर 40 मिनट पर आग लग गई। इस हादसे में दम घुटने से चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। लगभग 20 वर्ग मीटर के इस दुकान का केवल एक ही अग्रभाग है। पहली मंजिल पर एक रोलिंग दरवाजा है और दूसरी और तीसरी मंजिल के सामने बाड़ लगी हुई है। बताया गया है कि अंदर मौजूद लोग ऊपरी मंजिल पर पहुंचकर या अगले घर पर चढ़कर ही अपनी जान बचा सकते थे। मामले की जांच की जा रही है। दमकल और बचाव पुलिस विभाग के अनुसार वर्ष 2023 में देश में आग लगने की करीब 3,440 घटनाएं हुईं जिनमें 146 लोगों की मौत हो गई और 109 अन्य घायल हो गए। इस दौरान लगभग 878 अरब वियतनामी डोंग की संपत्ति का नुकसान हुआ।

## गाजा में 100 दिनों के संघर्ष में 23,800 लोग मारे गये

### -दो ब्रिगेड कमांडर, 19 बटालियन कमांडर और 50 से अधिक कंपनी कमांडरों का खात्मा : आईडीएफ

यरूशलम । हमास के खिलाफ गाजा पट्टी में 100 दिनों के सशस्त्र संघर्ष में नौ हजार से अधिक 'आतंकवादी' मारे गए। इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने रविवार को बताया कि रक्षा बलों ने हमास के दो ब्रिगेड कमांडर, 19 बटालियन कमांडर और 50 से अधिक कंपनी कमांडरों का खात्मा कर दिया गया। इस्राइली सेना ने दुश्मन के क्षेत्र के लगभग 30 हजार लक्ष्यों पर हमले किये। बयान के अनुसार इस दौरान दक्षिणी लेबनान में लेबनानी आंदोलन हिजबुल्लाह के साथ संघर्ष बढ़ने के साथ इजरायली सेना ने लगभग 170 'आतंकवादियों' को मार गिराया और लगभग 750 लक्ष्यों पर हमले किये। आईडीएफ ने पिछले साल सात अक्टूबर से वेस्ट बैंक में 40 से अधिक आतंकवाद विरोधी अभियान चलाया है। उसके अनुसार इस दौरान 2,650 से अधिक वांछित फिलिस्तीनियों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से करीब 1,300 हमास के कार्यकर्ता हैं। साथ ही, आतंकवादियों के कम से कम 14 ठिकानों को ध्वस्त कर दिया गया। हमास ने सात अक्टूबर, 2023 को गाजा पट्टी से इज़राइल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमले किये और उसके लड़ाकों ने सीमा का उल्लंघन करके सेना और नागरिकों पर गोलीबारी की। इस दौरान इज़राइल में 1,200 से अधिक लोग मारे गए और लगभग 240 अन्य का अपहरण कर लिया गया।



तथाकथित जर्मन एम्पेल गठबंधन सरकार की कृषि वाहन कर सब्सिडी में कटौती के खिलाफ बड़े विरोध प्रदर्शन से एक दिन पहले तैयारी करने के लिए जर्मन किसानों ने स्ट्रैसे डेस जूनी में ब्रैंडेनबर्ग गेट के सामने अपने ट्रैक्टरों की कतार लगा दी।

## अमेरिका में भारतीयों ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का मनाया जश्न, निकाली कार रैलियां

न्यूयार्क । राम मंदिर उद्घाटन कार्यक्रम नजदीक आने के साथ भारत भर में भगवान राम भक्त 22 जनवरी को होने वाले अयोध्या में राम मूर्ति के बहुप्रतीक्षित अभिषेक का जश्न मना रहे हैं। अब, संयुक्त राज्य अमेरिका में भगवान राम भक्तों ने न्यू जर्सी राज्य में एक कार रैली का आयोजन किया है और आयोजन समिति ने कहा कि पश्चिमी देश में ऐसी और रैलियों की योजना है। समाचार एजेंसी एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार, रैली में हिंदू समुदाय के लोगों ने भगवान राम की छवि वाले झंडे लिए हुए थे, जिसमें कम से कम 350 कारें शामिल थीं। विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी), अमेरिकी शाखा, ने पूरे अमेरिका के हिंदुओं के साथ मिलकर 10 राज्यों में 40 से अधिक बिलबोर्ड लगाए हैं। इस बीच, वीएचपी ने राम मंदिर उद्घाटन के उपलक्ष्य में अमेरिका के मैरीलैंड में टेस्ला म्यूजिकल लाइट शो का भी आयोजन किया है। न्यू जर्सी में हिंदू समुदाय खुशी से भरा हुआ है। पूरे न्यूयॉर्क में बिलबोर्ड और 21वीं रात को होने वाले भव्य उत्सव का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। विश्व हिंदू परिषद के अमेरिकी चैप्टर के संयुक्त महासचिव तेजा ए शाह ने एएनआई के हवाले से कहा, उत्साह स्पष्ट है, न्यू जर्सी के मंदिरों के सदस्य पीढ़ी में एक बार होने वाले इस आयोजन का इंतजार कर रहे हैं। 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन से पहले हिंदू अमेरिकी समुदाय ने पूरे अमेरिका में कई कार रैलियां आयोजित की हैं।



## अमेरिका ने डरकर लिया यू टर्न बोला- हम ताइवान की आजादी का समर्थन नहीं करते



**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका की लंबे समय से पोलिसी रही है कि वो अपना दांव बदलता रहा है। जब जैसा मौका होता है अमेरिका वैसी ही चाल चलता है। ये किसी से छुपा नहीं है कि अमेरिका ताइवान को समय समय पर उकसाता रहा है। अब अचानक अमेरिका ने अपने रुख में बदलाव करते हुए कहा है कि अमेरिका ताइवान की आजादी का समर्थन कतई नहीं करता है। ताइवान की सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (डीपीपी) के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार लाई चिंग-ते के तीसरे कार्यकाल के लिए सत्ता में आने के कुछ घंटों बाद, राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि अमेरिका ताइवान की स्वतंत्रता का समर्थन नहीं करता है। ताइवान के मतदाताओं द्वारा चीन को फटकार लगाने और सत्तारूढ़ दल को तीसरा राष्ट्रपति कार्यकाल देने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने शनिवार को कहा कि अमेरिका ताइवान की स्वतंत्रता का समर्थन नहीं करता है।इससे पहले ताइवान की सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (डीपीपी) के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार लाई चिंग-ते सत्ता में आए, उन्होंने उन्हें ठुकराने के चीनी दबाव को दृढ़ता से खारिज कर दिया, और दोनों को बीजिंग के सामने खड़े होने और बातचीत करने का वचन दिया।

चुनावों पर प्रतिक्रिया मांगे जाने पर बाइडेन ने कहा कि हम स्वतंत्रता का समर्थन नहीं करते। अमेरिका ने 1979 में राजनयिक मान्यता ताइपे से बीजिंग में बदल दी और कहा है कि वह ताइवान द्वारा स्वतंत्रता की औपचारिक घोषणा का समर्थन नहीं करता है। हालांकि, यह स्व-शासित द्वीप के साथ अनौपचारिक संबंध बनाए रखता है और इसका सबसे महत्वपूर्ण समर्थक और हथियार आपूर्तिकर्ता बना हुआ है। बीजिंग ने ताइवान को अपने नियंत्रण में लाने के लिए बल का प्रयोग कभी नहीं छोड़ा है, उसको डर है कि लाई ताइवान गणराज्य की स्थापना की घोषणा कर सकते हैं, जो लाई ने कहा है कि वह ऐसा नहीं करेंगे। बाइडेन ने पहले चीनी सरकार को यह कहकर परेशान कर दिया था, जिनसे लगता था कि यदि द्वीप पर हमला किया गया तो अमेरिका उसकी रक्षा करेगा, जो रणनीतिक अस्पष्टता की लंबे समय से चली आ रही अमेरिकी स्थिति से बदलाव है।

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने लाई चिंग-ते को उनकी जीत पर बधाई दी और कहा कि अमेरिका क्रॉस-स्ट्रेट शांति और स्थिरता बनाए रखने और मतभेदों के जबरदस्ती और दबाव से मुक्त शांतिपूर्ण समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि अमेरिका लाई और ताइवान के सभी दलों के नेताओं के साथ काम करने के लिए उत्सुक है ताकि उनके लंबे समय से चले आ रहे अनौपचारिक संबंधों को, जो कि अमेरिका की एक चीन नीति के अनुरूप है आगे बढ़ाया जा सके।

बाइडेन प्रशासन को डर है कि चुनाव, परिवर्तन और नए प्रशासन से बीजिंग के साथ संघर्ष बढ़ जाएगा। बाइडेन ने चीन के साथ संबंधों को सुचारू बनाने के लिए काम किया है, जिसमें नवंबर में राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ कैलिफोर्निया शिखर सम्मेलन में सुरक्षा मामलों पर मतभेदों को दूर करने पर सहमति शामिल है। दो वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने कहा कि ताइवान की सरकार को उम्मीद है कि चीन मतदान के बाद उसके आने वाले राष्ट्रपति पर दबाव बनाने का प्रयास करेगा, जिसमें इस वसंत में द्वीप के पास सैन्य युद्धाभ्यास भी शामिल है। चीन ने ताइवान को अपने नियंत्रण में लाने के लिए बल प्रयोग से कभी परहेज नहीं किया है।

## उत्तर कोरिया के मिसाइल का परीक्षण पर दक्षिण कोरिया ने दी धमकी

**प्योंगयांग (एजेंसी)।** उत्तर कोरिया ने एक नई हाइपरसोनिक मिसाइल लॉन्च की। ये मिसाइल कोरियाई प्रायद्वीप और जापान के बीच समुद्र में जाकर गिरी। वहीं दक्षिण कोरिया का आरोप है कि उत्तर कोरिया ने इंटरमीडिएट रेंज की एक बैलिस्टिक मिसाइल के लॉन्च की है जो 1000 किलोमीटर की दूरी पर समुद्र में गिर गई। दक्षिण कोरिया ने धमकी दी है कि अगर उत्तर कोरिया इसी तरह टेस्ट करता रहा तो कोरियाई प्रायद्वीप में कभी भी युद्ध के बादल मंडरा सकते हैं। उत्तर कोरिया के राष्ट्रपति किम जोन ने इस बार शॉर्ट रेंज बैलेस्टिक मिसाइल का टेस्ट किया है। दक्षिण कोरिया का कहना है कि उत्तर कोरिया के लगातार ऐसा करने से संबंध खराब होंगे। दक्षिण कोरिया का ये भी कहना है कि एक तरह से उत्तर कोरिया मिसाइल परिक्षण करके उकसा रहा है। दक्षिण कोरिया का कहना है कि इस तरह का परिक्षण कोरियाई प्रायद्वीप की शांति के लिए गंभीर खतरा है। दक्षिण कोरिया ने कहा कि इस तरह की कार्रवाई का जवाब देने के लिए दक्षिण कोरिया भी तैयारी करेगा। इसके साथ ही जापान ने भी उत्तर कोरिया के मिसाइल लांच की पुष्टि की है। गौरतलब है कि हाल ही में किम जोंग ने परमाणु हमले की धमकी दी थी। किम जोंग वने कहा था कि अगर दुश्मन देश उसे उकसाएगा तो वो परमाणु हमला करने में देर नहीं करेंगे। किम जोंग ने इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल ह्वासोंग-18 को लॉन्च किया था।

खबरों के मुताबिक मिसाइल के लॉन्च का मकसद नए मल्टी-स्टेज, हाई-थ्रस्ट सॉलिड-फ्यूल इंजन और इंटरमीडिएट-रेंज हाइपरसोनिक की विश्वसनीयता का परीक्षण करना था। इससे पड़ोसी देशों की सुरक्षा में कोई खतरा नहीं है। ये परीक्षण उसी दिन हुआ जब विदेश मंत्री चो सोन हुई के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल प्योंगयांग से रूस के लिए रवाना हुआ। पूर्वी सागर में किम ने बैलेस्टिक मिसाइल टेस्ट करके दक्षिण कोरिया में दहशत फैला दी है। कुछ समय पहले ही किम जोंग उन ने मिसाइल परीक्षण किया था। एक के बाद लगातार मिसाइल दागने से उत्तर कोरिया ने पड़ोसी देशों में डर पैदा कर रहा है। उत्तर कोरिया ने जापान सागर की तरफ ये मिसाइल दागी गई है।

## 1850 से लेकर अब तक के रिकॉर्ड में 2023 सबसे गर्म वर्ष

### -वैश्विक औसत तापमान पुरा-औद्योगिक काल से 1.46 डिसे ऊपर था

**लंदन (एजेंसी)।** वैश्विक स्तर पर 1850 से लेकर अब तक के दर्ज रिकॉर्ड में 2023 सबसे गर्म वर्ष रहा। वर्ष 2023 लगातार दसवां वर्ष है जब वैश्विक तापमान पुरा-औद्योगिक अवधि (1850-1900) से 1.0 डिग्री सेल्सियस या उससे ज्यादा अधिक रहा है। ब्रिटेन में मौसम कार्यालय और ईस्ट एंग्लिया विश्वविद्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 2023 में वैश्विक औसत तापमान पुरा-औद्योगिक काल के औसत से 1.46 डिग्री सेल्सियस ऊपर था। यह 2016 के मान से 0.17 डिग्री सेल्सियस अधिक गर्म रहा, जो रिकॉर्ड पर पिछला सबसे गर्म वर्ष था।

मौसम कार्यालय के जलवायु निगरानी और अनुसंधान वैज्ञानिक डॉ. कॉलिन मोरिस ने बताया, '174 वर्षों के अवलोकन में अब 2023 की दुनिया भर में औसतन सबसे गर्म वर्ष के रूप में पुष्टि की गई है। 2023 ने मासिक रिकॉर्ड की एक श्रृंखला भी स्थापित की, मासिक वैश्विक औसत तापमान जून के बाद से रिकॉर्ड स्तर पर बना हुआ है। अप्रैल के बाद से समुद्र की सतह का तापमान रिकॉर्ड स्तर पर बना हुआ है।'

मोरिस ने कहा, 'पूर्व-औद्योगिक स्तरों से ऊपर वैश्विक औसत तापमान में लगभग 1.25 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि की पृष्ठभूमि पर साल-दर-साल भिन्नताएं बैठती हैं। यह वार्मिंग ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के माध्यम से मानव-प्रेरित जलवायु परिवर्तन के लिए जिम्मेदार है।'दीर्घकालिक वार्मिंग के अलावा, अल नीनो स्थितियों में परिवर्तन ने वर्ष के उत्तरार्ध में तापमान को और अधिक बढ़ाने में योगदान दिया।अल नीनो उष्णकटिबंधीय प्रशांत क्षेत्र में जलवायु परिवर्तनशीलता के एक पैटर्न का हिस्सा है जो वैश्विक वातावरण में गर्मी प्रदान करता है, जिससे एक व्यक्तिगत वर्ष के तापमान में अस्थायी रूप से 0.2 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि होती है।

## अमरीकी राष्ट्रपति चुनाव: रामास्वामी ने साधा ट्रम्प और हेली पर निशाना

### -ट्रंप की टिप्पणी को बताया सलाहकारों का दुर्भाग्यपूर्ण कदम



**आयोवा (एजेंसी)।** पूर्व अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 'धोखेबाजी वाली चालें' टिप्पणी पर प्रतिद्वंद्वी विवेक रामास्वामी ने उन पर सीधे तौर पर प्रतिक्रिया देने से परहेज किया है, अपितु एक्स में किये एक पोस्ट में उन्होंने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति की टिप्पणी को उनके 'सलाहकारों' का 'दुर्भाग्यपूर्ण कदम' बताया है। आयोवा कॉकस से पहले, ट्रम्प ने रामास्वामी पर 'धोखेबाजी वाली चालें' का इस्?तेमाल करने का आरोप लगाया था। अब विवेक रामास्वामी का कहना है कि वह ट्रंप की 'आलोचना' नहीं करेंगे।

रामास्वामी ने अपने एक्स पोस्ट की शुरुआत यह स्वीकार करते हुए की कि उन्हें ट्रम्प की आलोचना के बारे में पता है लेकिन वे इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रहे हैं। रामास्वामी ने अपने प्रतिद्वंद्वी की इन टिप्पणियों के बावजूद, ट्रम्प के राष्ट्रपति पद के लिए प्रशंसा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि 'हाँ, मैंने राष्ट्रपति ट्रम्प की ट्रुथ सोशल पोस्ट देखी जो उनके सलाहकारों का एक दुर्भाग्यपूर्ण कदम लगता है, मुझे नहीं लगता कि मैत्रीपूर्ण आग मददगार है।

रामास्वामी ने आगे कहा कि डोनाल्ड ट्रंप 21वीं सदी के सबसे महान राष्ट्रपति थे और मैं इस हमले के जवाब में उनकी आलोचना नहीं करने जा रहा हूं। मैं यहां 390 से अधिक आयोजनों में आयोवा के हजारों लोगों से मिल चुका हूं, और वे बहुत चिंतित हैं - और मैं भी हूं - कि यह 'सिस्टम' डोनाल्ड जे. ट्रम्प को फिर से व्हाइट हाउस के आसपास भी नहीं जाने देगा।'

रामास्वामी ने प्रतिद्वंद्वी निक्की हेली को 'कठपुतली' कहते हुए कहा, 'अब, वही कुछ लोग अरबपति ट्रंप के खिलाफ मुकदमों की फंडिंग कर रहे हैं, जो निक्की हेली को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहे हैं। वे निक्की की जमकर तारीफ कर रहे हैं। वे इसे ट्रम्प और हेली के बीच दो-घोड़ों की दौड़ तक सीमित करना चाहते हैं। वे ट्रम्प को खत्म करना चाहते हैं, और अपनी कठपुतली को व्हाइट हाउस में ले जाना चाहते हैं। हम उस जाल में नहीं फंस सकते।

## देश 'नई सोच' के साथ आगे बढ़े इसके लिए तीर चुनाव चिन्ह पर वोट करे: जरदारी

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष एवं पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने आम चुनाव में लोगों से उनकी पार्टी के चुनाव चिह्न 'तीर' पर 'मोहर' लगाने की अपील की है, ताकि देश 'नई सोच' के साथ आगे बढ़ सके। श्री बिलावल ने अपील पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अपने प्रतिष्ठित बल्ले चुनाव चिह्न के लिए अदालती लड़ाई हारने के बाद की। हार के बाद पीटीआई के उम्मीदवार निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ने के लिए मजबूर हो चुके हैं। पार्टी ने श्री जरदारी को प्रधानमंत्री पद के लिए आधिकारिक तौर पर दल का उम्मीदवार घोषित किया है।

रिपोर्ट के मुताबिक पीपीपी की केंद्रीय कार्यकारी समिति (सीईसी) ने आम चुनाव के लिए बुधवार को पार्टी के प्रचार अभियान पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में पार्टी के चुनाव घोषणा पत्र पर चर्चा की गई जिसमें युवाओं, महिला सशक्तीकरण, रोजगार, स्वास्थ्य और शिक्षा को प्राथमिकता देने का फैसला किया गया है।

श्री बिलावल ने बलूचिस्तान के डेरा मुराद जमाली में रैली को संबोधित कर कहा, अब केवल दो पार्टियां बची हैं। आपको पीपीपी और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-एन (पीएमएल-एन) के बीच फैसला करना होगा। उन्होंने कहा कि लोगों को यह निर्धारित करने के लिए अपने वोट का उपयोग करना होगा कि क्या वे वही राजनीति जारी रखना चाहते हैं या 'नई सोच' कायम रखना चाहते हैं।

उन्होंने पीएमएल-एन प्रमुख नवाज शरीफ पर निशाना साधकर कहा, आपको यह तय करना होगा कि क्या आप देश का भाग्य उस व्यक्ति के हाथों में देना चाहते हैं, जो तीन बार प्रधानमंत्री रहा लेकिन देश के लिए कुछ भी करने में विफल रहा। अथवा आप ऐसी पार्टी को मौका देना चाहते हैं जो देश को आगे बढ़ाने के साथ-साथ सभी को साथ लेकर चले? श्री जरदारी ने कहा कि पीपीपी ने राजनीति की और 'गरीबों के लिए' चुनाव लड़ा, जबकि पीएमएल-एन सुप्रीमो चुनाव में भाग ले रहे थे ताकि उन्हें जेल जाने से बचाया जा सके। उन्होंने ने कहा, मैं केवल इसलिए चुनाव लड़ रहा हूं ताकि आपको, जनता को और पाकिस्तान के भविष्य को उन लोगों से बचा सकूं। उन्होंने कहा, आठ फरवरी के चुनाव में कोई बल्ला नहीं होगा और मुकाबला पीएमएल-एन और पीपीपी के चुनावी प्रतीकों क्रमशः बाघ और तीर, के बीच होगा। श्री जरदारी ने कहा कि अगर देश पीपीपी के पक्ष में मतदान करता है, तब पार्टी बलूचिस्तान के मुद्दों को ठीक करने के लिए ईरान-पाकिस्तान गैस पाइपलाइन को पूरा करने करने का वादा करती है।



# अफगानिस्तान को हराकर रोहित शर्मा ने की एमएस धोनी के रिकार्ड की बराबरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम ने इंदौर में खेले गए सीरीज के दूसरे टी20 मैच में अफगानिस्तान को 6 विकेट से पराजित कर टीम इंडिया ने सीरीज अपने नाम कर ली। वहीं रोहित शर्मा ने भी एक रिकार्ड बनाकर दिग्गज प्लेयर एमएस धोनी की बराबरी कर ली है। रोहित शर्मा लगातार दूसरे मैच में बल्ले से भले ही नाकाम रहे। वहीं 14 महीने बाद टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में उतरने वाले रोहित मोहाली के बाद इंदौर में भी खाता नहीं खोल पाए। हालांकि इस दौरान टीम लगातार मैच जीतने में सफल रही। बतौर कप्तान रोहित ने दिग्गज एमएस धोनी के एक रिकॉर्ड कर बराबरी कर ली है। रोहित शर्मा की बतौर कप्तान 53 टी20 मैचों में यह 41वीं जीत है। दूसरी ओर महेंद्र सिंह धोनी ने 72 टी20 मैचों में कप्तानी करते हुए भारत को 41 मैचों में जीत दिलाई है। जानकार बता रहे हैं कि रोहित बेंगलुरु में खेले जाने वाले सीरीज के तीसरे टी20 मैच को जीतकर महेंद्र सिंह धोनी को पीछे छोड़ सकते हैं।

इस तरह से रोहित 150वां टी20 इंटरनेशनल मैच खेलने उतरे थे, यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह दुनिया के पहले प्लेयर बन गए हैं।

36 वर्षीय रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत की यह 12वीं टी20 सीरीज जीत है। अब रोहित शर्मा सबसे ज्यादा टी20 सीरीज जीतने वाले भारतीय कप्तान बन गए हैं। हालांकि रोहित इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा बार जीरो पर आउट होने वाले ज्वॉइंट रूप से दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट में रोहित 12वीं बार डक हुए। रोहित से पहले रवांडा के काबरे केविन कराकोज और आयरलैंड के केविन ओ ब्रायन 12 बार शून्य पर पवेलियन लौट चुके हैं।





# निशानेबाज योगेश सिंह ने एशियाई क्वालीफायर में जीते दो स्वर्ण




**जकार्ता। (एजेंसी)।** भारतीय निशानेबाजों का एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन जारी है और योगेश सिंह ने पुरूषों की 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल स्पर्धा में सोमवार को व्यक्तिगत और टीम वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। योगेश ने 573 के स्कोर के साथ व्यक्तिगत स्वर्ण जीता। ओमान के मुराद अल बालुशी (570) दूसरे और इंडोनेशिया के अनंग यूलियांतो (567) तीसरे स्थान पर रहे। भारत के पंकज यादव (567) और अक्षय जैन (564) क्रमश- चौथे और छठे स्थान पर रहे। भारतीय तिकड़ी ने 1704 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। कुवैत में शॉटगन क्वालीफायर में राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता श्रेयसी सिंह को महिलाओं के ट्रैप वर्ग में पांचवें स्थान से संतोष करना पड़ा। वह पांच दौर में 115 अंक लेकर फाइनल में पहुंची थी लेकिन फाइनल में 19 अंक ही बना सकी। ताइपै की वान यू लियू (44) को स्वर्ण और चीन की शिंकियू झांग (39) को रजत पदक मिला। कजाखस्तान की मारिया दमित्रियेंको (30) ने कांस्य पदक हासिल किया। भारत की श्रेयसी, मनीषा कीर और भव्या त्रिपाठी ने टीम वर्ग में कुल 328 स्कोर करके रजत पदक जीता। चीन को स्वर्ण और कजाखस्तान को कांस्य मिला।

# अफगानिस्तान फतह के बाद महाकाल के दर्शन करने पहुंचे रवि बिश्नोई समेत 4 खिलाड़ी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अफगानिस्तान से जीत हासिल करने के बाद रवि बिश्नोई समेत 4 खिलाड़ी बाबा महाकाल के दर्शन करने उज्जैन पहुंचे। इस दौरान सभी ने भस्म आरती में शामिल होकर बाबा का आशीर्वाद दिया। दर्शन के बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत भी की। बता दें कि अफगानिस्तान के खिलाफ जारी तीन मैच की टी20आई सीरीज का दूसरा मुकाबला रविवार रात को इंदौर में खेला गया था। इस मुकाबले में जीत दर्ज करने के बाद टीम इंडिया के कुछ खिलाड़ी सोमवार सुबह उज्जैन के विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर की भस्म आरती में शामिल हुए। रवि बिश्नोई समेत जितेश शर्मा, वॉशिंगटन सुंदर और तिलक वर्मा ने इस आरती का आनंद उठाया और नंदी हॉल में बैठकर बाबा के दिव्य दर्शन किए। उनके श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचने का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब देखा जार हा है। महाकाल की आरती में शामिल होने के बाद टीम इंडिया के विकेट कीपर जितेश शर्मा ने मीडिया से बातचीत में कहा मैं बाबा महाकाल का भक्त हूं और समय मिलते ही बाबा के दर्शन करने आ जाता हूं, मुझे यहां आकर अद्भुत आनंद की प्राप्ति होती है।

इधर बाबा महाकाल के पहली बार दर्शन करने आए रवि बिश्नोई ने बताया विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकाल के मंदिर और यहां होने वाली भस्म आरती के बारे में सुना तो था, लेकिन आज पहली बार इस आरती में शामिल होने और इसके दिव्य दर्शन करने का मौका मिला। इस दौरान टीम के अन्य खिलाड़ी भी बाबा महाकाल के इन दर्शनों का लाभ लेकर प्रसन्न नजर आए। गौरतलब है कि भारत ने अफगानिस्तान को दूसरे टी20आई में 6 विकेट से रौंदकर तीन मैच की इस सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। टीम इंडिया ने इससे पहले मेहमानों को मोहाली में इतने ही विकटों से धूल चटाई थी।

# भारत-अफगानिस्तान के बीच तीसरे मुकाबले में बारिश बनेगी आफत !

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और अफगानिस्तान के बीच तीसरा टी20 मैच बेंगलुरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 17 जनवरी को खेला जाएगा। भारत ने पहले दोनों मैचों में जीत दर्ज कर 2-0 से सीरीज पर कब्जा कर लिया है। ऐसे में रोहित शर्मा एंड कंपनी की नजरें सीरीज को क्लीन स्वीप पर होंगे।

भारत ने मोहाली और इंदौर में अफगानिस्तान के खिलाफ आसानी से जीत दर्ज कर ली है। ऐसे में आगामी टी20 वर्ल्ड कप को देखते हुए आखिरी मैच में भारतीय टीम कुछ नया आजमाना चाहेगी। हालांकि, कयास लगाए जा रहे हैं कि बेंगलुरु में मौसम खेल बिगाड़ सकती है।

भारत बनाम अफगानिस्तान मैच के दिन बेंगलुरु में बादल छाए रहने की संभावना जताई जा रही है। 17 जनवरी के दिन मौसम सुहावना रहेगा और ज्यादातर तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है। हालांकि, मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार मैच के बीच बारिश का खतरा न के बराबर ही है।



## दोनों टीमों का स्क्वॉड

भारत- रोहित शर्मा (कप्तान), शुबमन गिल, यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), संजू सैमसन, शिवम दुबे, वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, आवेश खान, मुकेश कुमार।

**अफगानिस्तान-** इब्राहिम जादरान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इकराम अलीखिल, हजरतुल्लाह जजई, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, करीम जनत, अजमुल्लाह उमरजई, शराफुद्दीन अशरफ, मुजीब उर रहमान, फजल हक फारूकी, फरीद अहमद, नवीन उल हक, नूर अहमद, मोहम्मद सलीम, कैस अहमद, गुलबदीन नायब और राशिद खान।

## अभी संन्यास नहीं लेना चाहते थे डीन एल्गर, कोच ने भारत के खिलाफ सीरीज से ड्रॉप करने की दी थी धमकी



स्पोर्ट्स डेस्क : साउथ अफ्रीका के दिग्गज खिलाड़ी डीन एल्गर ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। इस बीच एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि एल्गर को जबरन संन्यास लेना पड़ा। उन्हें कोच शुकरी कोनराड की तरफ से मजबूर किया कि वो संन्यास ले लें। भारत के साउथ अफ्रीका दौरे के बाद से ही प्रोटियाज टीम में अंदरूनी कलह हो रही है। केपटाउन में हुए आखिरी टेस्ट महज डेढ़ दिन में ही खत्म हो गया। जिसके बाद साउथ अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड को खराब पिच के कारण निशाना भी बनाया गया। इसके बाद ही ये घटना सामने आई है। रैपोर्ट न्यूजपेपर की एक रिपोर्ट के अनुसार शुकरी कोनराड एल्गर को टीम में नहीं रखना चाहते थे। मुकाबले के पहले तक डीन एल्गर की संन्यास लेने की कोई योजना नहीं थी। लेकिन सीरीज से ड्रॉप करने की बात सामने आते ही एल्गर ने संन्यास का ऐलान कर दिया। रिपोर्ट में खुलासा किया गया कि कोच शुकरी ने एल्गर को बताया कि भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए उन्हें नहीं चुना जाएगा। कोच की इन बातों के बाद से ही एल्गर ने उनके साथ समझौता किया और अपने घरेलू फैंस के सामने आखिरी सीरीज खेलने का फैसला किया। रिपोर्ट में ये भी कहा गया कि न्यूलैंड्स में आखिरी टेस्ट मैच खेलने के बाद टीम के कुछ सीनियर खिलाड़ी एल्गर के फैसले पर दोबारा विचार करने के बारे में भी जानना चाहते थे। लेकिन एल्गर को लगा कि उनके साथ गलत व्यवहार हो रहा है जिसके चलते उन्होंने अपना फैसला नहीं बदला।

# डीपफेक का शिकार बने सचिन तेंदुलकर, फर्जी वीडियो वायरल होने के बाद लोगों को किया सतर्क

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने उस वीडियो को फर्जी बताया है जिसमें उन्हें और उनकी बेटी सारा को एक ऐप इस्तेमाल कर आसानी से पैसा कमाने के लिए कहा गया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल वीडियो में पृष्ठभूमि में तेंदुलकर को एक अलग व्यक्ति की आवाज के साथ दिखाया गया है। क्लिप में कहा गया कि तेंदुलकर की बेटी एक खास गेम खेलती है जिससे उन्हें पैसे कमाने में मदद मिलती है। क्लिप सामने आने के बाद तेंदुलकर ने सफाई देते हुए अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट डाला है। महान क्रिकेटर ने कहा कि वह 'टेक्नोलॉजी के बड़े पैमाने पर दुरुपयोग' को देखकर परेशान थे। उन्होंने 'गलत सूचना और डीपफेक के प्रसार' को रोकने की भी अपील की और लोगों से अधिक सतर्क और सावधान रहने को भी कहा। तेंदुलकर ने कहा, 'ये वीडियो फर्जी हैं। टेक्नोलॉजी का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग देखना परेशान करने वाला है। सभी से बड़ी संख्या में इस तरह के वीडियो, विज्ञापन और ऐप्स की रिपोर्ट करने का अनुरोध करें। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को शिकायतों के प्रति सतर्क और प्रतिक्रियाशील रहने की जरूरत है। गलत सूचना और डीपफेक के प्रसार को रोकने के लिए उनकी ओर से उचित कार्रवाई महत्वपूर्ण है।'



# कर्नाटक के प्रखर चतुर्वेदी ने रचा इतिहास, घरेलू क्रिकेट में किया ब्रायन लारा जैसा कमाल

नई दिल्ली ~ कर्नाटक के प्रखर चतुर्वेदी ने कूच बिहार ट्रॉफी के फाइनल में मुंबई के खिलाफ इतिहास रचते हुए नाबाद 404 रन की पारी खेली है। इससे पहले ब्रायन लारा टेस्ट क्रिकेट में 400 रन का आंकड़ा तोड़ने वाले एकमात्र क्रिकेटर हैं और उन्होंने यह काम अपने करियर के आखिरी दौर में किया था। प्रखर ने कर्नाटक के लिए पारी की शुरुआत की और पारी घोषित करने तक नाबाद रहे उन्होंने 638 गेंदों का सामना करते हुए 46 चौके और तीन छक्के लगाए। वह कूच बिहार ट्रॉफी के फाइनल में एक पारी में 400 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज हैं। उनकी पारी के दम पर कर्नाटक ने अपनी पहली पारी घोषित करने से पहले 223 ओवरों में आठ विकेट के नुकसान पर 890 रनों का विशाल स्कोर बनाने में कामयाबी हासिल की। दिलचस्प बात यह है कि उसी मैच में भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के बेटे समित द्रविड़ ने भी पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 46 गेंदों पर 22 रन बनाए। हर्षिल धर्मानी पारी के दूसरे शतकवीर थे, जिन्होंने 228 गेंदों पर 19 चौकों और पांच छक्कों की मदद से 169 रन बनाए। प्रखर ने दूसरे विकेट के लिए उनके साथ 290 रन जोड़े और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मील का पत्थर के बाद पारी घोषित होने से पहले समर्थ एन के साथ नौवें विकेट के लिए नाबाद 163 रन की साझेदारी भी की। जहां तक मैच की बात है तो टूर्नामेंट का फाइनल केएससीए नेवुले स्टेडियम में खेला गया था। पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला करने के बाद कर्नाटक बैकफुट पर था क्योंकि सलामी बल्लेबाज आयुष म्हात्रे के 145 रनों की मदद से मुंबई ने पहली पारी में 380 रन बनाए। कर्नाटक के लिए समित द्रविड़ ने गेंदबाजी करते हुए दो विकेट भी चटकाए। हालांकि जब प्रखर चतुर्वेदी मैदान पर उतरे तो सब कुछ फीका पड़ गया और उन्होंने 404 रन बनाकर अपनी एक अलग पहचान बना ली।



# ओलंपिक क्वालीफायर: इटली पर बड़ी जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में जगह बनाने उतरेगा भारत

**रांची (एजेंसी)।** पहला मैच गंवाने के बाद दूसरे मैच में जीत दर्ज करके अपना अभियान पटरी पर लाने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम मंगलवार को यहां इटली की कम रैंकिंग वाली टीम पर बड़ी जीत दर्ज करके एफआईएच महिला ओलंपिक क्वालीफायर के सेमीफाइनल में जगह बनाने की कोशिश करेगी।

विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज भारत की टूर्नामेंट में शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसे पूल बी के अपने पहले मैच में 12वें रैंकिंग वाले अमेरिका से 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। सविता पूनिया की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने हालांकि अपने दूसरे मैच में न्यूजीलैंड को 3-1 से हराकर पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को कायम रखा।

एशियाई खेलों के जरिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के बाद भारतीय टीम के पास इस साल होने वाले ओलंपिक खेलों में जगह बनाने का यह आखिरी मौका है। इस टूर्नामेंट में शीर्ष पर रहने वाली तीन टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी। अमेरिका दो मैच में जीत दर्ज करके पूल बी में शीर्ष पर है जबकि भारत और न्यूजीलैंड के तीन-तीन अंक हैं। गोल अंतर में हालांकि भारतीय टीम न्यूजीलैंड से पीछे है। ऐसी स्थिति में भारत को विश्व में 20वें नंबर की इटली की टीम के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करनी होगी।



दोनों पूल से पहले दो स्थान पर रहने वाली टीम सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। सेमीफाइनल गुरुवार को खेले जाएंगे। भारतीय टीम ने अगर अमेरिका के खिलाफ अपने शुरुआती मैच में लचर प्रदर्शन किया तो न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले मैच में उसने शानदार खेल दिखाया। टीम अब इटली के खिलाफ अपनी इस लय को बरकरार रखने की कोशिश करेगी। भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ रक्षा पंक्ति, मध्य पंक्ति और अग्रिम पंक्ति में शानदार तालमेल दिखाया।

कोच यानेक शोपमैन को उम्मीद रहेगी कि टीम अगले मैच में भी इसी तरह का प्रदर्शन करेगी। भारत की सबसे बड़ी समस्या पेनल्टी कार्नर को गोल में नहीं बदल पाना है। उसने दो मैच में अभी तक 13 पेनल्टी कार्नर हासिल किए हैं लेकिन उनमें से केवल एक बार ही गोल कर पाया। इटली ने अभी तक अपने दोनों मैच गंवाए हैं और वह क्वालीफाई करने की दौड़ से बाहर हो गया है लेकिन उसकी टीम भारत के राह में रोड़ा बन सकती है और इसलिए सविता पूनिया की टीम अपने इस प्रतिद्वंद्वी को हल्के से लेने की गलती नहीं करेगी।

भारतीय कोच शोपमैन ने अपने खिलाड़ियों को इटली से सतर्क रहने की हिदायत देते हुए कहा, 'यह मैच कड़ा हो सकता है क्योंकि इटली की टीम भी अर्जेंटीना की तरह साहसिक खेल खेलती है। हमें धैर्य बनाए रखना होगा। हमें हर हाल में पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलना होगा।% भारत के लिए यह फायदे की बात है कि उसे अपना मैच अमेरिका और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले मैच के बाद खेलना है। इससे उसके सामने तस्वीर स्पष्ट होगी कि उसे कितने अंतर से जीत दर्ज करनी है।

# टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज : गुकेश नें दी चीन के वे यी को मात




विज्क आन जी, नीदरलैंड। 86वें टाटा स्टील सुपर ग्रांड मास्टर्स शतरंज के दूसरे दिन खेले गए सात मुकाबलों में कुल 3 के परिणाम जीत और हार के तौर पर सामने आए जबकि चार मुक़ाबले बेनतीजा रहे। दूसरे दिन भी फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा नें शानदार जीत दर्ज की उन्होने इस मैच में सफ़ेद मोहरो से खेलते हुए बर्लिन डिफेंस ओपनिंग में 43 चालों में खेल अपने नाम किया, अलीरेजा की यह लगातार दूसरी जीत रही और फिलहाल उन्होने एकल बढ़त बना ली है। दिन की दूसरी जीत रही भारत के डी गुकेश के नाम जिन्होने चीन के वे यी पर काले मोहरो से इटेलिअन ओपनिंग में शानदार जीत दर्ज की, गुकेश इस जीत के साथ ही सयुंक्त दूसरे स्थान पर पहुँच गए है एक और मुक़ाबले में नीदरलैंड के मैक्स वार्मेर्दन नें हमवतन योर्डन वान फॉरेस्ट को पराजित किया। अन्य चार मुकाबलों में भारत के विदित गुजराती नें नीदरलैंड के अनीश गिरि से, भारत के आर प्रज्ञानन्दा नें उज़्बेकिसतान के अब्दुसत्तोरोव नोदिरबेक से, रूस के यान नेपोमनिशी नें चीन की महिला विश्व शतरंज चैम्पियन जू वेंजून से, चीन के डिंग लीरेन नें जर्मनी के अलेक्ज़ेंडर दोनचेंकों से बाजी ड्रॉ खेली।

# अश्विन सीमित ओवरों के लिए सही खिलाड़ी नहीं : युवराज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंड युवराज सिंह ने कहा है कि अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन खेल के लंबे प्रारुप के एक अहम खिलाड़ी हैं पर सीमित ओवरों के क्रिकेट के लिए वह ठीक नहीं हैं। युवराज ने कहा कि एकदिवसीय और टी20 टीम में उन्हें जगह नहीं मिल सकती है। युवराज ने कहा, अश्विन एक महान गेंदबाज हैं पर मुझे नहीं लगता कि वह एकदिवसीय और टी20 में जगह बना सकते हैं। वह गेंदबाजी अच्छी करते हैं पर बल्लेबाजी में क्या करते हैं? या एक क्षेत्ररक्षक के तौर पर वह क्या करते हैं? टेस्ट टीम में भले ही उन्हें होना चाहिए लेकिन सफेद गेंद वाले क्रिकेट में जगह के वह अधिकारी नहीं हैं। युवराज ने टी20 में विराट और रोहित के भविष्य पर कहा- कई युवा खिलाड़ी टी20 में बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। यह बात भी ध्यान में रखनी चाहिए कि अनुभव का कोई विकल्प नहीं हो सकता। अमेरिका और वेस्टइंडीज में जून में होने वाले टी20 विश्वकप में रोहित और विराट के होने से अंतर पड़ेगा। अफगानिस्तान के खिलाफ 3 मैचों की टी20 सीरीज में रोहित शर्मा कप्तानी कर रहे हैं। वहीं अश्विन ने टी20 विश्व कप के बाद से ही नहीं खेला है। अभी वह योजनाओं में भी शामिल नहीं दिख रहे हैं।



# ग्रैंडस्लैम मैच के दौरान प्रिजमिच पड़े भारी, फिर भी जोकोविच ने दी मात



मेलबर्न। क्रोएशियाई क्वालीफायर डिनो प्रिजमिच से मिली चुनौती को पस्त करते हुए रविवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन के चार घंटे तक चले पहले दौर के मुकाबले में गत चैम्पियन नोवाक जोकोविच ने 6-2, 6-7 (5), 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की। हालां ?कि प्रिजमिच कभी भी ग्रैंडस्लैम का मैच नहीं खेले थे और उनका जन्म जोकोविच के 2005 में ग्रैंडस्लैम पदार्पण करने के सात महीने बाद हुआ था। पर उन्होंने 24 बार के मेजर विजेता को तब जमकर परेशान किया। मेलबर्न पार्क में 2005 में ग्रैंडस्लैम पदार्पण करने वाले जोकोविच ने आस्ट्रेलियाई ओपन में ऐसा रिकॉर्ड बना दिया है जिसकी बराबरी शायद ही कोई अन्य खिलाड़ी कर सकेगा। वह यहां 10 खिताब अपने नाम कर चुके हैं। पहला सेट उम्मीद के अनुरूप हुआ लेकिन दूसरे सेट में प्रिजमिच ने बराबरी हासिल की और फिर तीसरे को ब्रेक तक ले गए जिससे दर्शकों को काफी हैरानी हुई थी। लेकिन फिर दुनिया के नंबर एक रैंकिंग के खिलाड़ी ने वापसी कर सेट जीत लिया। इधर प्रिजमिच ने चौथे सेट में भी हार नहीं मानी जब वह 0-4 से पिछड़ रहे थे। उन्होंने तीन मैच प्वाइंट बचाकर स्कोर 5-3 कर दिया। अंत में जोकोविच ने चार घंटे एक मिनट तक चले मुकाबले को समाप्त किया। इस पर जोकोविच ने कहा ?कि वह प्रशंसा का पात्र है, आज रात श्रेय उसे जाता है। 18 साल के खिलाड़ी के लिए यह शानदार प्रदर्शन है जिसे बड़े मंच पर खेलने का कोई अनुभव नहीं हो।

# विराट कोहली को गले लगाना पड़ा महंगा, पुलिस ले गई पकड़कर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को गले लगाने वाले शख्स को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल रविवार को अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 मुकाबले के दौरान एक शख्स विराट कोहली से मिलने गया और विराट को गले लगा लिया। हालांकि विराट ने 14 महीने के बाद इस फॉर्मेट में वापसी की। इस मैच के दौरान एक फैन उनसे मिलने सुरक्षा घेरा तोड़कर जा पहुंचा, जिस बाद में पुलिस ने पकड़कर थाने पहुंचा दिया। मिली जानकारी के अनुसार अफगानिस्तान के खिलाफ खेली जा रही टी20 सीरीज पर भारत ने कब्जा जमा लिया है। 3 मैचों की सीरीज के लगातार दो मुकाबले जीतकर टीम इंडिया ने यह कामयाबी हासिल की। इंदौर में खेले गए दूसरे मुकाबले में मेहमान टीम ने 172 रन बनाए थे। यशस्वी जायसवाल और शिवम दुबे की तूफानी फिफ्टी के दम पर भारतीय टीम ने आसान जीत दर्ज की। दोनों ही टी20 मुकाबले में टीम इंडिया ने 6 विकेट की एकतरफा जीत हासिल की। 429 दिनों के बाद टी20 इंटरनेशनल में वापसी करने वाले विराट कोहली ने मैच में अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से सबको प्रभावित किया। टी20 विश्व कप से पहले वापसी के बाद ऐसी पारी से उनके टूर्नामेंट में खेलने की उम्मीद और बढ़ी है।

इस मैच में बल्लेबाजी पर आने से पहले विराट कोहली से साथ कुछ ऐसा हुआ जो कई बार देखा गया है। मैच के दौरान एक शख्स उनके पास पहुंचा और पैर छूने के बाद गले से लगाया। विराट कोहली जब अफगानिस्तान की बल्लेबाजी के दौरान 18वें ओवर में बाउंड्री पर फील्डिंग कर रहे थे तभी एक फैन सुरक्षा घेरा को तोड़ते हुए उनके पास पहुंच गया। शख्स दौड़ लगाते हुए विराट कोहली के पास पहुंचा। सबसे पहले तो उसने झुककर अपने स्टार के पैर छुए और फिर उनको सीने से लगाकर लिपट गया। कुछ देर हग करने में वह कामयाब रहा और इसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने वहां आकर उनको पकड़ा। इस घटना के बाद शख्स को पुलिस पकड़कर थाने ले गई।



# इस अभिनेता के साथ काम करना चाहती हैं 12वीं फेल अभिनेत्री मेधा?

वर्ष 2023 में रिलीज हुई फिल्म 12वीं फेल समीक्षकों और दर्शकों दोनों को खूब पसंद आई। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी जबरदस्त कमाई की। फिल्म के कलाकारों के जबरदस्त अभिनय की भी दर्शकों ने खूब सराहना की। विक्रांत मैसी अभिनीत यह फिल्म ओटीटी पर भी रिलीज हुई, जिसके बाद फिल्म की लोकप्रियता आसमान छू गई है और इसके किरदार रातों-रात मशहूर हो गए हैं। वहीं, इस फिल्म की मुख्य अभिनेत्री मेधा शंकर ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में रणबीर कपूर के साथ काम करने की इच्छा जताई। इसके अलावा मेधा ने यह भी बताया कि अभिनय में अपना करियर बनाने के लिए उन्होंने कैसे अपने पिता को मनाया था।



## रणबीर के साथ काम करना चाहती हैं मेधा

मेधा शंकर से पूछा गया कि वे किस बॉलीवुड अभिनेता के साथ काम करना चाहती हैं? इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा, मैं रणबीर कपूर के साथ काम करना चाहती हूं। अभिनेता की तारीफ करते हुए मेधा ने कहा, मैं उनकी बहुत बड़ी फैन हूं। रणबीर कला में माहिर हैं, वे अपने किरदार में बखूबी ढल जाते हैं।

अभिनेत्री ने अभिनय में अपना करियर बनाने के लिए कैसे अपने पिता को समझाया इस बारे में बात की। मेधा ने कहा, मैं एक मध्यम वर्गीय परिवार से हूं। मेरे पिता मुझे पढ़ने के लिए प्रेरित करते थे, लेकिन जब मैंने उनसे कहा कि मैं एक अभिनेत्री बनना चाहती हूं, तो उन्हें बड़ा झटका लगा। उन्होंने मुझसे कहा, क्या तुमने अपने सोचने समझने की शक्ति खो दी है।

## पिता से लिया दो वर्ष का समय

अभिनेत्री ने बताया कि उनके पिता का मानना था कि अभिनय में करियर बनाने का विचार उन लोगों का होता है, जो पढ़ाई में संघर्ष करते हैं। हालांकि, मैंने अपनी मास्टर डिग्री पूरी कर ली थी। मैंने अपने पिता से अभिनय में करियर बनाने के लिए दो वर्ष का समय मांगा। मैं उन दो वर्षों के अंदर कुछ भी नहीं कर पाई, मेरे पिता ने आगे कुछ और करने के बारे में कहा, लेकिन मैं अपना करियर अभिनय में ही बनाना चाहती थी।

मैंने फिर अपने पिता से दो वर्ष का समय देने के लिए कहा, इस विश्वास के साथ कि इस बार मैं मुंबई जाकर अपना सपना पूरा करूंगी।

## 12वीं फेल स्टार कास्ट

विक्रांत मैसी की फिल्म की बात करें, तो इस फिल्म को विधु विनोद चोपड़ा ने निर्देशित किया है। 12वीं फेल में मेधा शंकर, संजय बिश्नोई, अंशुमान पुष्कर और अन्य ने महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं।

यह फिल्म आईपीएस मनोज शर्मा की सच्ची कहानी पर आधारित है, जो अपनी गरीबी और हर संघर्ष का सामना करते हुए आईपीएस अधिकारी बनते हैं। इस फिल्म में उनकी आईआरएस अधिकारी पत्नी श्रद्धा जोशी के साथ उनके सफर को दिखाया गया है, जो उनके कठिन समय में उनके पूरा साथ देती हैं।

# विधु विनोद चोपड़ा की 12 वी फेल को एशिया-यूरोप यंग फिल्म फेस्टिवल में मिला स्टैंडिंग ओवेशन!

मशहूर फिल्ममेकर विधु विनोद चोपड़ा के निर्देशन बनीं 12वीं फेल हर तरफ छाई है। विक्रांत मैसी और मेधा शंकर स्टारर यह फिल्म 2023 की सफल फिल्मों में से एक है। 27 अक्टूबर, 2023 को रिलीज़ हुई इस फिल्म ने जनता और दर्शकों से असाधारण प्रतिक्रिया हासिल की है, जो इसकी कहानी और मुख्य अभिनेता के प्रदर्शन की तारीफ करते नहीं थके। इसने हाल ही में देश भर के सिनेमाघरों में दो महीने का ब्लॉकबस्टर प्रदर्शन पूरा किया है और अब फिल्म इंटरनेशनल लेवल पर भी देश का नाम रोशन कर रही है।




## 12 वी फेल को एशिया-यूरोप यंग फिल्म फेस्टिवल में मिला प्यार

जी हां, हाल ही में इस फिल्म को एशिया-यूरोप यंग फिल्म फेस्टिवल में दिखाया गया। इस दौरान फिल्म को दर्शकों से बेहतरीन प्रतिक्रिया मिली, जिन्होंने इसे स्टैंडिंग ओवेशन दी। ऐसे में विधु विनोद चोपड़ा ने स्क्रीनिंग इवेंट की एक झलक शेयर करते हुए सोशल मीडिया पर कैप्शन में लिखा, एशिया-यूरोप यंग सिनेमा फेस्टिवल (मकाऊ) में गर्मजोशी भरे स्वागत की एक झलक। स्टैंडिंग ओवेशन और उत्साहपूर्ण स्वागत के साथ - 12वीं फेल ने इंटरनेशनल टेस्ट भी पास कर लिया है!

प्रमुख फिल्म महोत्सव में फिल्म की स्क्रीनिंग वास्तव में पूरी टीम के लिए जश्न मनाने का एक सुनहरा मौका लेकर आई थी, और इसमें फिल्म निर्माता विधु विनोद चोपड़ा और अन्य महत्वपूर्ण सदस्य शामिल हुए थे। सिनेमाघरों में अपनी शानदार सफलता के बाद, फिल्म को प्रमुख डिजिटल प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस पर डिजिटल रिलीज पर भी अच्छी प्रतिक्रिया मिली। 12वीं फेल को जनता से मिल रहा प्यार और तारीफ दर्शाती है कि कंटेंट को दुनिया में चमकने और दर्शकों के दिलों पर राज करने से कोई नहीं रोक सकता। फिल्म ने बाधाओं को तोड़ दिया, शब्द को फिर से परिभाषित किया और असाधारण कंटेंट में दर्शकों का भरोसा फिर ने जिंदा किया।

सच्ची कहानी पर आधारित 12वीं फेल उन लाखों छात्रों के संघर्ष पर आधारित है जो यूपीएससी प्रवेश परीक्षा देते हैं। लेकिन साथ ही, यह उस एक परीक्षा से आगे निकल जाती है और लोगों को असफलता की स्थिति में हिम्मत न हारने और रि-स्टार्ट के लिए प्रोत्साहित करती है।

# 3 पद्मश्री पुरस्कारों से सम्मानित फेमस सिंगर प्रभा अत्रे का निधन



मशहूर गायिका प्रभा अत्रे ने आज सुबह 92 साल की उम्र में आखिरी सांस ली। उनका निधन दिल का दौरा पड़ने से हुआ है। दिल का दौरा पड़ने के बाद उन्हें पुणे के दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल लेकर गए थे। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनका निधन हो गया था। उनका मुंबई में एक कार्यक्रम था. वह इस कार्यक्रम में हिस्सा ले पाती कि उससे पहले ही उन्हें दिल का दौरा पड़ गया था। प्रभा अत्रे का जन्म पुणे में 13 सितंबर 1932 को हुआ था। प्रभा जब 8 साल की थीं, तो उनकी मां इंदिराबाई अत्रे की हेल्थ खराब होने लगी थी। तब उनके किसी ने दोस्त ने क्लासिकल म्यूजिक सुनने की सलाह दी और कहा कि इससे उनकी हेल्थ में सुधार होगा। इसके बाद वह क्लासिकल म्यूजिक सुनने लगीं थीं। तभी से प्रभा बचपन से ही म्यूजिक का शौक का था। साल 1990 में उन्हें पद्मश्री, साल 2002 में पद्म भूषण और 2022 में पदम विभूषण से सम्मानित किया गया था।



## रीना दत्ता ने लाडली के लिए लिखा प्यारा नोट

# मैं हमेशा तुम्हारे साथ खड़ी हूं, मेरी प्यारी बच्ची

आयरा खान और नूपुर शिकरे ने जिंदगी के नए अध्याय की शुरुआत की है। दोनों उदयपुर में भव्य शादी रचाकर मुंबई लौट चुके हैं। नई-नवेली जोड़ी की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। आमिर खान और रीना दत्ता की लाडली व्हाइट गाउन में खूबसरत लग रही थीं। हाल ही में रीना दत्ता ने आयरा के लिए एक स्पेशल नोट लिखा है। रीना दत्ता ने बेटी की शादी की तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की है। यह कैंडिड फोटो है। इसमें आयरा खान अपने पिता आमिर खान की तरफ देख हंस रही हैं। बाप-बेटी के बीच कुछ बातचीत चल रही है। वहीं, रीना दत्ता भी पीछे खड़ी मुस्कुरा रही हैं। तस्वीर में आमिर खान और किरण राव के बेटे आजाद की झलक भी नजर आ रही है। ये तस्वीर साझा करते हुए रीना दत्ता ने लिखा है, मैं हमेशा तुम्हारे साथ खड़ी हूं मेरी बेबी गर्ल। आयरा आई लव यू। मां के इस प्यारे से नोट पर आयरा ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने लिखा है, मुझे पता है मम्मा। इसीलिए, मैं सुरक्षित महसूस करती हूं। आई लव यू। इसके साथ आयरा ने ढेर सारे लव इमोजी बनाए हैं। आयरा की कजिन जैन मेरी ने भी कमेंट करते हुए लिखा है, लव यू चाचीजान। रीना दत्ता के दामाद नूपुर ने पोस्ट पर कई हार्ट इमोजी बनाए हैं। इसके अलावा रीना दत्ता की समधन यानी आयरा की सासू मां ने भी कमेंट किया है। आयरा की इस तस्वीर पर यूजर्स ने कमेंट्स की झड़ी लगा दी है।

# यूट्यूबर भुवन बाम ने दिल्ली के ग्रेटर कैलाश में 11 करोड़ रुपये का बंगला खरीदा



दिल्ली के लोकप्रिय सोशल मीडिया डिजिटल कंटेंट क्रिएटर और यूट्यूबर भुवन बाम ने राष्ट्रीय राजधानी के पॉश ग्रेटर कैलाश इलाके में 11 करोड़ रुपये में एक बंगला खरीदा है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।सूत्रों का दावा है कि उन्हें खरीद-संबंधी दस्तावेज़ की एक प्रति मिल गई है। सूत्रों के मुताबिक, मशहूर यूट्यूबर ने अपने साउथ दिल्ली वाले घर के लिए करीब 77 लाख रुपये की स्टांप ड्यूटी चुकाई है।सूत्रों ने कहा कि बाम के नए घर का भूमि क्षेत्र लगभग 1,937 वर्ग फुट है और बंगले का कुल क्षेत्रफल 2,233 वर्ग फुट है, जो पॉश संपत्ति के दस्तावेजों द्वारा समर्थित है।बाम यूट्यूब पर बीबी की वाइन्स नामक अपने कॉमेडी चैनल के लिए जा[ने] जाते हैं।सूत्रों ने बताया कि 7 अगस्त, 2023 क[ो] दिल्ली में इस संपत्ति की रजिस्ट्री हुई थी।सोशल मीडिया पर बाम के दर्शक उन्हें एक हास्य अभिनेता, लेखक, गायक और गीतकार के रूप में पसं[द] पहचानते हैं।

# ओटीटी पर गूँजी टाइगर-3 की दहाड़, 14 देशों में बनी नम्बर-1

सलमान की फिल्म टाइगर 3 ने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड सेट कर दिया है। फिल्म हिट साबित हो रही है। 7 जनवरी को ग्लोबल स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम पर टाइगर 3 रिलीज होने के बाद से सोशल मीडिया इसका सेंसेशन बढ़ गया है। इस सक्सेस को देखते हुए सलमान ने मीडिया से अपनी खुशी व्यक्त की है। सलमान ने कहा, टाइगर फ्रेंचाइजी को पहली फिल्म से ही जबरदस्त प्यार मिला है, चाहे वह थिएट्रिकल रूप से हो, सैटेलाइट पर या स्ट्रीमिंग पर! इसलिए, यह देखना आश्चर्यजनक लगता है कि टाइगर 3 की तीसरी किस्त पहले सिनेमाघरों में और अब स्ट्रीमिंग पर कैसे हिट रही है। मैं अपने सोशल मीडिया के माध्यम से अपने दर्शकों के साथ निकट संपर्क में हूं और अब टाइगर 3 ओटीटी पर आने के बाद मैं प्यार का प्रवाह देख सकता हूं। एक अभिनेता के रूप में मेरा सबसे बड़ा और एकमात्र काम लोगों का भरपूर मनोरंजन करना है और मुझे खुशी है कि टाइगर 3 को दुनिया भर के लोग पसंद कर रहे हैं। टाइगर 3 एक ऐसी फिल्म है जो मेरे दिल के बहुत करीब है. इसलिए, जब यह सिनेमाघरों में हिट हुई तो यह बेहद व्यक्तिगत लगा और अब जब यह रिलीज होने के कुछ ही दिनों के भीतर ओटीटी प[र] हिट हो गयी है. टाइगर लोगों का मनोरंजन करने के लिए हमेश[ा] मौजूद होगा. सलमान खान, कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी अभिनी[त] वाईआरएफ की टाइगर 3 ने दुनिया भर में 472 करोड़ का कलेक्शन करके बॉक्स ऑफिस पर जबरदस[्त] धमाल मचाया.






# अपने तय समय 15 अगस्त को ही प्रदर्शित होगी पुष्पा-2, सिंघम अगेन से होगा टकराव

वर्ष 2024 की बहुप्रतीक्षित और बहुप्रचारित फिल्म पुष्पा-2 का दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार है। इस फिल्म को लेकर पिछले कुछ समय से यह कहा जा रहा था कि यह फिल्म अपने तय समय 15 अगस्त को प्रदर्शित नहीं होगी। हालांकि फिल्म निर्माताओं ने इन समाचारों को पूरी तरह से निराधार बताया है और कहा है कि फिल्म अपने तय समय पर ही प्रदर्शित होगी। फिल्म की शूटिंग फुल स्पीड से चल रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, डायरेक्टर सुकुमार और अल्लू ने फैसला किया है मई 2024 तक शूटिंग खत्म करनी है।

100 दिनों का शूट अभी रहता है और टीम लगातार 5 महीने तक काम कर रही है ताकि फिल्म की शूटिंग जल्द खत्म हो। पुष्पा 2 के बाकी एक्टर्स ने भी अपनी सारी डेट्स सुकुमार को दी हुई हैं ताकि पुष्पा 2 की रिलीज में देरी ना हो। फिल्म में जबरदस्त वीएफएक्स शॉट्स होंगे और काफी ड्रामा और एक्शन पुष्पा 2 में देखने को मिलेगा। पुष्पा 2 बड़े पर्दे पर 15 अगस्त को ही रिलीज होगी। रोहित शेट्टी द्वारा डायरेक्टेड फिल्म सिंघम अगेन भी 15 अगस्त को रिलीज हो रही है। अब तक लग रहा था कि पुष्पा 2 के मेकर्स इस टक्कर से बचने के लिए फिल्म को बाद में रिलीज करेंगे, लेकिन लगता है उनका ऐसा कोई इरादा नहीं है। तो अब 15 अगस्त पर एक बड़ा क्लैश दर्शकों को देखने को मिलने वाला है।

पुष्पा 2 और सिंघम अगेन की कड़ी टक्कर होगी। इस टक्कर में कौन बाजी मारेगा ये देखना दिलचस्प होगा। सिंघम अगेन की बात करें तो इस बार रोहित शेट्टी कई स्टार्स को साथ लेकर आए हैं। फिल्म में अजय देवगन, रणवीर सिंह, अक्षय कुमार, करीना कपूर खान, टाइगर श्रॉफ और दीपिका पादुकोण लीड रोल में हैं।

# 42 करोड़ की गुंटूर कारम बनी वर्ष की पहली बड़ी ओपनर फिल्म, मचाया तहलका



महेश बाबू स्टारर फिल्म गुंटूर कारम का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था। फिल्म 12 जनवरी को लंबे इंतजार के बाद आखिरकार थिएटर्स में रिलीज हो गई है। महेश बाबू काफी लंबे समय से पर्दे से दूर थे। वे आखिरी बार साल 2022 की फिल्म सरकारू वारी पट्टा में दिखाई दिए थे और साल 2023 में महेश बाबू की कोई फिल्म रिलीज नहीं हुई। साल 2024 की शुरुआत में ही उनकी फिल्म गुंटूर कारम रिलीज हो गई है जिसने रिलीज के साथ ही रिकॉर्ड बना लिया है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक गुंटूर कारम ने पहले ही दिन 42 करोड़ की शानदार ओपनिंग की है। पहले दिन की कमाई के साथ फिल्म ने साल 2024 की सबसे बड़ी ओपनर का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है।

## गुंटूर कारम ने तोड़ा गदर 2 का रिकॉर्ड

महेश बाबू की गुंटूर कारम ने अपने ओपनिंग कलेक्शन के साथ सनी देओल की पिछले साल रिलीज हुई ब्लॉकबस्टर फिल्म गदर 2 का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। जहां गुंटूर कारम ने पहले दिन 42 करोड़ कमाए हैं तो वहीं गदर 2 ने 40 करोड़ रुपए की ओपनिंग की थी। महेश बाबू की गुंटूर कारम ने अपने ओपनिंग कलेक्शन के साथ सनी देओल की पिछले साल रिलीज हुई ब्लॉकबस्टर फिल्म गदर 2 का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। जहां गुंटूर कारम ने पहले दिन 42 करोड़ कमाए हैं तो वहीं गदर 2 ने 40 करोड़ रुपए की ओपनिंग की थी।

## गुंटूर कारम की कास्ट

गुंटूर कारम को त्रिविक्रम श्रीनिवास ने निर्देशन किया है। फिल्म में महेश बाबू लीड रोल में नजर आए हैं तो वहीं उनके साथ श्रीलीला और मीनाक्षी चौधरी भी अहम भूमिका में हैं। इसके अलावा जगपति बाबू, राम्या कृष्णन और जयराम भी फिल्म का हिस्सा हैं।